
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-134 ❒ रविवार, 14 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारतीय युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखना अत्यंत हर्ष का विषय है। देश के युवा नवाचार और तकनीक आधारित क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी

ड्रोन के जरिए दूरस्थ गांव पहुंचेगी डाक : सिंधिया 11

केंद्रीय मंत्री निषाद ने आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियां गिनाईं 12

## संक्षेप

### शाह ने जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति को सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने का निर्देश दिया है । श्री शाह ने शनिवार को यहां एक बैठक में समिति को यह निर्देश दिया। उन्होंने समिति को स्थिति का आकलन करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों, महानगरों और औद्योगिक नगरों का दौरा करने का भी निर्देश दिया। गृह मंत्रालय ने अवैध प्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से देश में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए एक 'उच्च-स्तरीय समिति' का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य धार्मिक तथा सामाजिक समुदायों के स्तर पर जनसंख्या बदलाव के पैटर्न का विश्लेषण कर राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को संबोधित करते हुए इस समिति की घोषणा की थी। वहीं, गृह मंत्रालय ने पिछले महीने ही इसके सदस्यों की घोषणा की थी। इस समिति में जनगणना आयुक्त के साथ-साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस) के पूर्व अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि शामिल हैं।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कल से शुरू करेगी कमर्शियल उड़ानें

**गाजियाबाद।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार 15 जून से कमर्शियल उड़ानें शुरू होने जा रही हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पहले दिन 8 विमानों की आवाजाही होगी। हवाई अड्डे पर पहली उड़ान लखनऊ से आएगी जो यहां सुबह 8:05 बजे लैंड करेगी। यहां से जाने वाली पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए सुबह 8:35 बजे रवाना होगी। ये विशेष उड़ानें होंगी। इनके अलावा बेंगलुरु से नोएडा और नोएडा से लखनऊ के लिए भी पहले दिन विशेष उड़ानों का परिचालन किया जाएगा। पहले दिन ही हैदराबाद और अमृतसर के लिए नियमित उड़ानों का परिचालन भी शुरू होगा। हैदराबाद से आने वाली उड़ान यहां सुबह 8:35 बजे लैंड करेगी और वापसी की उड़ान अपराह्न 2:50 बजे रवाना होगी। अमृतसर के लिए दैनिक उड़ान सुबह 10:10 बजे रवाना होगी और वहां से पहली उड़ान दोपहर बाद 1:20 बजे नोएडा पहुंचेगी। पहले दिन सभी उड़ानें इंडिगो की होंगी। इंडिगो अगले दिन 16 जून से नोएडा से बेंगलुरु और जम्मू के लिए नियमित उड़ानें शुरू करेगी। ये सभी दैनिक उड़ानें होंगी। विमान सेवा कंपनी अकासा एयर भी 16 जून को नोएडा से बेंगलुरु और नवी मुंबई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने वाली है। नवी मुंबई की उड़ान सुबह 10:15 बजे और बेंगलुरु की शाम 7:55 बजे रवाना होगी।

# बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं: मुख्यमंत्री

एजेंसी

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पिछले दिनों कुछ लोगों ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ गलत टिप्पणी की थी। जैसे ही यह मेरे संज्ञान में आया, मैंने तत्काल पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं होनी चाहिए। हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कार में पले-बढ़े हैं, जहां कहा जाता है कि गांव की बेटी-बहन, सबकी बेटी-बहन। अखिलेश यादव दूसरों को उपदेश देते हैं, वह अपने चेलों-चपाटों को भी उपदेश दें कि भाषा संयमित कर लें। उनके लोग बहन-बेटियों, बुजुर्गों, दिवंगत लोगों व वरिष्ठ नेताओं के प्रति कैसी टिप्पणी करते हैं, उन्हें अपने लोगों को संस्कारित करने की आवश्यकता है। अच्छा होगा कि उन्हें समझाएं, नहीं समझा सकते तो हमारे हवाले कर दें, हम समझा देंगे।

सीएम योगी शनिवार को आजमगढ़ में 955 करोड़ से अधिक लागत की 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने घोषणा की कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में उनकी भव्य अश्वारोही प्रतिमा लगेगी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को



**योगी बोले**

- ❒ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बेटी पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को सीएम की कड़ी चेतावनी, मामला संज्ञान में आते ही कराई गई एफआईआर
- ❒ दूसरों को उपदेश देने वाले अखिलेश यादव भी अपने चेलों-चपाटों को समझाएं कि भाषा संयमित कर लें: मुख्यमंत्री
- ❒ नया भारत गुलामी के किसी प्रतीक चिह्न को स्वीकार नहीं करेगा, बहराइच में अब महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक

पुरानी जेल को कन्वेंशन सेंटर के रूप में तैयार करने के लिए कार्ययोजना बनाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ का गौरवशाली इतिहास रहा है। ऋषि-मुनियों की साधना से पवित्र यह धरती साहित्यिक साधना का केंद्रबिंदु रही है। देश को स्वतंत्र कराने का जज्बा इस जनपद में रहा है। जिस जनपद में हस्तशिल्प, कारीगर, किसान, ऊर्जावान युवा हैं, वह जनपद पहचान के लिए क्यों मोहताज हुआ। यह प्रश्न/पीड़ा लेकर मैं बार-बार आजमगढ़ आता हूं। जिन्होंने हमें बांटा और विभाजित किया, वे लगातार आपका समर्थन पाते थे, लेकिन वे कभी आपके हितैषी नहीं थे। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले आजमगढ़ पहचान के लिए मोहताज था। तब यहां विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय नहीं था। एयरपोर्ट भी ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। आजमगढ़ की साड़ी और मुबारकपुर की ब्लैक पॉटरी को मंच नहीं मिल पा रहा था। अभी प्रदर्शनी में सबने अपने नई कहानी सुनाई। ब्लैक पॉटरी और साड़ी से जुड़े कारीगरों ने कहा कि जबसे यूपी में डबल इंजन की भाजपा सरकार आई, तबसे हमारा कारोबार कई गुना बढ़ा है। हम भी पैसा कमा रहे हैं, परिवार और हमसे जुड़े लोग भी सम्मान का जीवनयापन कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि नया भारत दुनिया को लोहा मनवा रहा है, जबकि 2014 के पहले भारत की पहचान भ्रष्टाचार के नाम पर होती थी। दुनिया में सम्मान नहीं था। लोग देश की सुरक्षा में सेंध लगाते थे, सरकार मौन रहती थी और दुश्मन आंख दिखाता था। नक्सलवाद था, गरीब की सुनवाई नहीं थी लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी पीढ़ी नए भारत का दर्शन कर रही है। सीएम ने कहा कि राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। भयभीत आक्रांता भारत की धरती पर नहीं आते थे, लेकिन जब हम जाति, क्षेत्र, भाषा व परिवारवाद के नाम पर बंटने लगे तो मोहम्मद गोरी का हमला हुआ। महाराजा पृथ्वीराज चौहान ने उस कायर आक्रांता को 17 बार परास्त किया, वह हर बार माफी मांगता था। एक बार चूक हुई तो उसने धोखे से पृथ्वीराज चौहान को ● शेष पेज 11 पर

## वायु सेना का मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त

# पांच वायुसेना कर्मी शहीद




एजेंसी

नयी दिल्ली। वायु सेना का एक माल वाहक विमान ए एन 32 शनिवार को असम के जोरहाट वायु सेना स्टेशन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सवार पांच वायु सेनाकर्मी शहीद हो गये।

हादसे में शहीद हुए वायुसेनाकर्मियों में दो अग्निवीर वायु भी शामिल हैं। वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि वायु सेना को इस दुर्घटना में पांच वायुयोद्धाओं को खोने का गहरा दुख है। भारतीय वायु सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़ी है। प्रवक्ता ने कहा है कि दुर्घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। यह मालवाहक विमान सुबह दस बजे के करीब जोरहाट वायु सेना स्टेशन पर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमान के उतरते समय इसमें आग लग गयी, जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान की दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है। यह विमान नियमित उडान पर था। विमान में आग लगने के बाद यह दो हिस्सों में टूट गया। शहीद वायुसेनाकमियों में विमान का पायलट भी शामिल है जबकि सह चालक घायल हुआ है। ए एन-32 दो इंजन वाला मालवाहक विमान है जो दशकों से वायु सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का एक अहम ज़रिया रहा है। इसने देश भर में, खासकर ऊंचे इलाकों और दूर-दराज के हवाई क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में अहम भूमिका निभाई है। इस दुर्घटना ने ए एन-32 बेड़े के साथ पिछले कुछ सालों में हुए कई बड़े हादसों की यादें ताज़ा कर दी हैं। सबसे दुखद घटनाओं में से एक जून 2019 में हुई थी, जब 13 ● शेष पेज 11 पर

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ थल सेनाध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्तमान में थल सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं और दिसंबर 1986 में आरमर्ड कॉर्प्स में कमीशन हुए थे। लगभग चार दशकों के सैन्य करियर के दौरान उनके पास परिचालन, रणनीतिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों का व्यापक अनुभव रहा है। उन्होंने भारतीय सेना की युद्ध प्रभावशीलता और दीर्घकालिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने विभिन्न परिचालन परिवेशों में हर स्तर पर कमान संभाली है। उनके कमान दायित्वों में रेगिस्तानी क्षेत्र में एक आर्मर्ड रेजिमेंट, पश्चिमी थियेटर में एक आर्मर्ड ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक

**30 जून से संभालेंगे कार्यभार**



आतंकवाद-रोधी बल शामिल हैं। एक लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक संरचनाओं में से एक सुदर्शन चक्र कॉर्प्स की कमान संभाली। इसके बाद उन्होंने दिल्ली एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य व्यस्तताओं और औपचारिक ● शेष पेज 11 पर

# युद्ध खत्म होने के करीब, होर्मुज, पुनर्निर्माण पर बातचीत का फोकस : ईरान

एजेंसी

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ शत्रुता समाप्त करने संबंधी समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है।

प्रस्तावित समझौते में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, ईरान की जब्त विदेशी परिसंपत्तियों को मुक्त करने तथा युद्ध के बाद पुनर्निर्माण में सहायता संबंधी प्रावधान शामिल हो सकते हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन से बातचीत में श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) हालिया संघर्ष के दौरान ईरान द्वारा हासिल उपलब्धियों को औपचारिक रूप से सुरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कूटनीति इन उपलब्धियों को स्थायी स्वरूप देने का माध्यम है। सरकारी मीडिया के अनुसार श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौते का



पहला प्रमुख बिंदु अमेरिका द्वारा लगाये गये कथित 'अवैध नौसैनिक नाकेबंदी' को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले समुद्री आवागमन को विनियमित करने के लिए एक संयुक्त कानूनी और परिचालन तंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था की घोषणा अगले 60 दिनों के भीतर की जा सकती है, जबकि जलडमरूमध्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी ईरानी सशस्त्र बलों के पास ही रहेगी। श्री अराघची ने बताया कि विचाराधीन समझौते में युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए व्यापक आर्थिक पुनर्निर्माण योजना भी शामिल है। इस योजना में मुआवजे से संबंधित प्रावधान भी हो सकते हैं, हालांकि इस संबंध में बातचीत अभी जारी है। उन्होंने कहा कि वार्ता प्रक्रिया दो चरणों में विभाजित है। पहले चरण में प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर सहमति बनाई जाएगी, जबकि दूसरे चरण में व्यापक अंतिम समझौते पर बातचीत होगी। उनके अनुसार कई प्रारूपों की समीक्षा ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सहित प्रमुख निर्णय लेने वाली संस्थाओं द्वारा की जा चुकी है। विदेश मंत्री ने दावा किया कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होते ही ईरान की जब्त परिसंपत्तियों को मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दस्तावेज को आने वाले दिनों में, संभवतः डिजिटल माध्यम से, अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यूरेनियम संवर्धन तथा उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के प्रबंधन जैसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को वार्ता ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल के साथ संबंध महत्वपूर्ण, उसके साथ संबंध बराबरी के आधार पर हों: राम माधव

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम माधव ने पड़ोसी देश नेपाल को भारत के लिए एक बड़ी अहमियत वाला देश बताते हुए उसके साथ एक स्वतंत्र और बराबरी वाले देश के रूप में व्यवहार पर देखने की पुरजोर सिफारिश की है। उन्होंने नेपाल में युवाओं के आंदोलन के बाद बनी नयी सरकार को नेपाल की जन भावना की उत्पत्ति बताते हुए उसका पूरा सम्मान करने भू-राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उससे अच्छे सहयोगपूर्ण संबंध रखने पर बल दिया है। आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री माधव ने एक टीवी समाचार चैनल के परिचर्चा कार्यक्रम में भाग लेते हुए बंगलादेश और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंध में खुद को 'बिग ब्रदर' (विधाता) नहीं बल्कि 'बड़े भाई' की भूमिका में रखना चाहि। श्री राम माधव ने कहा, '... याद रखें, वे संप्रभु देश हैं, चाहे वह बांग्लादेश हो या नेपाल. संप्रभु समानता एक ऐसा सिद्धांत है जिसका हमें पालन करना चाहिए।'' उन्होंने कहा भारत को ● शेष पेज 11 पर

# राम मंदिर के चढ़ावा में चोरी के आरोपों की एसआईटी करेगी जांच

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता और चोरी के आरोपों की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) करेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया है। सरकार ने जांच टीम को सात दिनों के भीतर प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिनों के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। गठित एसआईटी में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। समिति की अध्यक्षता लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत करेंगे। इसके अलावा रेंज की आईजी किरन एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को भी जांच दल का सदस्य बनाया गया है। जांच दल मंदिर में चढ़ावे से जुड़े सभी आरोपों, वित्तीय लेनदेन, सुरक्षा व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों की समीक्षा करेगा। शासन ने मामले की निष्पक्ष

**15 दिन में फाइनल रिपोर्ट**



और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की है।

जानकारी के मुताबिक जांच दल संबंधित पक्षों से जानकारी जुटाने के साथ उपलब्ध दस्तावेजों और तथ्यों का परीक्षण करेगा। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट द्वारा मामले की जांच की मांग किए जाने के बाद शासन ने यह कदम उठाया है। आपको बता दें बढ़ते विवाद और लगातार उठ रहे सवालों के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर मामले की जांच ● शेष पेज 11 पर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएफए में 217वीं संयुक्त दीक्षांत परेड का किया निरीक्षण, कहा–

# आधुनिक युद्ध की चुनौतियों के अनुरूप खुद को रखें तैयार

एजेंसी

हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को हैदराबाद के वायु सेना अकादमी में आयोजित 217वीं संयुक्त दीक्षांत परेड (कॉम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड) का निरीक्षण किया और नवनियुक्त अधिकारियों से आधुनिक युद्ध की बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर तैयार रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर क्षमताएं, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष आधारित तकनीकें निर्णायक भूमिका निभाने वाली हैं, इसलिए सैन्य अधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष और रणनीतिक रूप से सजग रहना होगा।

परेड की सलामी लेने के बाद रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना में शामिल होने वाले नव-नियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों में सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक और अधिकारी के लिए अनुशासन,



कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता तथा निरंतर सीखने की भावना सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि पारंपरिक युद्धों का स्वरूप अब तेजी से बदल रहा है। पहले युद्ध सैनिकों और हथियारों की संख्या के आधार पर लड़े जाते थे, लेकिन आज युद्धक्षेत्र तकनीक आधारित हो चुका है। ड्रोन, उपग्रह, साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त हथियार प्रणाली और उन्नत निगरानी तंत्र आधुनिक सैन्य अभियानों का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खतरे केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि डिजिटल और साइबर क्षेत्र में भी नए प्रकार की चुनौतियां सामने आ रही हैं। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल वर्तमान तकनीकों तक सीमित न रहें, बल्कि भविष्य की युद्ध प्रणालियों और उभरती तकनीकों को समझने तथा अपनाने की क्षमता विकसित करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक सैन्य नेतृत्व की पहचान बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने और नई तकनीकों का प्रभावी उपयोग करने में है। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य लगातार बदल रहा है और सैन्य अधिकारियों को हर स्थिति का त्वरित आकलन करने, संसाधनों का बेहतर उपयोग करने तथा आवश्यकता पड़ने पर अपनी रणनीतियों को पुनर्गठित करने की क्षमता विकसित करनी होगी। एक सफल सैन्य अधिकारी वही होता है जो कठिन और अनिश्चित परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने में सक्षम हो। राजनाथ सिंह ने अधिकारियों को हार्ड वर्क के साथ स्मार्ट वर्क अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज का दौर नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी उत्कृष्टता का है। दुनिया में वही राष्ट्र आगे बढ़ रहे हैं जिन्होंने विज्ञान और तकनीक को अपनी सामरिक शक्ति का आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि अब केवल बड़े और संसाधन-संपन्न देशों को ही रणनीतिक बढ़त नहीं मिलती, बल्कि छोटे देश भी अत्याधुनिक तकनीक, उन्नत हथियार प्रणालियों और नवोन्मेषी सैन्य रणनीतियों के बल पर वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व में होने वाले प्रत्येक युद्ध और संघर्ष से सैन्य रणनीतिकारों को सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और समकालीन युद्धों का अध्ययन करें तथा उनसे प्राप्त अनुभवों को अपने प्रशिक्षण और कार्यशैली का हिस्सा बनाएं। उनके अनुसार निरंतर सीखना और स्वयं को अद्यतन रखना किसी भी सैन्य अधिकारी की सबसे बड़ी ताकत है। अपने संबोधन के अंत में रक्षा मंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा अधिकारी भारतीय वायु सेना की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए देश की सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा में महत्वपूर्ण ● शेष पेज 11 पर

# गो संरक्षण विशेष : उत्तर प्रदेश में गांवों के एक लाख घरों में लगेंगे मिनी बायोगैस प्लांट

❒ गो संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता, योगी सरकार का विजन : छोटी लागत में बड़ी बचत कर सकेंगे ग्रामीण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अब गो सेवा को ग्रामीण समृद्धि और स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। प्रदेश में गांवों के एक लाख से अधिक घरों में मिनी बायोगैस प्लांट स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य गो संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और उनकी घरेलू बचत बढ़ाना है। योगी सरकार का विजन है कि ग्रामीण परिवार कम लागत में अपने घरों पर ही मिनी बायोगैस संयंत्र लगाकर रसोई गैस के खर्च में बड़ी कमी ला सकें। गो सेवा आयोग की इस योजना के अनुसार 25 हजार से 50 हजार रुपये की लागत में मिनी बायोगैस प्लांट स्थापित किए जा सकेंगे। इससे गोबर और अन्य जैविक अपशिष्ट का उपयोग कर स्वच्छ ईंधन तो तैयार होगा ही साथ में किसानों को जैविक खाद भी बड़े पैमाने पर प्राप्त होगी। इसके साथ ग्रामीणों को रसायनमुक्त भोजन मिलेगा। गो संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। स्वच्छ ऊर्जा, ग्रामीण आत्मनिर्भरता और गो पालन को एक साथ जोड़ने वाली इस पहल से गांवों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योजना के लागू होने पर रसोईघरों में एलपीजी की खपत में भी कमी आएगी, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। उन्होंने बताया कि मिनी बायोगैस प्लांट के माध्यम से किसान बायोगैस तैयार करेंगे और उससे निकलने वाली स्लरी का उपयोग जैविक खाद के रूप में कर सकेंगे। इससे खेती की लागत घटेगी और अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा होंगे। इस योजना के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार कम खर्च में अपने घरों पर संयंत्र स्थापित कर सकेंगे। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूत करेगी। साथ ही गो संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर गो पालकों के लिए आय के नए स्रोत भी विकसित होंगे।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल से उत्तर प्रदेश में 'गो सेवा से समृद्धि' का नया मॉडल विकसित हो रहा है, जहां गो संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता एक साथ आगे बढ़ेंगे।

# शिक्षा से संवर रहा भविष्य : योगी सरकार दे रही अनाथ बच्चों के सपनों को नई उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ लैपटॉप से लेकर निःशुल्क शिक्षा तक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) बनी बच्चों का मजबूत सहारा

लखनऊ। कोविड महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए योगी सरकार अभिभावक की भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत अनाथ और बेसहारा बच्चों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, बल्कि उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। महिला कल्याण विभाग के द्वारा सरकार 8085 बच्चों को लैपटॉप वितरित कर उन्हें डिजिटल शिक्षा से जोड़ चुकी है। डिजिटल युग में यह पहल बच्चों के लिए ज्ञान और अवसरों के नए द्वार खोल रही है। इससे वो ऑनलाइन अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और तकनीकी दक्षता हासिल करने में सक्षम हो रहे हैं।

वहीं 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12 तक निःशुल्क प्रदान कर रही है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को प्रतिमाह उसकी शिक्षा जारी रखने के लिए 14 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता भी दी जा रही है। यह पहल बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रही है।

### निःशुल्क शिक्षा के साथ आर्थिक संबल

योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़े। योजना के अंतर्गत 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक पात्र बच्चे को 14 हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। यह सहायता बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे किताबें, स्टेशनरी और अन्य जरूरी शैक्षिक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। सरकार का यह प्रयास सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा के समन्वित मॉडल के रूप में सामने आया है।

### प्रतिस्पर्धी माहौल से जुड़ रहे बच्चे

लैपटॉप वितरण और आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को प्रतिस्पर्धी माहौल से जोड़ने की दिशा में भी प्रभावी कार्य किया जा रहा है। शिक्षा आधारित यह मॉडल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है।

### योगी सरकार का प्रयास है कि ये बच्चे आत्मनिर्भर बनें

महिला कल्याण विभाग की निदेशक सी. इंदुमती ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महामारी से प्रभावित कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। निःशुल्क शिक्षा, आर्थिक सहायता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। योगी सरकार का प्रयास है कि ये बच्चे आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

## युवती का शव नाले में मिला, हत्या की आशंका




**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के पास मिश्रा बांध के पास शनिवार को एक युवती का शव नाले में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस कहना है कि अब तक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि जिले के कौंधियारा थाने में पुलिस को सूचना मिली कि शनिवार दोपहर कौंधियारा थाना क्षेत्र के मिश्रा बांध के पास नाले में एक 22 वर्षीय युवती का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। युवती की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। उसकी पहचान के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही है। मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## घर के बाहर बगीचे में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित सराय इनायत थाना क्षेत्र के सदरेपुर नसीरापुर गांव में शनिवार को घर से कुछ दूर स्थित बगीचे में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह ने बताया कि सराय इनायत थाना क्षेत्र के सदरेपुर नसीरापुर गांव निवासी विजय बहादुर (45) पुत्र स्वर्गीय पंचू का शव घर के बाहर स्थित बगीचे में एक पेड़ से लटका मिला। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी एवं घटनास्थल को देखने से प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिवार के लोगों का कहना वह नशेड़ी था। अपने हिस्से की जमीन भी बेच डाला है।

## फल विक्रेता को बदमाशों ने मारी गोली, संदिग्धों की तलाश में पुलिस

**प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के झलवा देवघाट इलाके में शनिवार को एक फल विक्रेता को गोली मारकर मोटरसाइकिल सवार बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के झलवा देवघाट निवासी विनोद शनिवार सुबह अपनी जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराने पहुंचा। जहां मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसको गोली मारकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया। घायल विनोद ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया है और इसी विवाद को लेकर उन पर हमला कराया गया है। कार्यकारी थाना प्रभारी विजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद का मामला सामने आ रहा है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। हमलावरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रथम दृष्टया जमीन विवाद एवं पुरानी रंजिश का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस की टीमें साक्ष्य संकलन और आरोपितों की पहचान में जुटी हैं। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'' पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमें जांच में लगाई गई हैं।

## जब्त अवैध मादक पदार्थों को किया गया नष्ट



वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाये जा रहे ''आपरेशन दहन'' के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी अन्तर्गत जब्त किये गए अवैध मादक पदार्थों के विनष्टीकरण हेतु गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के आदेश के क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी व अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में 13 जून को रामनगर पुलिस द्वारा क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड भेलूपुर से समन्वय स्थापित कर विभिन्न अभियोगों में जब्त अवैध मादक पदार्थों के विनष्टीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

## मोहर्रम को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने की। इस दौरान क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ताजियादारों के साथ त्योहार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने ताजियादारों से कहा कि ताजिया केवल चिन्हित एवं निर्धारित स्थानों पर ही रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ताजिया जुलूस के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। साथ ही मार्ग में ऊंचाई या चौड़ाई संबंधी किसी भी प्रकार की बाधा आने पर आपसी सामंजस्य और समझदारी के साथ उसका समाधान करते हुए ताजिया को आगे बढ़ाया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों से हिंदू-मुस्लिम एकता एवं आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई।बैठक में चौकी प्रभारी थुलवासा राहुल मिश्रा, जितेंद्र यादव, आसिफ, जैनुल आबेदीन उर्फ लाल मनिहार, साहबान, अख्तर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ताजियादार मौजूद रहे।

## देश के प्रख्यात भाषा व्याकरण-विशेषज्ञ एवं साहित्य मर्मज्ञ विद्यार्थियों का करेंगे मार्गदर्शन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज स्थित शैक्षणिक संस्था सलोरी 'हिन्दी संसार' के सभागार में 19 से 23 जून तक देश के प्रख्यात भाषा व्याकरण विशेषज्ञों, साहित्य मर्मज्ञों तथा समालोचकों का सारस्वत समागम होगा। इसमे विशेष रूप से आए प्रयागराज और वाराणसी के भाषा विज्ञानी, हिन्दी साहित्य-समालोचक शिक्षाविद् आदि विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। यह जानकारी व्याकरणवेत्ता, भाषाविज्ञानी आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आए शिक्षाविद् विद्यार्थियों के भाषा व्याकरण से सम्बन्धित कठिनाइयों को दूर करेंगे। जबकि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व हिन्दी आचार्य प्रो0 बलराज पाण्डेय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 मुश्ताक अली, उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज, वाराणसी के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 रामसुधार सिंह, वसंत पी0जी0 कॉलेज वाराणसी की पूर्व हिन्दी आचार्य प्रो0 शशिकला त्रिपाठी एवं हिन्दी साहित्य विशेषज्ञ डॉ0 अशोक स्वामी विद्यार्थियों का साहित्य संवर्द्धन करेंगे।

# सरकारी नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जा

❒ लेखपाल ने दो लोगों के खिलाफ कोरांव थाने में एफआईआर दर्ज कराई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील के पसना गांव में सरकारी नवीन परती की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में लेखपाल ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई बार-बार नोटिस देने और चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटाने पर की गई है। यह मामला पसना गांव स्थित आराजी संख्या 497, रकबा 0.1680 हेक्टेयर से संबंधित है, जो अभिलेखों में नवीन परती के रूप में दर्ज है। लेखपाल राघवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि गांव के शिवप्रसाद और रामप्रसाद पुत्रगण रामचंद्र इस सरकारी संपत्ति के आंशिक भाग पर लंबे समय से कब्जा किए हुए हैं।

लेखपाल राघवेंद्र यादव ने अतिक्रमण हटाने के लिए उन्हें नोटिस जारी किया था। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। कोरांव तहसीलदार ने भी मौके का मुआयना किया था, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने अपनी कार्रवाई जारी रखी। इसके बाद, लेखपाल ने कोरांव थाने में सरकारी संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3/5 के तहत मुकदमा अपराध संख्या 0194/2026 दर्ज कराया। इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शिव शंकर यादव को सौंपी गई हैशंकर यादव को सौंपी गई है। तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने इस संबंध में कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर कब्जा करता है और इसकी शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत तक सीधा सफर

❒ अब मुम्बई का सफर और भी हुआ आसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों को प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत तक पहुंचाने हेतु सूबेदारगंज से वलसाड ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया गया है।

यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि गाड़ी सं. 04177-04178 सूबेदारगंज-वलसाड-सूबेदारगंज ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी (साप्ताहिक) 04177 सूबेदारगंज से प्रत्येक मंगलवार 16 जून से 14 जुलाई तक 05 फ़ेरे तथा गाड़ी 04178 वलसाड से प्रत्येक बुधवार 17 जून से 15 जुलाई तक 05 फ़ेरे चलेगी। गाड़ी संरचना में एसएलआरडी 02, सामान्य 08, स्लीपर 08, एसी तृतीय 01 सहित 19 कोच होंगे। पीआरओ ने आगे बताया कि उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूबेदारगंज से दादर के मध्य एक नई साप्ताहिक सुपरफास्ट ग्रीष्मकाल विशेष ट्रेन (04175-04176) शुरू करने का निर्णय लिया है। जो हर रविवार को सूबेदारगंज से रवाना होगी। इस नई सेवा के शुरू होने के साथ ही, अब सूबेदारगंज-प्रयागराज से मुम्बई क्षेत्र के लिए रेल सुविधा उपलब्ध हो गई है। जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि गाड़ी सं. 04175-04176 सूबेदारगंज-दादर (साप्ताहिक) सुपरफास्ट ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी 04175 सूबेदारगंज से प्रत्येक रविवार 21 जून से 12 जुलाई तक 04 फ़ेरे तथा गाड़ी 04176 दादर से प्रत्येक मंगलवार 23 जून से 14 जुलाई तक 04 फ़ेरे लेगी। गाड़ी संरचना में एसएलआर 1, एसएलआरडी 1, सामान्य 5, एसी तृतीय 6, एसी द्वितीय 1, स्लीपर 8 सहित 22 कोच होंगे।

# पीएम मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश और काशी की तस्वीर बदली है: सुरेश खन्ना

❒ मंत्री ने कहा कि अब तक ऐतिहासिक विकास एवं जनहितकारी निर्माण कार्य कराए गए है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा वाराणसी जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में केंद्र सरकार द्वारा कराए गए जनकल्याणकारी विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की और काशी की तस्वीर बदली है। उन्होने कहा कि अब तक ऐतिहासिक विकास एवं जनहितकारी निर्माण कार्य कराए गए हैं। पहले बेरोजगार युवकों को अपने प्रमाण-पत्रों को प्रमाणित कराने के लिए राजपत्रित अधिकारी के पास जाना होता था, लेकिन प्रधानमंत्री काल के पहले वर्ष में ही सेल्फ अटेस्टेड की व्यवस्था बना दी गई। उत्तर प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटी बनाई गईं। जबकि प्रदेश के 7 शहरों को उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट सिटी बनाया। वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और उसी विजन के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।मंत्री सुरेश खन्ना ने जनपद वाराणसी की विगत 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियां बताते हुए कहा कि काशी का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक पुनर्जागरण हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में काशी ने अपनी प्राचीन आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक सुविधाओं के साथ विश्व मंच पर स्थापित किया है। श्री काशी विश्वनाथ धाम परियोजना के माध्यम से बाबा विश्वनाथ के धाम को भव्य, दिव्य एवं विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हुईं।नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा घाटों का व्यापक पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित किया गया। पंचकोशी परिक्रमा पथ के पांच प्रमुख पड़ावों-कर्दमेश्वर, भीमचंडी, रामेश्वर, शिवपुर एवं कपिलधारा-का व्यापक विकास कराया गया। पंचकोशी मार्ग चौड़ीकरण पर लगभग 97 करोड़ रुपये तथा धार्मिक एवं पर्यटन विकास पर लगभग 39.30 करोड़ रुपये व्यय किए गए। 42 धर्मशालाओं, तालाबों, घाटों एवं तीर्थ सुविधाओं का विकास किया गया।सारनाथ में बुद्ध थीम पार्क, प्रकाश एवं ध्वनि शो, पर्यटक आवास गृहों के उन्नयन, सारंगनाथ मंदिर विकास एवं बौद्ध पर्यटन सुविधाओं पर करोड़ों रुपये व्यय किए गए।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर कराई मुनादी

❒ मांडा पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा कर कार्रवाई की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज में मांडा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त मानिकचंद सोनकर के घर और सार्वजनिक स्थानों पर मुनादी कराई। यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 84 के तहत की गई, जिसमें अभियुक्त के खिलाफ उद्घोषणा का आदेश जारी किया गया था।

अभियुक्त मानिकचंद सोनकर, पुत्र राजकुमार सोनकर, वार्ड नंबर 3, भारतगंज खटीकान मोहल्ला, थाना मांडा, प्रयागराज का निवासी है। उसके खिलाफ मांडा थाने में 9 मई 2024 को मुकदमा अपराध संख्या 99/24, धारा 498ए/304बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मुकदमा दिलीप सोनकर ने दर्ज कराया था। न्यायालय ने पूर्व में मानिकचंद सोनकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद भी अभियुक्त के फरार रहने पर, न्यायालय ने धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा का आदेश दिया। न्यायालय के इस आदेश के अनुपालन में, भारतगंज चौकी इंचार्ज हर्ष कुमार ने अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ अभियुक्त के घर, सार्वजनिक स्थानों और आने-जाने वाले रास्तों पर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। यह कार्रवाई अभियुक्त को न्यायालय में पेश होने के लिए बाध्य करने हेतु की गई है।

# जन चौपाल में जनता ने खोली समस्याओं की पोल

❒ अधिकारियों ने मौके पर किया निस्तारण, वार्ड-9 के पार्षद के खिलाफ जताया आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी, लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित जन चौपाल में क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त सहित नगर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जन चौपाल के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया तथा शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। जन चौपाल में स्वच्छता, जल निकासी, सीवर व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने जनता को भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा और किसी भी समस्या को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने कल्याण सिंह वार्ड के पार्षद के कार्यों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की कई मूलभूत समस्याओं की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है।, जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जन चौपाल में मौजूद नागरिकों ने पार्षद के प्रति अपना विरोध दर्ज कराते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की। महापौर एवं नगर आयुक्त ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रत्याशी डॉ. मोहन लाल पासी ने कहा कि जन चौपाल जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जन चौपाल में अधिकारियों की सक्रियता और मौके पर हुए त्वरित निस्तारण से कई नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया। वहीं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जनता की नाराजगी भी खुलकर सामने आई। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर क्षेत्र के विकास को गति दी जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | WVM-2026 |
| Description of Work: Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. | |
| Catalogue Published on | 04.06.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 20.06.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 20.06.2026 at 11:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders : E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित हैः-

Station's wise details of WVM

| SN | Lot Number | Stations | Close Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-LKO-AYC-WVM-173-26-1 | AVC | Date-20-06-26 11:30:00 |
| 2 | MSS-LKO-PRG-WVM-174-26-1 | PRG | Date-20-06-26 11:40:00 |

2036/2026 कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 का दूसरा शुद्धिपत्र

दिनांक 12.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता हैः-

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 12.06.2026 | 19.06.2026 |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 03.07.2026 समय 11:00 बजे तक | 10.07.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 2.2.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | 02.07.2026 तक | 09.07.2026 तक |
| ई-निविदा खुलने की तिथि | 03.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद | 10.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। **संख्या: 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी, दिनाँक 11.05.2026 का दूसरा शुद्धिपत्र दिनांक 12.06.2026**


2028/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगवाएं सीएमओ

❒ उच्च जोखिम वाले गांव रखने वाले चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अगले 18 दिन अतिगंभीर होकर काम करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के लिहाज से प्रदेश में सबसे ज्यादा उच्च जोखिम वाले गांव रखने वाले चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अगले 18 दिन अतिगंभीर होकर काम करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर समस्त गांवों को कवर किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने शनिवार को यह निर्देश प्रदेश में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान दिए। समीक्षा में पाया गया कि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती व सिद्धार्थनगर में उच्च जोखिम वाले गांवों का कवरेज 36 प्रतिशत के आसपास हुआ है। इसके अलावा देवरिया व कुशीनगर में भी औसत से कम कवरेज हुआ है। अभियान में केवल 18 दिन शेष हैं। इन जिलों में आयुष्मान आरोग्य शिविर व अन्य गतिविधियां बढ़ाई जाएं, ताकि 100 दिनों के अभियान के पूरा होने पर शत-प्रतिशत गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचकर ग्रामीणों की जांच कर सकें। अपर मुख्य सचिव ने टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) और डिफ्रेंशिएटेड टीबी केयर बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के तकरीबन एक हजार टीबी विजेताओं व फ्रंटलाइन वर्कर के साथ भी संवाद किया। समीक्षा के दौरान राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना ने 100 दिवसीय टीबी अभियान की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को उच्च जोखिम गांवों की संख्या के हिसाब से चार श्रेणी में विभाजित किया गया है। 100 से कम हाईरिस्क गांव वाले पांच जिले हैं। 100 से 300 हाईरिस्क वाले 32 जिले हैं। 300 से 600 हाईरिस्क वाले 30 जिले हैं और 600 से अधिक हाईरिस्क वाले प्रदेश में आठ जिले हैं। इन आठ जिलों में प्रयागराज, गोरखपुर व बिजनौर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में कुल 26,722 हाईरिस्क गांव हैं। इनमें से 17741 गांव में आरोग्य शिविर लगाए जा चुके हैं। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एचडी अग्रवाल व समस्त जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) मौजूद थे।

# मौसम खराब होने पर दिल्ली जाने वाली आठ फ्लाइटें लखनऊ डायवर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । दिल्ली में खराब मौसम की वजह से इसका असर विमान सेवाओं में दिख रहा है। दिल्ली को जाने वाले आठ विमानों को लखनऊ एयरपोर्ट पर किया डायवर्ट किया गया है। अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा और मौसम ठीक होने पर विमान को दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

अमौसी एयरपोर्ट प्रशाशन के मुताबिक, एयर इंडिया की विमान संख्या (ए आई 2904) आंध्र प्रदेश से दिल्ली जाते समय खराब मौसम के कारण रात 12:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। दिल्ली में मौसम सही होने पर विमान को रात के 1:42 बजे दिल्ली के लिया रवाना किया गया। इस विमान में कुल 156 लोग सवार रहे। अहमदाबाद से दिल्ली जा रहे इंडिगो विमान संख्या (6ई 932) रात 12:18 बजे पर लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। मौसम सही होने पर विमान 1:52 पर दिल्ली के लिए रवाना हुआ, जिसमें 230 यात्री हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर डाइवर्ट की गई एयर इंडिया एक्सप्रेस की पटना से दिल्ली जाने वाले विमान (आई एक्स 1029) रात 12:32 बजे



दिल्ली के लिए में रात 2:30 रवाना किया, जिस विमान में 147 यात्री सवार हैं।

इसी तरह एयर इंडिया की विमान संख्या (एआई 1847)जो की उड़ीसा से दिल्ली जा रही थी रात 12:59 पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। मौसम सही होने पर रात 2:26 बजे लखनऊ से दिल्ली रवाना हुआ। इसमें 166 लोग सवार रहे। इंडिगो की विमान संख्या (6 ई 6457) जोकि मंगलौर से दिल्ली जा रही थी, रात 1:06 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा।यहां से विमान रात 2:32 पर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। एयर अस्ताना की विमान संख्या (केसी 963) कजाकिस्तान से दिल्ली जा रहा था। रात 1:12 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर डाइवर्ट किया गया। मौसम सही होने पर रात 2:52 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इसके अलावा इंडिगो का विमान (संख्या 6ई 6636) जो नासिक से दिल्ली जा रहा था। रात 1:20 बजे लखनऊ डाइवर्ट किया गया। दिल्ली का मौसम सही होने पर इसे भी 3:20 पर दिल्ली भेजा गया। इस विमान में 197 लोग सवार थे। स्पाइसजेट का विमान एसजी 2478 पटना से दिल्ली जा रहा था। रात 1:37 बजे लखनऊ डाइवर्ट किया गया। मौसम सही होने पर विमान को दिल्ली भेजा गया, उस विमान में 84 लोग सवार थे।

# आवास आयुक्त ने वृंदावन एवं अवध विहार योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आवास आयुक्त ने शनिवार को वृंदावन योजना एवं अवध विहार योजना का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवध विहार योजना में स्थित अवध शिल्पग्राम परिसर के फूड कोर्ट, एम्फीथियेटर, प्रदर्शनी हॉल, ग्रीन बेल्ट, पार्क हेतु चिन्हित स्थलों, निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर तथा दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आवास आयुक्त ने निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर के कार्यों में तेजी लाने तथा दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को टेंडर के माध्यम से शीघ्र संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वृंदावन एवं अवध विहार योजनाओं में स्थित वाणिज्यिक भूखंडों का रेरा पंजीकरण जल्द सुनिश्चित करने तथा विकास एवं निर्माण संबंधी लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवास आयुक्त ने दोनों योजनाओं में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं रखरखाव व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में उपलब्ध सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाकर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य वास्तुविद नियोजक, अधीक्षण अभियंता, वृंदावन एवं अवध विहार वृत्त तथा उप आवास आयुक्त (लखनऊ) उपस्थित रहे।

# निवेश के नाम पर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

❒ चिनहट पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । पूर्वी जोन की सर्विलांस टीम और चिनहट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में निवेश पर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर लोगों को बुलाने और फिर उनके साथ लूटपाट करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.25 लाख रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त दो कारें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, तेलीबाग निवासी प्रभाकर सिंह ने चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया था कि उनके भाई और उसके मित्र को एक कंपनी में निवेश कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर बुलाया गया और बाद में उनके साथ लूट की गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कई टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान पुलिस ने हरदासी खेड़ा नहर पुलिया के पास से जावेद हुसैन, आसिफ, प्रवेश त्रिपाठी और पूर्ण सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 1 लाख 25 हजार रुपये नकद तथा घटना में इस्तेमाल की गई दो कारें बरामद हुईं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एक संगठित सिंडिकेट के रूप में काम करते थे। लोगों को निवेश पर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर बुलाया जाता था। इसके बाद पुलिस और अन्य सरकारी एजेंसियों के नाम का डर दिखाकर धोखाधड़ी, जबरन वसूली और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था जांच के दौरान प्रथम दृष्टया एक आरक्षी पूर्ण सिंह की संलिप्तता भी सामने आई, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अन्य संदिग्धों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और अन्य जनपदों से जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लखनऊ में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह नकली नोट बाजार में चलाकर अपना जीवन यापन करता था। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानन्द मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान कानपुर देहात के ग्राम दरगवां निवासी सुमित यादव उर्फ मोनू के रूप में हुई, जो ट्रांसपोर्ट का काम करता था। कुछ दिनों से वह अपने साथियों के साथ मिलकर नकली नोट तैयार कर मार्केट में असली नोट से बदल कर चलाता था। उसे से अपना और परिवार का जीवन यापन करता था। शुक्रवार देर रात पुलिस वांछित अपराधी की तलाश में भिठौली तिराहे पर में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जाली नोटों से संबन्धित जिस अभियुक्त की तलाश पुलिस को है, वह इस समय आईआईएम तिराहे के पास दुबग्गा की ओर जाने वाली रोड पर खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में उसके बारे में जब पुलिस को पता चला तभी से उसकी तलाश की जा रही थी। अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उसके खिलाफ पहले भी अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

## नाबालिग लड़कियों को राजस्थान में ले जाकर शादी करवाकर पैसा कमाने वाले दंपति गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मोहनलालगंज थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नाबालिग बालिकाओं को बहला—फुसलाकर राजस्थान में ले जाकर शादी करवाकर अच्छा पैसा कमाते हैं। गिरोह में शामिल दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले एक बाल आपचारी समेत छह अभियुक्त पकड़े गए थे। थाना प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गनियार ग्राम की रहने वाली कमलेशा ने तहरीर दी थी। इसमें बताया कि उनकी नाबालिग नातिन को उनके रिश्तेदार बाल अपचारी ने अपने साथी प्रिया पटेल के साथ मिलकर बहला फुसलाकर अज्ञात स्थान पर ले गया है। मामला दर्ज कर पुलिस की चार टीम तलाश कर रही थी। पुलिस ने एक बाल आपचारी समेत छह अभियुक्तों को पकड़ा था। लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया गया था। वहीं गिरोह में शामिल अभियुक्तगण भूपेन्द्र व सोनम की गिरफ्तारी शेष थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपित राजस्थान निवासी भूपेंद्र और सोनम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पति–पत्नी है और पुलिस को काफी दिनों से उनकी तलाश थी। अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ऐसी लड़कियों को चिन्हित करते है, जो गरीब और जिनके मां—बाप नहीं होते है। उन्हें ले जाकर राजस्थान में शादी कराकर अच्छा पैसा कमाते हैं। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जोन-6 की जन चौपाल में नागरिकों ने रखीं क्षेत्रीय समस्याएं

❒ अधिकारियों ने सुनीं जन शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत शनिवार को जोन-6 के कल्याण सिंह वार्ड एवं लालजी टंडन वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों जन चौपालों में क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखे।

कल्याण सिंह वार्ड में राम लाल लॉन, काकोरी मोड़, नरौना में आयोजित जन चौपाल में स्थानीय नागरिकों ने सीवर व्यवस्था, खाली प्लॉटों में कूड़ा डाले जाने, पेयजल आपूर्ति तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नागरिकों ने क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जल निकासी संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग की।

जन चौपाल में प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, हैदरगंज तृतीय वार्ड के पार्षद धर्मेंद्र सिंह , कल्याण सिंह वार्ड के उपविजेता डॉ. मोहन लाल पासी , अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव , जीएम जलकल कुलदीप सिंह , जोनल अधिकारी जोन-6 अमरजीत यादव , जोनल सेनेटरी ऑफिसर राजेश कुमार जी सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

सायं 06 बजे लालजी टंडन वार्ड स्थित बरावन खुर्द पार्क में आयोजित जन चौपाल में नागरिकों ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, साफ-सफाई व्यवस्था, सीवर ओवरफ्लो, पेयजल आपूर्ति तथा सड़क निर्माण से संबंधित समस्याएं रखीं। क्षेत्रीय नागरिकों ने जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। जन चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव , नगर निगम उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी , नगर आयुक्त गौरव कुमार , अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव , जीएम जलकल कुलदीप सिंह , जोनल अधिकारी जोन-6 अमरजीत यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं लालजी टंडन वार्ड की पार्षद रौशनी रावत , बालागंज वार्ड की पार्षद कमलेश कुमारी , भाजपा नेता कृष्ण कुमार लोधी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक भी मौजूद रहे।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि जन चौपाल अभियान के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# रास्ते में खड़ा रहता है ट्रैक्टर, लोगों को आने जाने में होती है परेशानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र की नगर पंचायत अमेठी के बाजार वार्ड के लोग काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह रास्ते में खड़ा किया जाने वाला टैक्टर बताया जा रहा है। लोगो का मानना है कि इसी ट्रैक्टर कि वजह से लोगो का आना जाना दुश्वार हो गया है। लोगो ने बताते हैं कि यह मामला वहां बनी हुई मस्जिद के पास का है। उस वार्ड के लोगो का कहना है कि ट्रैक्टर वाला दबंग आदमी है। वह लड़ने पर आमादा हो जाता है।उसको किसी की परेशानी से कोई वास्ता नहीं रहता है।उससे सभी लोग डरते हैं।कोई भी बोलने की हिम्मत नहीं करता है। इस मामले में कुछ भी कहने पर ट्रैक्टर मालिक लड़ने पर आमादा हो जाता है।उसको किसी की परेशानियों से कुछ भी लेना देना नहीं रहता है।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा मीरख नगर, निकली भोलेनाथ की भव्य बारात



**निगोहां, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मीरख नगर स्थित भैरमपुर पुलिया पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था के रंग में डूबकर कथा का आनंद लिया। कथा व्यास श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान शिव विवाह प्रसंग का मनमोहक वर्णन किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। बैल पर सवार भोलेनाथ की बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने हर–हर महादेव के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डीजे और रोड लाइट के साथ निकली शिव बारात आकर्षण का केंद्र रही। शिव–पार्वती विवाह संपन्न होने के बाद कथा के मुख्य आयोजक ने विधि–विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की आरती उतारी तथा सुख–समृद्धि का आशीर्वाद लिया। श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक माहौल से पूरा क्षेत्र सराबोर नजर आ रहा है।

# अपर नगर आयुक्त ने जोन–1 में नाला सफाई कार्यों एवं विभिन्न बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

❒ विभिन्न नालों, पुलियाओं और बाढ़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने शनिवार को जोन-1 क्षेत्र में संचालित नाला सफाई कार्यों एवं विभिन्न बाढ़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रमुख नालों, पुलियाओं तथा बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बालू अड्डा से आने वाले नाले की सफाई का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने सबसे पहले बैरल नंबर-20 के पास बालू अड्डा से आने वाले नाले का निरीक्षण किया। मौके पर छह सफाई कर्मी कार्यरत पाए गए। उन्होंने सफाई कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए नाले की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### मार्टिनपुरवा नाला एवं पुलिया का किया निरीक्षण

इसके उपरांत उन्होंने विक्रमादित्य मार्ग स्थित मार्टिनपुरवा नाला एवं पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले और पुलिया की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व सभी अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को निर्बाध बनाया जाए।

### गोल्फ क्लब एवं लोरेटो स्कूल के पास नालों की स्थिति देखी

निरीक्षण के क्रम में अपर नगर आयुक्त ने बैरल नंबर-24 स्थित गोल्फ क्लब के पास नाले तथा लोरेटो स्कूल के समीप स्थित नाले का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि नालों से निकाली गई सिल्ट का समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो।

### गोमती नगर और बटलर पैलेस स्थित बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का भी किया निरीक्षण

मानसून की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में अपर नगर आयुक्त ने गोमती नगर तथा बटलर पैलेस स्थित बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंपिंग स्टेशनों पर उपलब्ध संसाधनों, मशीनों एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उपकरणों को पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में रखा जाए, ताकि भारी वर्षा की स्थिति में जल निकासी प्रभावित न हो और किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए।

### मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले नाला सफाई कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी आवश्यक है, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# वेलनेस सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण पर भड़के किसान

❒ अपनी परेशानी सपा सांसद और पूर्व विधायक से कही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मोहनलालगंज विधानसभा के गोसाईंगंज ब्लॉक स्थित शेखनाघाट समेत कई ग्राम सभाओं में वेलनेस सिटी योजना के तहत हो रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर किसान आक्रोशित हैं। गुरुवार को सैकड़ों किसानो सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर से मिलकर अपनी परेशानी कही और अधिग्रहण प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया।

किसानों का कहना है कि गरीब परिवारों के पुराने मकानों पर नंबर डाले जा रहे हैं और कृषि योग्य जमीन चिन्हित की जा रही है। इससे गांवों में दहशत और नाराजगी है। प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत उन्हें पुनर्वासन, पुनर्स्थापन और उचित मुआवजे का लाभ नहीं दिया जा रहा है।



मामला सुनने के बाद सांसद आर.के. चौधरी ने तत्काल एलडीए वीसी से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया और प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय दिलाया। बैठक का आयोजन सेक्टर प्रभारी मुलायम यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की। आयोजन स्थल पर सांसद और पूर्व विधायक का आयोजकों ने स्वागत किया।

इस दौरान सपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, एडवोकेट राम समुझ रावत, कमलेश यादव, फूलचंद, नागेन्द्र यादव, लालता प्रसाद रावत, श्याम सुंदर यादव, राम सागर यादव, दिनेश यादव, प्रधान श्याम सिंह यादव, उत्तम कुमार, सतीश यादव, राम लखन, पवन रावत, मुरली समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में टेड़वा चिलौला गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन

❒ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगा चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सीतापुर के विकास खंड खैराबाद स्थित ग्राम टेड़वा चिलौला में शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने की।

रात्रि चौपाल में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि विगत वर्षों में सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल योजना तथा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए जाएं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा पेयजल, विद्युत, सड़क, राजस्व, कृषि, राशन वितरण, पेंशन एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए गए। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों से विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान भी कराया गया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई एवं जनसंवाद के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर माननीय नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु, माननीय जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला और अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 दीक्षा जोशी, जिला स्तरीय अधिकारीगण, खण्ड स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत में दो शावकों संग दिखी मादा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

❒ तेंदुआ दिखाई देने की खबर गांव में फैलते ही आसपास के लोग खेत की ओर पहुंच गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा । धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के जोधापुरवा गांव में शनिवार को गन्ने के खेत में दो शावकों के साथ मादा तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

जोधापुरवा गांव निवासी विनोद मौर्य के गन्ने के खेत में सुबह ग्रामीणों ने मादा तेंदुआ को उसके दो शावकों के साथ देखा। तेंदुआ दिखाई देने की खबर गांव में फैलते ही आसपास के लोग खेत की ओर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर मादा तेंदुआ शावकों के साथ गन्ने के घने खेत में छिप गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को खेत के पास न जाने की हिदायत दी। वन कर्मियों ने बताया कि शावकों के साथ होने के कारण मादा तेंदुआ अधिक आक्रामक हो सकती है, इसलिए लोग अकेले खेतों में जाने से बचें और बच्चों को भी खेतों की ओर न भेजें।

वन विभाग क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रहा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की हलचल या तेंदुआ दिखने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है। तेंदुआ और उसके शावकों की मौजूदगी से गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रीय वनाधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया वन दरोगा किशन टीम के साथ मौके पर गए थे। पर तेंदुए की लोकेशन नहीं मिली वायरल वीडियो में भी स्पष्ट नहीं हो रहा, पडोसी गांव शाहपुर में पिजरा और कैमरे लगाए गए हैं टीम निगरानी कर रही है।

# सरकार जनता के मौलिक अधिकारों व लोकतंत्र का हनन कर रही है: तनवीर खां

❒ विश्वकर्मा महासभा पीड़ित परिवार के साथ है और निष्पक्ष जांच के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगा: अमित शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बीती 09 जून को थाना खुटार क्षेत्र में एक साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी गुड्डू शर्मा को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी थी। 10 जून को खुटार पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू शर्मा को जेल भेज दिया था। 11 जून को प्रधान शोभित कुमार पासवान के नेतृत्व में गांव के तमाम लोगों ने दुष्कर्म के आरोपी गुडडू शर्मा को निर्दोष और फर्जी मुठभेड़ का पुलिस पर आरोप लगाते हुए खुटार थाना क्षेत्र की चांदपुर चैकी का घेराव कर प्रदर्शन किया था।

इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज किया था। जिसमें गांव की कई महिलाएं और पुरुष चोटिल हुए थे। यही नहीं, पुलिस ने प्रदर्शन करने वाले ग्राम प्रधान शोभित पासवान सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मामले की जानकारी दी और फर्जी मुठभेड़, पुलिस कार्रवाई और ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी। जिसके क्रम में सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान तथा अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा के साथ तमाम पदाधिकारी शनिवार को थाना खुटार क्षेत्र के गांव हरनाई पहुंचे। यहां, प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों, वर्तमान ग्राम प्रधान के परिवार, पूर्व प्रधान तथा आरोपी गुड्डू शर्मा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया।सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के मौलिक अधिकारों व लोकतंत्र का हनन कर रही है। पीड़ित गुड्डू शर्मा को न्याय दिलाने के लिए गांव वाले शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करके अंग्रेजी सरकार को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई और पीड़ित गुड्डू शर्मा को न्याय दिलाने की मांग की। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार महिला की सुरक्षा नही, बल्कि महिलाओं पर लाठीचार्ज करवाकर खुला अपमान कर रही है।

विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि पूरा समाज पीड़ित परिवार के साथ है और निष्पक्ष जांच के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगा। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, ब्रह्मानंद मिश्रा, मिश्रीलाल पटेल, जितेंद्र वर्मा, आसिफ खान, राजकुमार शर्मा, सामर्थ यादव, अतेंद्र वर्मा, श्यामलाल जाटव, पीएल गौतम, अखिलेश शर्मा, मानवेंद्र सिंह यादव उर्फ मोनू, सरदार सत्यपाल सिंह, राजकुमार शंखधार, रामप्रसाद कनौजिया, हिमांशु गुप्ता, मनजीत, फराज इदरीसी, रानू खान, सरदार बलजीत सिंह, नीरज कुमार आदि कई लोग मौजूद रहे।

# अपना बीज, अपनी खाद एवं अपनी दवाएं स्वयं तैयार कर सकते है किसान

❒ वैज्ञानिकों ने बीज उत्पादन तकनीक पर दिया जोर, मिलेगा अधिक मूल्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कटिया, सीतापुर। खेत बचाओ अभियान के 13वें दिन एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत जनपद सीतापुर के तीन विकासखंडों के छह गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को उन्नत एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की।

प्रथम टीम द्वारा विकासखंड विसवां के ग्राम न्योरिया बाग एवं कोटरा, द्वितीय टीम द्वारा विकासखंड पिसावां के ग्राम बिचपुरिया एवं लौकी, तथा तृतीय टीम द्वारा विकासखंड परसेंडी के ग्राम जरेली एवं उलझापुर में कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने किसानों को अपनी खाद, अपना बीज एवं अपनी दवा तैयार करने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से खेती में स्थानीय संसाधनों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ सचिन प्रताप तोमर ने हरी खाद, जैव उर्वरकों एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. रीमा ने पोषण वाटिका, मोटे अनाजों की खेती तथा पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के उपाय बताए।

कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी जानकारियों से किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ, बीटीएम, एटीएम, कृषि एवं पादप सुरक्षा कर्मी, स्टोर इंचार्ज तथा क्षेत्रीय प्रसार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों के खेतों का भ्रमण कर हरी खाद के प्रदर्शन का अवलोकन किया तथा मूंग की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, रोकथाम एवं प्रबंधन संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया तथा कृषि विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को किया निःशुल्क जल एवं शर्बत वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए भारतीय युवा चेतना मंच एवं यम्मी कैटर्स के संयुक्त तत्वावधान में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल एवं शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान भारतीय युवा चेतना मंच के अध्यक्ष एवं नरमू नेता नरेन्द्र त्यागी ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। रेल यात्रियों ने भारतीय युवा चेतना मंच एवं यम्मी कैटर्स के इस सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। निःशुल्क शीतल जल एवं शर्बत वितरण में भारतीय युवा चेतना मंच के अध्यक्ष एवं नरमू नेता नरेन्द्र त्यागी के साथ यम्मी फूड कैटर्स के अवधेश कुमार सक्सेना, प्रदीप कुमार मिश्रा, राम रक्षपाल, डॉ गोपाल, व्यापारी नेता नरेंद्र शुक्ला, श्याम बिहारी मिश्रा, नवजोत, आशु पंडित, युनूस, अभिषेक मिश्रा, नीरज कश्यप, संजीव सक्सेना, मदन कारीगर, विजय, रवि सक्सेना, अनिल खिलाड़ी, संजय राठौर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सांसद ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

❒ किसान रजिस्ट्री, स्वास्थ्य सेवाओं व अधूरी परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर । लोकसभा सांसद अरूण कुमार सागर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में जनपद की विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, विधायक अरविंद कुमार सिंह, वीर विक्रम सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सहायता समूहों, फॉर्मर रजिस्ट्री, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा, श्रम बजट, मनरेगा से तालाब, खेत तालाब सहित अन्य कार्यो के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्रीय पशुपालन मिशन, स्वास्थ्य सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सांसद ने स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने, अधिक से अधिक किसानों की फॉर्मर आईडी एवं रजिस्ट्री कराने, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था सुधारने, अधूरी विकास परियानाओं में तूजी लाने, पात्रों को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिलाने आदि के निर्देश दिए। कटरा विधायक ने परौर क्षेत्र में चिकित्सक की तैनाती और कटरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए गए। जिनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुररानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस : थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी विवेक तिवारी, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री बाला जी मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा प्रारम्भ के अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा



**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नौनेर गांव मे श्री बालाजी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्रा के द्वारा कलशयात्रा निकाली गई।कलश यात्रा श्री बालाजी मंदिर नौनेर से चलकर गौरी शंकर मंदिर हरगांव पहुंची।कलश यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा कलश भरकर भक्तिमय भजनों से आनंदित होकर जयकारों के साथ नाचते हुए हरगांव गौरी शंकर मंदिर पहुंचे। आचार्य पंडित दिनेश अवस्थी, श्याम सुंदर शुक्ला, आशीष त्रिवेदी, सत्येंद्र पाण्डेय,पवन अवस्थी, के द्वारा सूर्यकुंड तीर्थ पर वरुण देव का पूजन करते हुए वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश पूजन करवाया।पूजन अर्चन के बाद कलश यात्रा वापस नौनेर गांव आकर श्री बालाजी मंदिर पर कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के नित्य पुजारी विनय शंकर मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, मोहन शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, पंकज सिंह, श्याम किशोर मिश्रा, सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग जल्द होगी क्रियाशील, डीएम ने कमियों पर दिखाई सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ निरीक्षण कर दिए समयबद्ध हैंडओवर के निर्देश, डीएम बोले- मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

❒ कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सभी तकनीकी एवं व्यवस्थागत खामियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए

लखीमपुर खीरी । जिले के बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग को जल्द से जल्द पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचकर हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक-ए, बी एवं सी का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ अस्पताल संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिन्हित कमियों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सभी तकनीकी एवं व्यवस्थागत खामियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए, ताकि हॉस्पिटल विंग का हैंडओवर शीघ्र पूरा हो सके और मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जिले में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ मेडिकल कॉलेज परियोजना को आगे बढ़ा रही है। यह केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि लाखों लोगों की बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी जनहित की महत्वाकांक्षी योजना है।मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग के संचालन से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। शासन की मंशानुरूप अस्पताल को जल्द क्रियाशील बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। हैंडओवर में देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही कार्यदायी संस्था को सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन विद्युत महकमे से समन्वय करते हुए विद्युत कनेक्शन की कार्रवाई शीघ्र करवाई जाए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमएस डॉ. आरके कोली, डॉ. एके गुप्ता, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार, डीएसटीओ सहित निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना जलालाबाद पुलिस को क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर जनपद फर्रूखाबाद के थाना शमशाबाद क्षेत्र के मोहल्ला दलमीर खां इमादपुर थमरई निवासी रुआबशेर उर्फ राहुल पुत्र मुरादशेर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप था कि आरोपी रुआबशेर उर्फ राहुल ने उसकी पुत्री को शादी का झांसा दिया और उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। यही नहीं, आधार कार्ड में उम्र परिवर्तित कर फर्जी कोर्ट मैरिज (निकाहनामा) किया और जान से मारने की धमकी दी। इसी क्रम में थाना जलालाबाद पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रुआबशेर उर्फ राहुल को थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र के जरियनपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक पेन कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद किए। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के क्राइम इंस्पेक्टर रविशंकर यादव के साथ कांस्टेबल सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना मिलएरिया पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम बनाकर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जी0पी0डी0पी0 (ग्राम पंचायत विकास योजना) एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने, लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराने, निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जनपद में 11,346 करोड़ 91 लाख की धनराशि से कराए गए विकास कार्य

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मीडिया संवाद, स्वच्छता अभियान एवं लाभार्थी सम्मान कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद में गत वर्षों में सभी विधानसभा क्षेत्रों में 11,346 करोड़ 91 लाख 11 हजार 75 रुपए की धनराशि से विकास कार्य कराए गए एवं लाभार्थियों को लाभांवित किया गया, जिसमें अवस्थापना एवं सुविधाओं में 2,148 करोड़ 02 लाख 81 हजार रुपए व्यय किए गए। अन्य निर्माण कार्यों में 1,167 करोड़ 85 लाख 32 हजार रुपए व्यय किए गए तथा विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं में 8,031 करोड़ 02 लाख 98 हजार 75 रुपए व्यय/लाभ राशि वितरित की गई, इस प्रकार जनपद बदायूँ की बिल्सी, बदायूँ, दातागंज, शेखूपुर, सहसवान व बिसौली सहित सभी 6 विधानसभाओं में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों पर कुल 11,346 करोड़ 91 लाख 11 हजार 75 की धनराशि व्यय/वितरित की गई।

शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में सुशासन को समर्पित माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में पत्रकार




बंधुओं के साथ मीडिया संवाद का आयोजन किया गया।

प्रभारी मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास, सुशासन और जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ हुई यह यात्रा जनता के अटूट विश्वास और सरकार के सेवा भाव पर आधारित रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में सड़क, रेल, मेट्रो, हवाई अड्डों एवं डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, अमृत भारत स्टेशन योजना, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार तथा भारतनेट परियोजना देश के विकास की नई पहचान बनी हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है तथा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

मीडिया संवाद कार्यक्रम के उपरांत प्रभारी मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने नगर क्षेत्र के नेकपुर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने सांकेतिक रूप से झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों से स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जनभागीदारी से ही सफल हो सकती है और प्रत्येक नागरिक को इसे अपनी जिम्मेदारी के रूप में अपनाना चाहिए। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सर्टीफिकेट वितरित किए गए। प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया, नेकपुर स्थित आम्बेडर पार्क डॉ0 भीमराव आम्बेडर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा वहीं पौधारोपण भी किया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से दरोगा की मौत सिपाही घायल, गश्त कर रहे थे दोनों पुलिसकर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शुक्रवार देर रात बिल्सी-बिसौली मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दरोगा देवराज सिंह की मौत हो गई। सिपाही अमित चहल घायल हैं। यह घटना गश्त के दौरान हुई। आपको बता दे कि कोतवाली बिसौली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बिल्सी-बिसौली मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दरोगा देवराज सिंह और सिपाही अमित चहल को गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दरोगा देवराज (58 वर्ष) की मौत हो गई। सिपाही का उपचार चल रहा है। यह घटना बिल्सी-बिसौली मार्ग पर रानेट पुलिस चौकी के पास हुई। दोनों पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पुलिसकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर पर कई चोटें आईं। मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल दरोगा और सिपाही को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां दरोगा की मौत हो गई। इधर, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं दरोगा देवराज सिंह अमरोहा देहात के पृथ्वीपुर कलां के रहने वाले थे। दरोगा के शव का मुरादाबाद में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद दरोगा को राजकीय सम्मान दिया जाएगा। शुक्रवार को देर रात हादसे के बाद चालक कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे लेकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिले कानून का राज समाप्त, नाली के विवाद में बुजुर्ग पर चलाई गोली, हालात गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में कानून का राज्य समाप्त होता जा रहा है, बता दे कि इस्लामनगर थाना क्षेत्र के शकतपुर गांव में नाली के विवाद को लेकर 60 वर्षीय बुजुर्ग को गोली मार दी गई। गोली बुजुर्ग के कुर्ते की जेब में रखे पर्स में जा लगी, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, उन्हें सीने में घाव और हाथ में चोट आई है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, शकतपुर गांव निवासी डोरीलाल का गांव के ही उमेश से नाली को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब उमेश ने डोरीलाल पर गोली चला दी। गोली सीधे डोरीलाल के कुर्ते की ऊपरी जेब में रखे पर्स से टकराई। पर्स ने गोली की रफ्तार कम कर दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गोली के छर्रे लगने से उनका एक हाथ भी जख्मी हो गया।



घटना के बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने घायल बुजुर्ग को तुरंत रुदायन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बदायूं रेफर कर दिया गया। गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम शकतपुर गांव पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बिल्सी के सीओ केके तिवारी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मामूली विवाद के बाद युवक ने गोली चलाई थी। पुलिस आरोपी युवक उमेश की तलाश में जुटी हुई है।

# केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला जी द्वारा केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के क्रम में आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज अमेठी में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद तथा मीडिया संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मा.प्रभारी मंत्री ने प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव व प्रबुद्धजनों के विचारों को सुना एवं उनके द्वारा दिए जाने वाले सुझाव के लिए उन्हें आस्वस्त किया एवं उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का प्रधानमंत्री का विजन साकार करने हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके उपरांत मीडिया से मुखातिब होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश की




प्रगति तथा विकास के हर क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्यों सहित आम जनमानस का जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु सरकारी नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मीडिया संवाद के दौरान कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का विगत बारह वर्षों का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। इस अवधि में देश ने हर क्षेत्र में उन्नत विकास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री द्वारा कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। विगत बारह वर्षों में देश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा हम वैश्विक मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरे हैं। प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा की प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों तथा उन सभी वर्गों के लिए कार्य किया है जिनके बारे में आजादी के बाद से अब तक सोचा भी नहीं गया था। आज हम खाद्यान्न, रक्षा, चिकित्सा, आयुध उपकरणों के निर्माण में पहले से अधिक आत्मनिर्भर हैं, आज देश में शांति एवं कानून व्यवस्था का राज स्थापित है, हमारे नागरिक निडर होकर पहले से अधिक सम्मान से जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया कार्यक्रम, स्किल इंडिया कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, सोएल हेल्थ योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, स्टार्टअप इंडिया योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, उजाला योजना, नमामि गंगे कार्यक्रम, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री वंदन योजना, आयुष्मान भारत योजना, खेलो इंडिया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना व मुद्रा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान व जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये प्रभारी मंत्री को आस्वत भी किया।

## शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

बहराइच । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000=00 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000=00 तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000=00 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो।

## केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां हासिल की : लक्ष्मी नारायण चौधरी

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने शनिवार को फिरोजाबाद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ अनेक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां हासिल की है जो बदलते भारत का पर्याय बनकर उभरी है। फिरोजाबाद जनपद के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक यात्रा के परिप्रेक्ष्य में शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान मीडिया के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अखंड भारत के विकास, प्रशासनिक सुधार आधारभूत संरचना, निर्माण डिजिटल क्रांति, सामाजिक कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

# पृथ्वी पर जब बढ़ा पाप और अत्याचार, तब भगवान ने लिया अवतार : पं. राजकुमार शास्त्री

## कस्बा बल्दीराय के प्राचीन शिव मंदिर में चल रही है शिव महापुराण कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय, सुल्तानपुर। बल्दीराय कस्बे स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पं. राजकुमार शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर पाप, अधर्म और दैत्यों का अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान ने धर्म की स्थापना और सज्जनों की रक्षा के लिए अवतार लिया है। उन्होंने कथा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक समय पृथ्वी पर दैत्यों और अत्याचारियों का आतंक इतना



बढ़ गया कि पृथ्वी माता दुखी होकर भगवान ब्रह्मा के पास पहुंचीं और अपने कष्टों का निवेदन किया। तब भगवान ब्रह्मा देवताओं को साथ लेकर भगवान विष्णु के पास गए। भगवान विष्णु ने आश्वासन दिया कि वे पृथ्वी का भार कम करने तथा धर्म की रक्षा के लिए अवतार धारण करेंगे। पं. शास्त्री ने कहा कि शिवमहापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं, मानसिक शांति प्राप्त होती है तथा भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा के समापन पर मुख्य यजमान पूर्व प्रवक्ता जय बहादुर सिंह ने सपरिवार सहित व्यास गद्दी की आरती उतारी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पूर्व ब्लाक प्रमुख रविन्द्र सिंह, अरविन्द यादव, अमरजीत सिंह, राजेश अग्रहरि, भानु प्रकाश सिंह, अशोक मिश्र, शिव बरदान सिंह, राम कुमार सिंह, ऋषभ सिंह, दिनेश सिंह, अग्रदीप अग्रहरि, पं0 राजितराम, सांवले सिंह, नरेन्द्र अग्रहरि, रंगेश अग्रहरि, आर पी सिंह, के पी सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण मौजूद रहे। आयोजक ने कथा में आए हुए समस्त लोगो के प्रति आभार प्रकट किया।

## पीआरवी पर तैनात कर्मियों की तत्परता से बची युवक की जान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव सरेसर में फांसी लगा रहे व्यक्ति की पीआरवी पर तैनात कर्मियों की तत्परता से जान बच गयी। पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया।पुलिस महानिदेशक द्वारा पीआरवी कर्मियों को सम्मानित किया गया। थाना क्षेत्र के गांव सरेसर में शुक्रवार को करीब डेढ़ बजे विवाद होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पीआरवी 5344 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।पीआरवी कमांडर हरिओम उपाध्याय, सब कमांडर प्रमिला तिवारी एवं कौशिक सिंह के साथ ही चालक पवन कुमार सरोज ने पाया कि एक व्यक्ति ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा है और वह दरवाजा नही खोल रहा है। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुये पीआरवी कर्मियों ने बिना समय गंवाये पड़ोसी की छत से घर के अंदर प्रवेश किया तथा पाया कि वह व्यक्ति गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर लटक चुका है।पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल गमछा काटा और व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया जिससे वह व्यक्ति जीवित बच गया।उक्त सराहनीय कार्य के लिये पुलिस महानिदेशक यूपी 112 द्वारा उक्त पीआरवी कर्मियों को पुलिस मुख्यालय 112 बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा उक्त पीआरवी कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु दस हजार रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, यूपी 112, श्री विनोद कुमार सिंह ने पीआरवी कर्मियों की प्रशंसा करते हुये अपना संदेश दिया कि पीआरवी निरंतर अच्छा कार्य कर रही है। अपने कर्तव्य निर्वहन से निरंतर उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढ़ा रही है। पीआरवी कर्मियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है।

## आपातकालीन पशु सेवा की लापरवाही से गोवंश की मौत, गौरक्षकों की उदासीनता पर भी उठे सवाल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार गोवंश सुरक्षा के दावे कर रही है, लेकिन कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम नवदिया धनेश में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवाओं की लापरवाही और गौरक्षकों की उदासीनता के चलते एक गोवंश की तड़प-तड़पकर मौत हो गई।सड़क किनारे एक गाय गंभीर बीमारी की हालत में तड़प रही थी। रास्ते से गुजर रहे अधिवक्ता ओम शंकर मौर्य ने मानवता दिखाते हुए तुरंत इलाज के लिए पशु चिकित्सा सेवा के टोल फ्री नंबर 1962 पर कई बार कॉल किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। समय पर इलाज न मिलने के कारण गोवंश ने दम तोड़ दिया।अधिवक्ता ने घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। हैरानी की बात यह रही कि सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले गौरक्षकों ने भी सूचना मिलने के बावजूद कोई मदद नहीं पहुंचाई। यदि समय रहते पशु को उपचार मिल जाता तो उसकी जान बच सकती थी।अधिवक्ता का कहना है कि सरकार के दावों के बावजूद धरातल पर गोवंश बेहाल है।आपातकालीन नंबरों का रिस्पॉन्स न मिलना गंभीर लापरवाही है। अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई और पशु चिकित्सा सेवा को दुरुस्त करने की मांग की है।

## गन्ने की सिंचाई को लेकर विवाद, किसान ने परिवार समेत हमला करने का लगाया आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम अमरैयां कलां निवासी रामदास ने गांव के ही योगेंद्र कुमार, उसकी पत्नी कुन्ती देवी तथा परिवार के अन्य सदस्यों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़ित के अनुसार वह शनिवार को अपनी गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था, तभी योगेंद्र कुमार खेत पर पहुंचा और इंजन बंद कर विवाद करने लगा कुछ समय बाद वह अपने परिवार के साथ दोबारा खेत पर आया और हमला कर दिया रामदास का आरोप है कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया इसके बाद उन्होंने 112 पुलिस को सूचना दी पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष लगातार धमकियां दे रहा है और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है मामले में थाना पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है

## शारदा का जलस्तर बढ़ा, समय से पहले बंद हुआ धनाराघाट पेंटून पुल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते धनाराघाट पेंटून पुल पर आवागमन 15 जून से पहले ही बंद कर दिया गया है पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद नदी में अचानक पानी बढ़ने से प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया पुल को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और रास्ते में बिछाई गई लोहे की प्लेटें निकाल ली गई हैं पुल बंद होने से ट्रांस शारदा क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों के करीब एक लाख लोगों के सामने आवागमन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है अब ग्रामीणों को जिला और तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए संपूर्णानगर, पलिया, मैलानी और खुटार होकर लगभग 130 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा, जबकि पेंटून पुल के जरिए यह दूरी करीब 30 किलोमीटर ही रहती थी फिलहाल नदी पार करने के लिए नाव ही ग्रामीणों का सहारा बनी हुई है बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से बंद किए गए पुल की ओर न जाने तथा सावधानी बरतने की अपील की गई है इससे क्षेत्र के हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही और जरूरी कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है ।

## जनगणना-2027 में लापरवाही पड़ी भारी, ड्यूटी छोड़कर भागे शिक्षक पर गिरी गाज

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील में जनगणना-2027 के काम में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। तहसीलदार/चार्ज अधिकारी तहसील बल्दीराय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर सहायक अध्यापक इन्द्रजीत के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है। पत्र के अनुसार, कम्पोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर में तैनात सहायक अध्यापक इन्द्रजीत को जनगणना के प्रथम चरण मकानसूचीकरण के लिए सुपरवाइजर सर्किल 42, भ्स्ठ संख्या 251 पर नियुक्त किया गया था। आरोप है कि इन्द्रजीत बिना चार्ज अधिकारी या खंड शिक्षा अधिकारी को सूचना दिए और अपना आवंटित भ्स्ठ का कार्य अधूरा छोड़कर स्वेच्छा से ड्यूटी स्थल से चले गए। तहसीलदार ने पत्र में लिखा कि उनके जाने से जनगणना कार्य बाधित हो रहा है और शासन की तय समय-सीमा प्रभावित हो रही है। इस कृत्य को जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 और उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के खिलाफ बताते हुए इसे घोर अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही माना गया है। इस मामले की प्रतिलिपि अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी और उप जिलाधिकारी बल्दीराय को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। दिनांक 12.06.2026 को जारी इस पत्र के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है। अधिकारियों का कहना है कि जनगणना जैसा राष्ट्रीय महत्व का कार्य किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## पड़ोसियों पर जानलेवा हमले का आरोप,दंपति घायल मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम सबलपुर में पड़ोसियों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया गांव निवासी रुपम देवी पत्नी ब्रजपाल ने थाना पूरनपुर में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस में रहने वाले कामित, सत्यपाल, कृष्णपाल तथा अनीता देवी ने उन पर और उनके पति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिससे उनके पति ब्रजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं हमले के दौरान रुपम देवी के सिर में भी खुली चोट आई है घटना के बाद घायल दंपति में दहशत का माहौल है रुपम देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी उन्होंने कहा कि हमले में उन्हें और उनके पति को गंभीर चोटें आई हैं तथा उन्हें अपनी जान का भी खतरा बना हुआ है फिलहाल पुलिस को मामले की लिखित शिकायत देने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## जिलाधिकारी ने फावड़ा उठा की साफ सफाई, चलाया स्वच्छता अभियान

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों के साथ एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया।

देश के प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के विजन को धरातल पर उतारने और पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को स्वयं हाथ में फावड़ा उठाकर सफाई की और अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एक अनूठी मिसाल पेश की। अभियान के दौरान जिलाधिकारी के साथ जनपद के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कलेक्ट्रेट स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने मिलकर राइफल क्लब और उसके आसपास के परिसर की साफ-सफाई की तथा कूड़े कचरे का निस्तारण सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि उनका यह निरंतर प्रयास है, कि जनपद में स्वच्छता अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर एक आंदोलन का रूप ले, उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों से अपील की है कि इस अभियान में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल और अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध के विरुद्ध शिकायत : 63 लोगों के विरुद्ध एसआईटी जांच टीम गठित की मांग

**बैंक खातों को फ्रीज कर पीड़ितो की धन राशि वा पस कराने एवं दोषी पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच की मांग की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पुलिस ने 23 मई को साइबर सेल की मदद से म्यूल खातों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरो ह के नौ शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया था,जि सके कब्जे से पुलिस पुलिस ने उनके कब्जे से 34 7 पासबुक, 177 एटीएम किट, 22 आधार कार्ड, 10 मोबाइल,नौ पैनकार्ड, दौ स्टैम्प,एक वोटर आई डी,दो चेकबुक,तीन सिम,तीन बाइक और 20,29 0 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने लगभग 14 करोड़ 87 लाख छह हजार रूपए विभिन्न खा तों में फ्रीज भी कराए गए थे।एसपी ने खुलासा क रने वाली टीम को 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की थी।उसी प्रकरण को लेकर

दीपांकर सिंह पुत्र श्रीराम सिंह निवासी धौरहरा पि परा गौतम बस्ती व




वर्तमान अस्थाई पता भंभुवा ने

थाना कोतवाली करनैलगंज ने साइबर अपराध के विरुद्ध एक शिकायत मुख्यमंत्री से की है और नव

सूत्रीय मांग की है कि एडीजी स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एसटीएफ,साइबर क्राइम मुख्या लय एवं आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों को शामिल कर एसआईटी टीम गठित की जाए।

एसआईटी टीम के ?द्वारा 63 व्यक्तियों को अभियो ग 08/2026 की विवेचना में सम्मिलित कर त त्काल पूछताछ एवं गिरफ्तारी की जाए।सभी 63 आरोपियों के मोबाइल,लैपटॉप,ईमेल,सोशल मीडि या एवं डिजिटल वॉलेट की फॉरेंसिक जाँच कराई जाए।इनके सभी बैंकखातों,यूपीआईआईडी,क्रिप्टो वॉलेट का तीन वर्ष का लेन-देन विवरण प्राप्त कर धनराशि के स्त्रोत व निकासी की जाँच की जाए।

एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतो से इनके खातों को मैच कर लिंक किया जाए।जाँच में चि न्हित समस्त संदिग्ध बैंक खातों को तत्काल होल्ड फ्रीज कराया जाए।फ्रीज की गई धनराशि को वि धिक प्रक्रिया अपनाकर देशभर के पीड़ितों को वा पस कराया जाए। साइबर अपराध के प्रकरण में शिथिलता बरतने वाले एवं आरोपियों से मिलीभग त के संदेह के घेरे में आए पुलिस अधिकारियों क र्मचारियों की विभागीय जाँच कराकर कठोर दंडा त्मक कार्रवाई की जाए और सभी 63 आरोपियों की चल-अचल संपत्ति की जाँच ईडी एवं आयकर विभाग से कराकर अवैध संपत्ति जब्त की जाए।

शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप ''अपराधमुक्त उ त्तर प्रदेश'' के संकल्प के तहत इस संगठित साइब र अपराध गिरोह पर कठोरतम कार्रवाई कर लाखों पीड़ितों को न्याय दिलाएँगे।

# युवक का अपहरण कर मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में एक युवक को अगुवां कर मारपीट करने और पचास हजार रुपये महीना रंगदारी मांग ने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।नगर कोतवाली पुलिस ने 'छोटी सेना' गैंग से जु ड़े होने का दावा करने वाले इन आरोपियों को पक ड़ा है,पीड़ित श्रेयांश सिंह की शिकायत पर यह का र्रवाई की गई है। यह घटना 9 जून की रात करीब दस बजे नगर कोतवाली क्षेत्र के जानकी नगर में हुई थी।श्रेयांश सिंह अपने घर लौट रहे थे,तभी भग वान होटल ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल स वार आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। श्रेयांश के मुता बिक,उन्हें जबरन बाइक पर बैठाकर एक सुनसान जगह ले जाया गया,जहां लाठी-डंडों से उनकी पि टाई की गई थी।श्रेयांश सिंह ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी अंशुमान सिंह उर्फ अरनव सिंह ने उन्हें एक वीडियो दिखाते हुए खुद को 'छोटी से ना' गैंग का सदस्य बताया।उसने हर महीने पचास हजार रुपये 'गुंडा टैक्स' की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित का यह भी आरोप है कि हर्ष दुबे और अन्य आरो पी उन्हें पीटते हुए उनके घर की ओर ले जा रहे थे, ताकि उनकी मां से पैसे वसूल सकें।हालांकि,रास्ते में स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी श्रेयां श को छोड़कर भाग गए।इस मामले में श्रेयांश की माता प्रियंका सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कराया था।नगर कोतवाल बिंदे श्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में अंशु मान सिंह उर्फ अरनव सिंह,हर्ष दुबे और हेमंत मि श्रा को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भे ज दिया गया है।पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से कई वीडियो मिले हैं,जिनमें वे मारपीट करते औ र पैसे की मांग करते दिख रहे हैं।कुछ आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है,जिसकी जांच की जा रही है।पहले इन आरोपियों को पुलिस हिरास त में लेकर की पूछताछ की गई फिर इसके बाद इ न आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।अन्य बिंदिओ पर पुलिस द्वारा गहनता पूर्वक जांच की जा रही है।

# गोंडा मेडिकल कॉलेज में चोरी, वार्ड में भर्ती बुजुर्ग महिला के पैर का पायल गायब

**जिस मेडिकल कालेज में वार्ड में भर्ती मरीजों का सामान सुरक्षित नहीं,तो क्या वहाँ मरीजो का जान सुरक्षित है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला मेडिकल कॉलेज एक बार फिर सुर्खि यों में है।इस बार यहां वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग महि ला के पैर से पायल चोरी होने का मामला सामने आया है। 75 वर्षीय दुलारपता के दोनों पैरों से पा यल चोरी हुई है।जिसकी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडि या पर वायरल होने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।दुलारपता के बेटे राम गुला म यादव, निवासी रूपईडीह,थाना कोतवाली देहात ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मां ग की है।यह घटना 11 जून को दोपहर 12.10 से 12.15 बजे के बीच की बताई जा रही है।




**मरीज के सिर पर हाथ फ़ेरा, फिर बाहर चली गई**

दरअसल,रूपईडीह गांव निवासी राम गुलाम याद व ने अपनी 75 वर्षीय माता दुलारपता को सांस लेने में दिक्कत होने के कारण चार दिन पहले गों डा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।उनका इ लाज चल रहा था।11 जून को एक महिला दुलार पता के पास पहुंची और कुछ देर तक उनके पास बैठी रही।इसी दौरान उसने धीरे-धीरे चादर के अंद र हाथ डालकर दुलारपता के दोनों पैरों से पायल चोरी कर ली।पायल चोरी करने के बाद महिला ने आसपास देखा और जब कोई ध्यान नहीं दे रहा था,तो वह उठी और दुलारपता के सिर पर हाथ फ़ेरते हुए आराम से वार्ड से बाहर निकलकर फ रार हो गई।पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है,जिसमें महिला को पायल चुराते और फिर जाते हुए देखा जा सकता है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राप्त तहरीर और सी सीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पीड़ित महिला दुलारपता को अस्पताल से छुट्‌टी मिल गई है वह अपने घर चली गई है।लेकिन इस पूरी घटना को गंभीरता से लिया गया है पूरे मामले की जांच की जा रही है वहां पर गार्ड भी तैनात हैं उन्हें भी निर्देश दिया गया है।

# इंडियन बैंक में घोटाला : 23 साल तक हर मैनेजर ने मिलकर लूटी जनता की गाढ़ी कमाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले से बैंकिंग जगत को हिलाकर रख देने वाला एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा मामला सामने आया है।यहां इंडियन बैंक की मुख्य प्रधान शाखा में करोड़ों रुपये के वित्तीय घोटाले का पर्दा फाश हुआ है।इस महाघोटाले में किसी बाहरी श ख्स का नहीं,बल्कि बैंक के ही अधिकारियों और कर्मचारियों का हाथ था।मामले की गंभीरता को देखते हुए इंडियन बैंक के सचिव रवींद्र कुमार श्री वास्तव की तहरीर पर गोंडा नगर कोतवाली में बैं क के 69 अधिकारियों,कर्मचारियों और कुछ संदि ग्ध ग्राहकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 173(4) के तहत जालसाजी (फोर्जरी) और गबन का केस दर्ज किया है।इस एफआईआर की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पिछले 23 सालों (वर्ष 1997 से 2020) के दौरान इस मुख्य शाखा में तैनात रहे हर एक बैंक मैनेजर को आरो पी बनाया गया है। इसके अलावा इस अवधि में तैनात रहे कैशियर,हेड कैशियर,पोस्ट




अफसर और क्लर्क भी इस गंभीर अपराध में नामजद किए गए हैं।सचिव रवींद्र कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, इन सभी आरोपियों ने अपने पद और कर्तव्यों का दुरु पयोग करते हुए शुरुआत में तीन करोड़ साठ लाख सोलह हजार रुपये की भारी हेराफ़ेरी की थी।जब पूर्व में विभागीय स्तर पर इस गड़बड़ी को पकड़ा गया है तब इन सभी कर्मचारियों ने ब्याज सहित अपने-अपने हिस्से का गबन किया हुआ पैसा वाप स लौटाने का एक लिखित अनुबंध (एग्रीमेंट)सोसा इटी को दिया था।लेकिन बाद में आरोपियों ने टाल मटोल शुरू कर दी और पैसे वापस नहीं किए।लंबे समय तक पैसा न जमा होने के कारण ब्याज जुड़ कर अब यह घोटाले की रकम बढ़कर चार करोड़ 90 लाख आठ हजार 373 रुपये हो चुकी है।इस मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि बैंक के तत्कालीन सचिव की भूमिका की भी जांच चल रही है,लेकिन फिलहाल उन पर केस दर्ज नहीं हुआ है।गोंडा के नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रि पाठी ने बताया कि मुकदमादर्ज कर पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है,मामले की विवे चना उपनिरीक्षक सोनू कुमार को सौंपी गई है,पुलि स फिलहाल बैंक के पुराने रिकॉर्ड्स और डिजिटल साक्ष्य जुटाने में लगी है,जिसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# एसएसबी की सजगता से नाबालिग बालक सुरक्षित, महिला नेपाल पुलिस को सुपुर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए सतत रूप से कार्यरत 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बहराइच ने विशेष सूचना के आधार पर सीमा चौकी रुपैडीहा स्थित बीआईटी चेकपोस्ट पर एक नेपाली नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया। मामले में पूछताछ के बाद एक नेपाली महिला को आवश्यक सत्यापन एवं अग्रिम कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जून की शाम लगभग 6:10 बजे 42वीं वाहिनी को सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल के जाजरकोट जिले की एक महिला नाबालिग बच्चों को रोजगार का प्रलोभन देकर भारत ले जाने का प्रयास कर रही है और वह रुपैडीहा चेकपोस्ट के रास्ते भारत




में प्रवेश कर सकती है। सूचना के आधार पर चेकपोस्ट पर निगरानी एवं जांच को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

जांच एवं काउंसलिंग के दौरान नेपाल के जिला जाजरकोट निवासी 23 वर्षीय सरिता सुनार तथा 14 वर्षीय जीवन नेपाली को रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने बालक को जानने अथवा उसके साथ यात्रा करने से इनकार कर दिया। इसके बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू), देहात इंडिया (एनजीओ) तथा एसएसबी अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों से विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान नाबालिग बालक ने बताया कि वह घर से भागकर नेपालगंज पहुंचा था, जहां उसकी मुलाकात सरिता सुनार से हुई। बालक के अनुसार महिला ने उसे भारत के कारगिल (लद्दाख) क्षेत्र में निर्माण कार्य में रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया था और उसे अपने साथ भारत ले जा रही थी। बालक ने यह भी बताया कि उक्त महिला नियमित रूप से मजदूरों को भारत ले जाने का कार्य करती है। एसएसबी द्वारा बालक की माता से संपर्क किया गया, जिन्होंने पुष्टि की कि उनका पुत्र घर से बिना बताए चला गया था तथा वे सरिता सुनार को नहीं जानती हैं। उन्होंने अपने पुत्र को भारत जाने से रोकने का अनुरोध किया। पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले को बाल संरक्षण एवं श्रम शोषण की आशंका से जुड़ा मानते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। कानूनी औपचारिकताएं एवं काउंसलिंग पूर्ण होने के बाद नाबालिग बालक को एएचटीयू एवं नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल स्थित संस्था ह्लशांतिपूर्ण स्थापना गृहङ्क को देखभाल एवं पुनर्वास हेतु सुपुर्द कर दिया गया। वहीं सरिता सुनार को सत्यापन एवं अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया। इस अवसर पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच के कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मानव तस्करी और बाल श्रम समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना एसएसबी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस दिशा में स्थानीय प्रशासन, एएचटीयू और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# दुखहरनाथ मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग पर जल चढ़ाने झुके श्रद्धालु की कटी जेब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बाबा दुखहरनाथ मंदिर में एक श्रद्धालु की जेब से बीस हजार रुपए नकद और महत्वपूर्ण द स्तावेज चोरी हो गए।यह घटना मंदिर के गर्भगृह में हुई, जिसकी पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई घटना 11 जून की सुबह करीब आठ बजे की बता ई जा रही है।इटियाथोक थाना क्षेत्र के करुआपारा निवासी अनिल कुमार दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचे थे।आरोप है कि जब वह शिवलिं ग पर जल चढ़ाने के लिए झुके,तभी एक चोर ने उ नकी जेब से नकदी और कागजात निकाल लिया।

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि सफ़ेद श र्ट पहने और कंधे पर गमछा डाले एक संदिग्ध यु वक पीड़ित के ठीक पीछे खड़ा था।जैसे ही श्रद्धा लु जल



चढ़ाने के लिए झुका,युवक ने उसकी जेब साफ कर दी और बिना जलाभिषेक किए गर्भगृह से बाहर निकल गया।पीड़ित अनिल कुमार ने स्था नीय थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि उन की जेब से बीस हजार रुपये नकद और कुछ मह त्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए हैं।पुलिस ने सीसीटी वी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।हुलि ए के आधार पर संदिग्ध की तलाश की जा रही है। घटना नगर कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित प्र सिद्ध बाबा दुखहरनाथ मंदिर परिसर में हुई है,जि ससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मंदिर के दानपात्र में चोरी की घटना सामने आ चुकी है।नग र कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि त हरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।चोरी की घटना में शामिल व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कठोर कानू नी कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बच्चों और अभिभावकों को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बहराइच तथा मानव सेवा संस्था (सेवा), रुपैडीहा के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय खेरनिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बाल श्रम के दुष्परिणामों तथा शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस दौरान एसएसबी के अधिकारियों एवं जवानों ने बाल श्रम के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित करता है तथा उनके बेहतर भविष्य में बाधा बनता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण प्राप्त करने का अधिकार है।




मानव सेवा संस्था (सेवा) के प्रतिनिधियों ने बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने लोगों से ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभागों एवं सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शिक्षा के महत्व, उनके अधिकारों तथा सुरक्षित भविष्य के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही प्रश्नोत्तरी, संवाद एवं प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी लोगों को मिलकर बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु कार्य करना होगा।

एसएसबी द्वारा समय-समय पर सीमा क्षेत्र के विद्यालयों एवं ग्रामीण इलाकों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में आयोजित यह कार्यक्रम बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बाल श्रम उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# एसएसबी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, स्मैक के साथ एक व्यक्ति हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की अवैध आवाजाही रोकने के अभियान के तहत 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के पास से 16 ग्राम स्मैक बरामद किया है। मामले में संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के मुताबिक बीती रात सीमा चौकी रुपैडीहा क्षेत्र में एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम नियमित जांच एवं निगरानी अभियान चला रही थी। इसी दौरान भारत से नेपाल जाने वाले मार्ग पर सीमा स्तंभ संख्या 651/02 के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से काले रंग की पॉलीथीन में रखा 16 ग्राम स्मैक बरामद होने की बात अधिकारियों ने कही है। बरामद पदार्थ की पुष्टि डॉग स्क्वाड द्वारा भी किए जाने की




जानकारी दी गई। पूछताछ में व्यक्ति की पहचान मेहदी हसन (38 वर्ष) निवासी चकिया रोड, थाना रुपैडीहा, जनपद बहराइच के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे यह मादक पदार्थ नानपारा क्षेत्र के एक व्यक्ति से प्राप्त हुआ था तथा वह इसे नेपाल ले जा रहा था। हालांकि मामले में पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है और बरामदगी व पूछताछ से जुड़े तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को देने के बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके उपरांत आरोपी एवं बरामद मादक पदार्थ को अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना रुपैडीहा के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एसएसबी एवं पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए लगातार संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है।

# कवन सो काज कठिन जग माही जो नही होइ तात तुम्ह पाही

## पुरुषोत्तम मास के अंतिम शनिवार पर सिंहपुर में सुंदर काण्ड पाठ एवं भण्डारा में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुरुषोत्तम मास के अंतिम शनिवार पर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिलौली एवं सिंहपुर में सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों और हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिलौली स्थित प्राचीनतम बड़े बाबा काली मंदिर के प्रांगण में पुरुषोत्तम मास के अंतिम शनिवार को दुर्गेश दीक्षित द्वारा तेरहवां विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।ग्राम पंचायत सिंहपुर के मोहल्ला संजय नगर में पुरुषोत्तम मास के अंतिम शनिवार पर सुंदर काण्ड पाठ एवं विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं राहगीरों ने पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।कवन सो काज कठिन जग माही जो नही होइ तात तुम पाही जैसी चौपाइयों से इलाका भक्तिमय नजर आ रहा था।कार्यक्रम के आयोजक कार्तिकेय शुक्ला ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, धर्मेश मिश्रा,आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, कौशलेंद्र सिंह, श्रीचंद्र चौरसिया,उपेन्द्र मिश्रा, सौरभ अवस्थी, सुशील सिंह, दिनेश जायसवाल, अतीन्द्र द्विवेदी, अवनीश तिवारी, कुलदीप मिश्रा, दीपू शुक्ला,राम खेलावन शुक्ला, गौरव मिश्रा,रवि तिवारी,सुनील शुक्ला, सुशील शुक्ला, गौरव तिवारी,लवकुश यादव, आलोक शुक्ला, राहुल पाठक, अनुपम शुक्ला,शशांक, प्रशांत,मंगलम शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिला बदर अपराधी गुफरान के घर पुलिस ने पीटी डुगडुगी, चस्पा किया नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिला बदर घोषित किए गए शातिर अपराधी गुफरान अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी खण्डौरा, थाना कादीपुर के घर पुलिस ने पहुंचकर डुगडुगी पिटवाकर न्यायालय के आदेश का सार्वजनिक ऐलान कराया। इस दौरान पुलिस ने उसके आवास पर जिला बदर का नोटिस भी चस्पा किया तथा परिजनों को आदेश की जानकारी देकर आगाह किया। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3(3) के तहत गुफरान अहमद को छह माह के लिए जनपद सुलतानपुर की सीमा से निष्कासित किया गया है। आदेश के अनुपालन में थाना कादीपुर पुलिस ने गांव में मुनादी कराते हुए लोगों को बताया कि जिला बदर अवधि के दौरान गुफरान का सुलतानपुर जनपद में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने परिजनों को बताया कि जिला बदर अवधि में गुफरान जिस भी जनपद में निवास करेगा, वहां के संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सूचना देना अनिवार्य होगा।

साथ ही उसे अपने निवास और गतिविधियों की जानकारी स्थानीय पुलिस को उपलब्ध करानी होगी। पुलिस ने चेतावनी दी कि यदि जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर गुफरान जनपद की सीमा में पाया गया या न्यायालय द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया, तो उसके विरुद्ध गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की संबंधित धाराओं में कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कादीपुर पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को अपराधियों के विरुद्ध प्रशासन की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कान–नाक–गला विशेषज्ञों की कमी से रोगियों को नहीं मिल रहा इलाज, केंद्रीय मंत्री से लगाई गुहार

## नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभासद नादिर रजा बरकाती ने केंद्रीय राज्य मंत्री सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाक, कान एवं गला ईएनटी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती न होने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभासद एवं समाजसेवी नादिर रजा बरकाती ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर सीएचसी में तत्काल ईएनटी विशेषज्ञ की व्यवस्था कराने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि सीएचसी पूरनपुर में ईएनटी विशेषज्ञ न होने के कारण हजारों मरीजों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय अथवा निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। इससे गरीब एवं ग्रामीण परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की बड़ी आबादी लंबे समय से इस समस्या से जूझ रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। सभासद ने कहा कि बरसात के मौसम में संक्रमण एवं मौसमी बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में विशेषज्ञ चिकित्सक का अभाव मरीजों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। उन्होंने मांग की कि जनहित को देखते हुए सीएचसी पूरनपुर में स्थायी रूप से ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की जाए।ज्ञापन में यह भी सुझाव दिया गया कि यदि तत्काल स्थायी नियुक्ति संभव न हो तो कम से कम सप्ताह में एक दिन ईएनटी विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। नादिर रजा बरकाती ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनता का मूल अधिकार हैं और किसी भी क्षेत्र को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस संबंध में 8 जून को भी सभासद द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

### बरखेड़ा ब्लॉक की कमान अब एसडीएम हेमंत चौधरी के हाथों में

पीलीभीत।बरखेड़ा विकास खंड में ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार के निधन के बाद जिला प्रशासन ने क्षेत्र पंचायत के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पूरनपुर हेमंत चौधरी को प्रशासक नियुक्त किया है जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के आदेश पर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है 22 मई 2026 को ब्लॉक प्रमुख के निधन के बाद क्षेत्र पंचायत के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे थे अब हेमंत चौधरी ब्लॉक प्रमुख के सभी अधिकारों और दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा विकास योजनाओं और वित्तीय कार्यों की निगरानी करेंगे प्रशासक की नियुक्ति से बरखेड़ा ब्लॉक में रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलने और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है

# टीबी मुक्त सुल्तानपुर की दिशा में बड़ा कदम

## प्रभारी मंत्री ने पांच मरीजों को वितरित की पोषण पोटली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद को टीबी मुक्त बनाने के अभियान के अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने पांच टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। पोषण पोटली प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में बैजनाथ तिवारी, आदित्य तिवारी, आसाराम, शमा परवीन एवं जगप्रसाद शामिल रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि टीबी की दवा के साथ-साथ पौष्टिक आहार का सेवन अत्यंत आवश्यक है। उचित पोषण मिलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से टीबी के प्रति जागरूक रहने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से सुल्तानपुर को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.के. कनौजिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। टीबी क्लीनिक के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार एवं जुबेर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जनपद को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराते हुए इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# पीलीभीत में बेलगाम खनन पर प्रशासनिक सर्जरी! खनन अधिकारी सुभाष सिंह का तबादला, अब प्रांजुल सिंह के सामने बड़ी चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत में लंबे समय से अवैध खनन को लेकर उठ रहे सवालों और शिकायतों के बीच जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह का तबादला कर उन्हें मथुरा कर दिया गया है शासन ने उनकी जगह प्रांजुल सिंह को नया जिला खनन अधिकारी नियुक्त किया है इस बदलाव को जिले में बेलगाम खनन गतिविधियों और विभागीय कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों से जोड़कर देखा जा रहा है पिछले काफी समय से जिले में अवैध खनन के मामलों, विभाग की निष्क्रियता और कथित संरक्षण के आरोप चर्चा का विषय बने हुए थे आरोप लगते रहे कि खनन माफिया खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर अपने कारोबार को अंजाम देते रहे, जबकि जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हुआ ऐसे माहौल में सुभाष सिंह का तबादला कई सवालों को जन्म दे रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद जिले में अवैध खनन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं यही कारण है कि अब नए जिला खनन अधिकारी प्रांजुल सिंह की नियुक्ति को एक बड़ी प्रशासनिक परीक्षा माना जा रहा है सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नए अधिकारी खनन माफियाओं पर नकेल कस पाएंगे या फिर विभाग पहले की तरह सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रहेगा जनता और सामाजिक संगठनों की मांग है कि अवैध खनन में शामिल लोगों की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए और विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए फिलहाल पीलीभीत की जनता की निगाहें नए जिला खनन अधिकारी पर टिकी हैं आने वाले दिनों में उनकी कार्रवाई ही तय करेगी कि जिले में अवैध खनन पर वास्तव में अंकुश लगता है या फिर यह बदलाव भी केवल एक प्रशासनिक तबादला बनकर रह जाता है।

# करौंदी कलां के समाधान दिवस में 12 शिकायतें आईं, 4 का मौके पर निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। करौंदी कलां क्षेत्र में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी मामलों में जांच के आदेश दिए गए। समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार, राजबहादुर यादव राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को अपनी शिकायत सीधे प्रशासन के सामने रखने का मौका मिलता है।

### नदी किनारे हरे पेड़ों की कटाई कर लकड़ी ले जाने का आरोप

दोस्तपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम खालिसपुर दुर्गा में नदी किनारे हरे पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की कथित मिलीभगत से हरे पेड़ों का सौदा कर कटान कराया गया और पूरी लकड़ी मौके से उठा ली गई, जबकि सुबह से ही फॉरेस्टर, डीएफओ, उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी, पुलिस तथा डायल-112 सहित संबंधित अधिकारियों को मामले की सूचना दी गई थी। ग्रामीणों के अनुसार, शिकायत के बावजूद किसी भी जिम्मेदार विभाग ने समय रहते मौके पर पहुंचकर कार्रवाई नहीं की, जिससे कटान करने वाले बेखौफ होकर नदी किनारे के हरे पेड़ों को काटकर लकड़ी ले जाने में सफल रहे। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और वन विभाग तत्काल संज्ञान लेते तो पेड़ों को बचाया जा सकता था। क्षेत्रीय लोगों ने आरोप लगाया कि नदी किनारे स्थित पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में खुलेआम पेड़ों की कटाई होना विभागीय निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। अब देखना यह है कि शिकायतों के बावजूद हुई इस कथित अवैध कटाई के मामले में प्रशासन और वन विभाग क्या कार्रवाई करते हैं तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कब तक कानून का शिकंजा कसता है।

### मौसम का बदला मिजाज, धूल भरी आंधी के बाद झमाझम बारिश से मिली राहत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को सुबह करीब 10.30 बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज धूल भरी आंधी के बाद आसमान पर काले घने बादल छा गए और दिन में ही अंधेरे जैसा माहौल बन गया। इसके बाद शुरू हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोगों ने राहत की सांस ली। तेज हवाओं और बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे कई दिनों से पड़ रही प्रचंड गर्मी का असर कम हो गया। हालांकि आंधी के दौरान धूल का गुबार छाने से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। बारिश शुरू होते ही बच्चे और युवा मौसम का आनंद लेते नजर आए, जबकि किसानों ने भी इस वर्षा का स्वागत किया। किसानों का कहना है कि खरीफ फसलों की तैयारी के लिए यह बारिश लाभदायक साबित हो सकती है। फिलहाल जिले भर में मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि प्रशासन और मौसम विशेषज्ञों ने तेज हवा और बारिश के दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बारिश के बाद पूरे जनपद में गर्मी का असर काफी हद तक कम हो गया है।

### शिवसेना ने धूमधाम से मनाया आदित्य ठाकरे का 35वाँ जन्मदिवस : शैली शर्मा

पीलीभीत। शिवसेना पीलीभीत इकाई द्वारा युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे जी का 35वां जन्मदिवस शिवसेना कार्यालय पर बडे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन जिलाप्रमुख शैली शर्मा व शिवसेना कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा के नेतृत्व में किया गया। शिवसेना कार्यालय पर पदाधिकारियोंऔर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आदित्य ठाकरे के दीर्घायु होने की कामना की ᵐ सभी ने एक-दूसरे को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और मिठाई बांटी ᵐइस अवसर पर शैली शर्मा ने कहा कि आदित्य ठाकरे ने मुंबई से विधायक रहते हुए पर्यावरण संरक्षण और जनसवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं । कार्यकर्ताओ ने कहा कि आदित्यठाकरे युवाओं के प्रेरणासरोत हैं और उनके जन्मदिन को सेवा कायों से मनाना गर्व की बात है ᵐ कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे आदित्य ठाकरे के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सेवा करते रहेंगे।

### नौ लाख रुपये में खरीदी गई भूमि बैंक में निकली बंधक,कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।पूरनपुर क्षेत्र के निवासी हरीश कुमार ने जमीन की खरीद-फरोख्त में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की शरण ली है न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र के अनुसार, प्रार्थी ने वर्ष 2024 एवं 2025 में जसवन्तपुर स्थित कृषि भूमि के हिस्से क्रमशः 6 लाख रुपये और 3 लाख रुपये में पंजीकृत बैनामों के माध्यम से खरीदे थे आरोप है कि विक्रेताओं ने विक्रय विलेख में भूमि को पूर्णतः भारमुक्त दर्शाया, जबकि बाद में नामांतरण प्रक्रिया के दौरान जानकारी मिली कि उक्त भूमि वर्ष 2019 से पंजाब नेशनल बैंक, पूरनपुर शाखा में ऋण के एवज में बंधक है बैंक बंधक होने के कारण खरीदार एवं उसके पुत्रों के नाम भूमि का नामांतरण नहीं हो सका प्रार्थी का आरोप है कि विक्रेताओं ने जानबूझकर भूमि पर बैंक ऋण एवं बंधक की जानकारी छिपाकर धोखाधड़ी की कई बार ऋण चुकता कर भूमि को मुक्त कराने की मांग करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई प्रार्थी ने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से थाना तथा पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद हरीश कुमार ने बीएनएसएस की धारा 173(4) के अंतर्गत न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने की मांग की है -

# पूरनपुर का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर फिर गिरफ्तार,चोरी की बाइक बरामद लेकिन बड़ा सवाल–आखिर कब तक कानून से खेलते रहेंगे शातिर अपराधी?

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।पूरनपुर पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए शातिर अपराधी सुभप्रीत सिंह उर्फ शब्बो को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है पुलिस के अनुसार आरोपी ने 11 जून 2026 को पूरनपुर स्थित ऋक्ष्खद्दट्ट कोचिंग सेंटर के बाहर से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी की थी चोरी की घटना के संबंध में करन कश्यप की तहरीर पर थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था 13 जून को पुलिस ने अकैडमिक हायर पब्लिक स्कूल के पास खाली पड़े प्लॉट के निकट से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पूछताछ में चोरी की घटना स्वीकार की लेकिन इस गिरफ्तारी से भी बड़ा सवाल आरोपी का आपराधिक इतिहास खड़ा कर रहा है पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सुभप्रीत सिंह उर्फ शब्बो पर लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं अमरिया और पूरनपुर थानों में उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं इसके बावजूद वह लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा और एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देता रहा स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है आरोपी का नाम पहले भी बाइक चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में सामने आ चुका है कई पीड़ित ऐसे भी हैं जिन्होंने शिकायतें तो कीं, लेकिन उनके मामलों में अपेक्षित कार्रवाई या खुलासा नहीं हो सका यही वजह है कि क्षेत्र में लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि शातिर अपराधी गिरफ्तारी के कुछ समय बाद फिर बाहर आकर नए अपराधों को अंजाम देने लगते हैं सबसे चिंताजनक बात यह है कि बार-बार जेल जाने और गंभीर मुकदमे दर्ज होने के बावजूद ऐसे अपराधियों के हौसले कम नहीं हो रहे हर गिरफ्तारी के बाद कुछ समय के लिए राहत जरूर मिलती है, लेकिन जल्द ही वही चेहरे फिर किसी नई वारदात में सामने आ जाते हैं इससे आम नागरिकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है हालांकि पुलिस ने इस बार त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है, लेकिन जनता के मन में एक बड़ा सवाल अब भी कायम है–क्या केवल गिरफ्तारी ही पर्याप्त है, या फिर ऐसे आदतन अपराधियों के खिलाफ ऐसी प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जरूरत है जिससे वे बार-बार अपराध करने की स्थिति में ही न पहुंच सकें?फिलहाल पुलिस की कार्रवाई से बाइक मालिक को राहत मिली है, लेकिन पूरनपुर के लोगों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि लंबे आपराधिक इतिहास वाले ऐसे शातिर अपराधियों पर आगे कितनी कठोर और प्रभावी कार्रवाई होती है, ताकि क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन आईवीएफ के नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रशांत गुप्ता व महामंत्री नीतिश अग्रवाल का भव्य स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूरनपुर विधानसभा इकाई में नई जिम्मेदारियां सौंपे जाने के बाद नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रशांत गुप्ता एवं विधानसभा महामंत्री नीतिश अग्रवाल का वैश्य समाज एवं स्वर्णकार समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की वक्ताओं ने कहा कि समाज के हितों की रक्षा एवं सामाजिक एकता के लिए मजबूत संगठन की आवश्यकता है, जिसमें दोनों पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी नवीन दायित्व मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रशांत गुप्ता एवं महामंत्री नीतिश अग्रवाल ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्पूर्ण वैश्य समाज को संगठित करने, समाज की भागीदारी बढ़ाने तथा सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से समाज को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे उन्होंने आश्वासन दिया कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा वैश्य समाज के सम्मान, अधिकारों और वर्चस्व को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ है।

### कुरैया में सोलर पैनल चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुरैया नई बाजार में दुकानों की छतों से चोरी हुए सोलर पैनलों के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 10 सोलर पैनल बरामद किए हैं बताया जाता है कि गुरुवार रात चोर दुकानों की छतों पर लगे सोलर पैनल उतार ले गए थे घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की ग्रामीणों द्वारा संदिग्ध ई-रिक्शा की सूचना मिलने पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही पूछताछ में करन कश्यप, सनी वर्मा और वीरू सक्सेना ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया मामले के शीघ्र खुलासे और बरामदगी से व्यापारियों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## सम्पादकीय

# हाईकोर्ट का सराहनीय फैसला

लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने के लिए मीडिया की स्वतंत्रता को कुचलने की कुटिल चालें लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ पर आर्थिक अपराध शाखा और प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की थी। जिस पर अब दिल्ली उच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि यह कार्रवाई स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के खिलाफ शक्तियों का दुरुपयोग है। विडंबना यह है कि सत्ता में बैठे लोग और समूची भाजपा, जो लगातार दावा कर रही है कि नरेन्द्र मोदी के बारह वर्षों के शासन में देश मजबूत हुआ है, उसने इस मामले में दो शब्दों का अफसोस भी जाहिर नहीं किया। क्या देश की मजबूती में लोकतंत्र का मजबूत होना शामिल नहीं है। क्या ऐसे बेबुनियाद मामलों से न केवल ईमानदारी से काम करने वालों को परेशान किया जाता है, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता पर भी आंच आती है। क्या भाजपा को यह स्थिति स्वीकार्य है। अगर है, तो फिर उसे खुलकर अपने इरादे अब बता देने चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र के साथ लुका-छिपी का खतरनाक खेल पिछले 12 सालों से खेला ही जा रहा है। गौरतलब है कि प्रबीर पुरकायस्थ पर आरोप था कि उनकी कंपनी पीपीके न्यूज क्लिक स्टूडियो प्राईवेट लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में अमेरिका की कंपनी वर्ल्डवाईड मीडिया होल्डिंग्स कंपनी से 9 करोड़ 59 लाख रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल किया। ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर में कहा गया था कि ये एफडीआई कानून का उल्लंघन कर हासिल की गई। अगस्त 2020 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को एफडीआई नियमों से बचने के लिए शेयर के ज्यादा मूल्यांकन वाले ट्रांजेक्शन के जरिए वर्ल्डवाईड मीडिया होल्डिंग्स (डब्ल्यूडब्ल्यूएमएच) कंपनी से एफडीआई के तौर पर 9.59 करोड़ रुपये मिले थे। इस मामले में प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। दोनों को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। इस रिपोर्ट में आरोप लगाए गए थे कि न्यूजक्लिक ने चीनी दुष्प्रचार फैलाने के लिए एक अमेरिकी अरबपति से फंडिंग ली है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और प्रबीर पुरकायस्थ, अभिसार शर्मा, औनिंद्यो चक्रवर्ती, भाषा सिंह, व्यंग्यकार संजय राजौरा, इतिहासकार सोहेल हाशमी आदि पर छापेमारी की गई। पुलिस ने छापेमारी के दौरान मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर समेत इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया था। तब आईटी सेल ने इन तमाम पत्रकारों को चीन के लिए काम करने के नाम पर खूब ट्रोल किया था। पत्रकारों की स्वतंत्र आवाज को दबाने के साथ-साथ उन्हें बदनाम करने के लिए कैसे हथकंडे इस्तेमाल होते हैं, यह उसी का एक उदाहरण था। इस गिरफ्तारी के छह महीने बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई, 2024 को प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर किया था कि प्रबीर पुरकायस्थ की हिरासत लेते वक्त उनके वकील को हिरासत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। सुप्रीम कोर्ट ने तब यह भी कहा था कि प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार करते वक्त गिरफ्तारी की लिखित वजह भी नहीं बताई गई। अब यह पूरा मामला ही औंधें मुंह गिर गया है। दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने अपने फैसले में कहा कि, श्मौजूदा कार्यवाही न केवल दुर्भावनापूर्ण है, बल्कि याचिकाकर्ताओं की स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के खिलाफ शक्तियों का मनमाना हमला और दुरुपयोग भी है। हाईकोर्ट ने ईडी के दावे को श्पूरी तरह गलत और आधारहीनश माना। बार एंड बेंच के मुताबिक, न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने अपने आदेश में कहा कि मामले में लगाए गए आरोपों के समर्थन में अपराध के आवश्यक तत्व नहीं पाए गए। वहीं एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि, इस एफआईआर को जारी रखना कघनून की प्रक्रिया का गंभीर दुरुपयोग है।

# गृहिणी राष्ट्रनिर्माता है तो हिंसा की शिकार क्यों?

**सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय भारतीय समाज में महिलाओं के अवैतनिक श्रम को मान्यता देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सदियों से गृहिणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को केवल कर्तव्य या प्रेम का विस्तार मान लिया गया। घर की सफाई, भोजन बनाना, बच्चों का पालन-पोषण, बुजुर्गों की सेवा, परिवार के स्वास्थ्य और संस्कारों की रक्षा, घरेलू प्रबंधन और सामाजिक संबंधों का निर्वहन-इन सभी कार्यों को महिलाओं का स्वाभाविक दायित्व माना गया। परिणामस्वरूप उनके श्रम को कभी आर्थिक दृष्टि से नहीं आंका गया। वास्तव में यदि किसी परिवार में गृहिणी द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त किया जाए, तो उस पर भारी आर्थिक व्यय आएगा। इसके बावजूद गृहिणी के श्रम को न तो वेतन मिलता है और न ही सामाजिक मान्यता। वह चौबीस घंटे और वर्ष के तीन सौ पैंसठ दिन कार्यरत रहती है। उसका कोई अवकाश नहीं होता, कोई पदोन्नति नहीं होती और कोई सेवानिवृत्ति नहीं होती। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना कि गृहिणी केवल परिवार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देती है, सामाजिक चेतना को नई दिशा देने वाला विचार है। न्यायालय ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामले में गृहिणी की सेवाओं का मूल्यांकन न्यूनतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह के आधार पर करने की बात कही। यह केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता को चुनौती है जो घरेलू श्रम को महत्वहीन समझती रही है।**

भारतीय समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के दावे लंबे समय से किए जाते रहे हैं। उन्हें 'आधी आबादी' और विकास की समान भागीदार कहा जाता है। शिक्षा, रोजगार, राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जाती हैं। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की प्रतिबद्धता जताई जाती है। सरकारें महिला सशक्तीकरण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करती हैं और समाज भी महिलाओं की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करता है। लेकिन इन सबके बीच कुछ ऐसे तथ्य सामने आते हैं, जो हमें इस सशक्तीकरण के वास्तविक स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए विवश करते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने गृहिणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें 'नेशन बिल्डर' अर्थात राष्ट्रनिर्माता कहा। न्यायालय ने यह भी माना कि घरेलू कार्यों और परिवार की देखभाल में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले श्रम का आर्थिक मूल्य है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़े बताते हैं कि देश में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक चौथी तथा शहरी क्षेत्रों की प्रत्येक छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार होती है। यह स्थिति एक गहरे विरोधाभास को उजागर करती है। जिस महिला को राष्ट्रनिर्माता कहा जा रहा है, वही महिला अपने घर, परिवार और समाज में असुरक्षा और हिंसा का सामना करने को विवश है। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय भारतीय समाज में महिलाओं के अवैतनिक श्रम को मान्यता देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सदियों से गृहिणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को केवल कर्तव्य या प्रेम का विस्तार मान लिया गया। घर की सफाई, भोजन बनाना, बच्चों का पालन-पोषण, बुजुर्गों की सेवा, परिवार के स्वास्थ्य और संस्कारों की रक्षा, घरेलू प्रबंधन और सामाजिक संबंधों का निर्वहन-इन सभी कार्यों को महिलाओं का स्वाभाविक दायित्व माना गया। परिणामस्वरूप उनके श्रम को कभी आर्थिक दृष्टि से नहीं आंका गया। वास्तव में यदि किसी परिवार में गृहिणी द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त किया जाए, तो उस पर भारी आर्थिक व्यय आएगा। इसके बावजूद गृहिणी के श्रम को न तो वेतन मिलता है और न ही सामाजिक मान्यता। वह चौबीस घंटे और वर्ष के तीन सौ पैंसठ दिन कार्यरत रहती है। उसका कोई अवकाश नहीं होता, कोई पदोन्नति नहीं होती और कोई सेवानिवृत्ति नहीं होती। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना कि गृहिणी केवल परिवार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देती है, सामाजिक चेतना को नई दिशा देने वाला विचार है। न्यायालय ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामले में गृहिणी की सेवाओं का मूल्यांकन न्यूनतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह के आधार पर करने की बात कही। यह केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता को चुनौती है जो घरेलू श्रम को महत्वहीन समझती रही है। वास्तव में महिलाओं का यह अदृश्य श्रम देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यदि इस श्रम का आर्थिक मूल्यांकन किया जाए और उसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शामिल किया जाए, तो भारत की अर्थव्यवस्था की तस्वीर काफी बदल सकती है। लेकिन इसी संदर्भ में दूसरा पक्ष और भी अधिक चिंता पैदा करता है। जिस महिला के योगदान को सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्र निर्माण का आधार मान रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सफल 12 वर्ष के रिकार्ड प्रधानमंत्री शासन की आयोजनाओं के अवसर पर महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सम्मान की अधिकारी मान कर रहे हैं, क्या उसे वह सम्मान, सुरक्षा और गरिमा प्राप्त है जिसकी वह अधिकारी है? दुर्भाग्य से इसका उत्तर संतोषजनक नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज भी एक गंभीर सामाजिक समस्या बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक चौथी महिला और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक छठी महिला हिंसा का सामना करती है। 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में लगभग 22 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि उन्हें वैवाहिक जीवन में घरेलू हिंसा झेलनी पड़ी। यह स्थिति एक गहरे विरोधाभास को उजागर करती है। जिस महिला को राष्ट्रनिर्माता कहा जा रहा है, वही महिला अपने घर, परिवार और समाज में असुरक्षा और हिंसा का सामना करने को विवश है। यह स्थिति तब है जब महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए जा चुके हैं और महिला अधिकारों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि यदि कानून मौजूद हैं, योजनाएं चल रही हैं और महिला सशक्तीकरण को राष्ट्रीय एजेंडा बनाया जा चुका है, तो फिर महिलाओं के खिलाफ हिंसा क्यों नहीं रुक रही? आखिर क्यों घर से लेकर कार्यस्थल तक महिलाएं स्वयं को पूर्णतः सुरक्षित महसूस नहीं कर पातीं? इसका उत्तर केवल कानूनी व्यवस्था में नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में छिपा है। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी पितृसत्तात्मक सोच से प्रभावित है। महिलाओं को परिवार की धुरी तो माना जाता है, लेकिन निर्णय लेने की स्वतंत्रता और समान अधिकार देने में संकोच किया जाता है। एक ओर उनके श्रम पर परिवार की पूरी व्यवस्था निर्भर रहती है, दूसरी ओर उनके योगदान को पर्याप्त सम्मान नहीं मिलता। यही मानसिकता कई बार घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और सामाजिक भेदभाव का कारण बनती है। आज भी दहेज प्रथा समाज पर कलंक बनी हुई है। अनेक शिक्षित परिवारों में भी दहेज की मांग और उससे जुड़े अपराध सामने आते हैं। हाल के वर्षों में दहेज हत्या और उत्पीड़न के अनेक मामले राष्ट्रीय चर्चा का विषय बने हैं। यह विडंबना ही है कि एक लड़की की शिक्षा, पालन-पोषण और विवाह पर भारी व्यय करने वाले माता-पिता को विवाह के समय अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने के लिए मजबूर किया जाता है। यह केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान पर सीधा आघात है। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर प्रताड़ित करने, यौन हिंसा, बाल विवाह, मानव तस्करी और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अंधविश्वासों तथा सामाजिक पिछड़ेपन के कारण महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अधिक दिखाई देती हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि आर्थिक विकास के बावजूद सामाजिक चेतना का विकास अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। महिला सशक्तीकरण को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व या आर्थिक अवसरों तक सीमित नहीं किया जा सकता। सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ है-सम्मान, सुरक्षा, समान अवसर और स्वतंत्र निर्णय क्षमता। यदि कोई महिला आर्थिक रूप से सक्षम है, लेकिन घर में हिंसा का शिकार है, तो उसे पूर्णतः सशक्त नहीं कहा जा सकता। इसी प्रकार यदि उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल जाए, लेकिन सामाजिक सम्मान न मिले, तो भी सशक्तीकरण अधूरा रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला सशक्तीकरण को बहुआयामी दृष्टि से देखा जाए। महिलाओं के घरेलू श्रम को मान्यता देने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालयों और परिवारों में लैंगिक समानता के संस्कार विकसित किए जाएं। पुरुषों और लड़कों को भी इस परिवर्तन प्रक्रिया का भाग बनाया जाए। केवल महिलाओं को जागरूक करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, समाज की सोच में परिवर्तन लाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने, शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। पुलिस और प्रशासन को महिलाओं से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाना होगा। कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा ताकि अपराधियों में दंड का भय उत्पन्न हो और पीड़ित महिलाओं को न्याय प्राप्त हो सके। साथ ही यह भी आवश्यक है कि महिलाओं के अवैतनिक श्रम को राष्ट्रीय आर्थिक विमर्श का हिस्सा बनाया जाए। समय आ गया है कि घरेलू कार्यों को केवल निजी दायित्व न मानकर सामाजिक और आर्थिक योगदान के रूप में स्वीकार किया जाए। इससे न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना भी सुदृढ़ होगी। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र निर्माण केवल संसद, उद्योग, सेना या प्रशासन तक सीमित नहीं है। परिवार का निर्माण और उसका संरक्षण भी राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और इस कार्य की सबसे बड़ी वाहक महिला है। लेकिन यदि वही महिला हिंसा, भेदभाव और असुरक्षा का सामना करती रहे, तो राष्ट्र निर्माण का यह सपना अधूरा ही रहेगा। इसलिए आज आवश्यकता केवल महिलाओं के श्रम का मूल्यांकन करने की नहीं, बल्कि उनके जीवन का मूल्य समझने की है। **-ललित गर्ग**

# स्मृति शेषः भारतीय निशानेबाजी के सितारे जसपाल राणा

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारतीय निशानेबाजी के महारथी और कोच जसपाल राणा के असामयिक निधन से खेल जगत स्तब्ध है। मात्र 49 वर्ष में उनका चले जाना निश्चय ही ह्रदय विदारक है। देश के लिए अपूरणीय क्षति है। जसपाल निशानेबाजी के ऐसे पुरोधा थे जिन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों में 15 पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया, स्वयं एशियाई खेलों और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद नई पीढ़ी को तैयार करने में जुट गए। इस समय वे युवा निशानेबाज मनु भाकर के प्रशिक्षक थे। जसपाल राणा को अर्जुन पुरस्कार, पद्मश्री और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय खेल इतिहास के सबसे चमकदार व होनहार निशानेबाज थे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में जन्मे जसपाल राणा को उनके पिता नारायण सिंह राणा ने बीएसएफ अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित करवाया था। 12 वर्षीय राणा ने अहमदाबाद में 31वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप से राष्ट्रीय निशानेबाजी में पदार्पण किया था। तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि एक दिन यह छोटा बालक इतना करिश्माई निकलेगा। जसपाल ने आरम्भ में पिस्टल और राइफल दोनों से अभ्यास किया किंतु बाद में फ़ेडरेशन ने एक इवेंट के लिए एक ही शूटर को चुनने का नियम लागू किया जिसके बाद उन्होंने पिस्टल शूटिंग को चुना। जसपाल 12 वर्ष की आयु तक आते-आते राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने लगे थे। उन्होंने 1988 में 12 वर्ष की अवस्था में ही 31वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत लिया था। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ खेलों और एशियाई खेलों को मिलाकर कुल 23 पदक अपने नाम किए थे। जसपाल ने एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते। वहीं, राष्ट्रमंडल खेलों में नौ स्वर्ण, चार रजत व दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जसपाल ने कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अद्भुत व शानदार प्रदर्शन कर भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। 1994 मिलान विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत यादगार रही। उन्होंने यह जीत दर्द से कराहते हुए प्राप्त की थी। प्रतियोगिता से एक दिन पहले उन्हें घुटने में फोड़ा हो गया था और डाक्टरो ने उन्हें सर्जरी की सलाह देकर अस्पताल से छुट्टी देने से मना कर दिया था किंतु उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखा और डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार करते हुए प्रतियोगिता मे भाग लेने का निश्चय किया। किंतु अस्पताल से निकलने के बाद उसी रात फोड़ा फूट गया और उनका दर्द बढ़ गया। वे अपनी जींस तक नहीं उतार पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जीन्स को फाड़कर हाफ पैंट बनाई और उसे पहन कर ही अगली सुबह प्रतियोगिता में उतरे। राणा ने असहनीय दर्द में मैच खेला और जूनियर कैटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष उन्होंने हिरोशिमा एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। 1994 में हिरोशिमा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जसपाल को इसी वर्ष मात्र 18 वर्ष की अवस्था में अर्जुन पुरस्कार मिला। जसपाल राणा का जीवन खेल व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। वह हर बार रेंज पर उतरते समय देश का गौरव अपने साथ लेकर चलते थे। एक खिलाड़ी के रूप में तो उनका कैरियर शानदार रहा। दूसरी पारी में वह एक अच्छे प्रशिक्षक बने। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते। उन्होंने सौरभ चौधरी, अनीश भानवाला और चिंकी यादव सहित कई अन्य निशानेबाज़ो के कैरियर को संवारने में अहम भूमिका निभाई । जसपाल राणा की उपलब्धियों ने देश को ख़ुशी से झूमने का अवसर दिया। अगली पीढ़ी को गढ़ा। उनकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड के लोकप्रिय गीतकार नरेंद्र सिंह नेगी ने जसपाल के नाम से वर्ष 1999 में एक गीत बनाया था। मात्र 49 वर्ष की अवस्था में जसपाल का जाना एक शून्य उत्पन्न कर गया है।

## सेहत मंत्र

# कैंसर और अस्थमा जैसी घातक बीमारियों से दूर रखता है जीरा

वैसे तो भारतीय रसोईघरों में बहुत सी चीजें आपको यूं ही पड़ी हुई मिल जाती हैं लेकिन जीरा आपको हर घर की मसालेदानी में जरूर दिखाई देता होगा। जीरे का खाने में खूब प्रयोग किया जाता है। जीरा खाने के स्वाद और सुगंध को बढ़ाने में मदद करता है। सूप, सब्जी, दाल, रायता, सलाद, जूस आदि में प्रयोग होने वाले जीरे के बहुत सारे फायदों के बारे में आप शायद जानते भी नहीं होंगे। जीरा में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट सूजन को कम करने और मांसपेशियों को आराम पहुचांने में कारगर साबित होते हैं। जीरा आयरन, कॉपर, कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, जिंक व मैगनीशियम जैसे मिनरल्स का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें विटामिन ई, ए, सी और बी-कॉम्प्लैक्स जैसे खनिज भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जीरा न केवल आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है बल्कि इसका पानी पीने से उल्टी-दस्त, गैस और कॉन्सटिपेशन से भी राहत मिलती है। जीरे में पाए जाने वाले पर्याप्त मात्रा में मौजूद पोषक तत्व और खनिज इसकी गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक है। जीरे के सेवन के कई फायदे हैं, जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं अगर आप भी जीरे का सेवन नहीं करते हैं तो आज से ऐसा करना शुरू कर दें क्योंकि यह कैंसर और अस्थमा जैसी घातक बीमारियों से आपको दूर रखने में मदद करता है।जीरे में मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। अगर आप जीरे का नियमित सेवन करते हैं तो आप दिल की बीमारियों और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। इसके अलावा जीरा शुगर के मरीजों के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। अगर आपको लगातार सर्दी-जुकाम जैसी समस्या रहती है तो जीरे का सेवन जरूर करें। जीरे में मौजूद विटामिन-सी और आयरन सर्दी-जुकाम से लड़ने में मदद करते हैं और आपकी इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं। जीरा फ़ेफड़ें से जुड़ी अन्य समस्याओं में कारगार साबित होता है और ये अस्थमा के मरीजों के लिए भी लाभकारी है।

## धर्म मंत्र

# कल्याणेश्वर महादेव मंदिर अपने आप में समेटे है कई रहस्य, शिवलिंग पर अर्पित जल हो जाता है गायब

दिल्ली से करीब 90 किलोमीटर दूर गढ़मुक्तेश्वर में पांच मंदिर स्थित हैं। इन पांच मंदिरों में सबसे पुराना कल्याणेश्वर महादेव का मंदिर है। इस मंदिर के रहस्य और चमत्कार को आज तक कोई भी नहीं समझ पाया है। बताया जाता है कि भोलेनाथ का यह मंदिर अपने आप में कई रहस्यों को समेटे हुए हैं। इस मंदिर का सबसे बड़ा रहस्य यह है कि यदि कोई यहां के शिवलिंग पर जल अर्पित करता है। तो वह जल शिवलिंग पर बहता नहीं बल्कि गायब हो जाता है। यह पानी कहां गायब हो जाता है। आज तक इस रहस्य को कई भी नहीं जान पाया है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के इतिहास और रहस्यों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसे पढ़कर आप भी दंग रह जाएंगे। दिल्ली से 90 किलोमीटर दूर गढ़मुक्तेश्वर में यह मंदिर स्थित है। इस मंदिर की पौराणिक कथा के अनुसार, महाभारत काल का एक राजा नहूस था। बताया जाता है कि उस राजा ने इस मंदिर के शिवलिंग पर लाखों घड़े जल अर्पित किया था। लेकिन इसके बाद भी वह राजा यह नहीं जान पाया कि आखिर शिवलिंग पर अर्पित किया गया जल कहां गायब हो जाता है। कहते हैं कि जब राजा ने शिवलिंग की परीक्षा लेने के लिए उस पर लाखों घड़े पानी अर्पित किया तो इस परीक्षा के कारण उसे श्राप लग गया था। उस श्राप के कारण राजा नहूस की पूरी जिंदगी तबाह हो गई थी।

## पर्यटन



# झुकी होने के बाद भी मजबूती से खड़ी है पीसा की झुकी मीनार

अभी इटली की यात्रा शुरू ही हुई थी और हम रोम की सितंबर माह की तेज गर्मी में कोलोजियम देख कर लौटे थे कि वहां रहने वाले फैमिली फ्रेंड्स ने रात के खाने का ऑफर दे दिया। खाना भी उनके घर पर नहीं, बल्कि पुराने रोम और नए रोम के मध्य में ठहरे एक रेस्तरां में, जहां का अनुभव अनूठा था। यूरोप यात्रा का पहला दिन रोम में यूरोपियन संस्कृति, वास्तुकला को देखते हुए और बरसों पुरानी मेट्रो में यादगार सफर करते और वहां के लोकल पिज्जा का स्वाद चखने में बीता। अब दूसरा दिन था इटली के बहुत चौड़े नहीं, लेकिन सुंदर राजमार्गों से गुजरने का और प्रकृति के साथ रूबरू होने का। गाइड क्लाउडियो ने रात को ही होटल में जो प्रोग्राम लगाया उसमें इटली के टस्कनी क्षेत्र से गुजरते हुए पीसा जाने का कार्यक्रम तय था। पीसा जाना और वहां स्थित कैथेड्रल स्क्वायर की झुकी हुई मीनार को देखना निश्चित रूप से कौतूहल पैदा कर रहा था। देर रात में डिनर से लौटने के बाद भी नियत समय पर अंतरराष्ट्रीय सैलानियों का पूरा ग्रुप पीसा जाने वाली कोच में सवार था। अब शुरू हो गया था टूरिस्ट गाइड का अनवरत बोलना। वह बता रहे थे कि कैसे हम टस्कनी के खूबसूरत पहाड़ों, पेड़ों और वाइन यार्डस से गुजरेंगे और पीसा पहुंचेंगे। कुछ घंटों की यह यात्रा बहुत रोमांचक थी, क्योंकि हम यूरोप यात्रा में एक अलग से डेस्टिनेशन की ओर बढ़ रहे थे और वहां के खुले मौसम, नीले आसमान और स्वच्छ पर्यावरण के मुरीद होते जा रहे थे। वैसा चमकता आसमां यहां कभी देखा नहीं और देखा भी तो शायद कश्मीर की वादियों में जब बर्फबारी के बाद खुलकर धूप निकलती है। वास्तव में रोम से पीसा का रास्ता मनमोह लेने वाला था। कई वीडियो बनाए हरियाली और बलखाती साफ-सुथरी सड़कों के। आखिर में हम पहुंचे पीसा। लग रहा था कि कोई बहुत बड़ा कैंपस होगा, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित है। बंगलादेशी नागरिकों के लगाए विंडो मार्केट में बिकते भारतीय और चाइनीज सामान को देखते हुए गुजरे तो सीधे एक गेट पर पहुंचे, तो सामने से सीधे दिखी वह मीनार जो पीसा की झुकती मीनार के नाम से दुनिया भर में जानी जाती है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें, मौके पर कराया निस्तारण; मोहर्रम, अहम निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शनिवार को थाना मुख्यालय पर आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि दो अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। नहामऊ निवासी सुबोध कुमार पुत्र छंगालाल ने मेडबंदी कराए जाने की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद लेखपाल को बुलाकर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया। वहीं डेढ़वा निवासी रामसमुझ पुत्र विश्वनाथ ने गांव के फूलचंद पर नाली का पानी रोकने का आरोप लगाया, जबकि हसनपुर पहाड़ापुर निवासी पूनम पत्नी भरतलाल ने गांव की प्रियंका सिंह पर दीवार गिरवाने की शिकायत दर्ज कराई। दोनों मामलों में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर जांच एवं निस्तारण के निर्देश दिए। मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, नई परंपरा पर रोक थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्बा सहादतगंज में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर दोनों पक्षों के लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान मजलिस, जुलूस एवं ताजिया कार्यक्रम पूर्व वर्षों की परंपरा के अनुसार ही आयोजित किए जाएं तथा कोई नई परंपरा शुरू न की जाए। उन्होंने आपसी सौहार्द, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक सतीश कुमार श्रीवास्तव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अवस्था में शव मिला। पुलिस ने शव की पहचान रहटा गांव निवासी पवन गौतम (32) के रूप में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक अपने मानसिक रूप से बीमार छोटे भाई के साथ रहता था और दोनों अविवाहित थे। बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो चुका था। एसएचओ अरुण प्रताप सिंह ने प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे की बात कही।पीए के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# किशोरियों को लगाया गया एचपीवी टीका, स्वास्थ्य व साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली, बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में शनिवार को वात्सल्य संस्था के सहयोग से क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई 20 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका लगाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौर ने बताया कि एचपीवी टीका भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में सहायक है। उन्होंने किशोरियों को समय पर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किशोरियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा समाज की प्राथमिकता है।

वात्सल्य संस्था की ब्लॉक समन्वयक सीमा वर्मा ने स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और शिक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए किशोरियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके बाद थाना मसौली में प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूकता संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आलोक सिंह, कमलेश, शोभिका मिश्रा, मंजूलता शर्मा एवं सीमा वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में 13 शिकायतें आईं, 8 का मौके पर निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। कोतवाली बदोसराय में शनिवार को उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम ने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों की पैमाइश कराते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए भी टीमों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों को बार-बार तहसील और थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान एडीआर अधिकार मित्र अजीत सिंह ने दो पारिवारिक मामलों में सुलह-समझौता भी कराया।

# नवागत कोतवाल को चोरों की सलामी, नगदी सहित लाखों के जेवरात उड़ाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम मेनहुआ में चोरों ने नवागत कोतवाल अनिल सिंह के असंद्रा कि चार्ज संभालते ही खुली चुनौती देते हुए एक घर को निशाना बनाया और नगदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नवागत कोतवाल के कार्यभार संभालने के कुछ ही समय बाद हुई इस बड़ी चोरी ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मेनहुआ निवासी संजय विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद विश्वकर्मा के घर में 12 जून 2026 की रात अज्ञात चोर घुस गए। चोर घर में रखे बक्सों को उठाकर ले गए और उनमें रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान में सोने की अंगूठी, झुमकी, दो माला, नथुनी, चार नथिया, बुंदा, कील, दो ओम, चांदी की पायजेब, हाफ पेटी, पायल, टूटी पायलें, 14 जोड़ी बिछिया, चांदी की बाल क्लिप तथा 1250 रुपये नगद शामिल हैं। चोरी गए जेवरात की कीमत लाखों में बताई जा रही है।पीड़ित ने बताया कि रात करीब 1:20 बजे नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई। खोजबीन करने पर गांव के बाहर चार खाली बक्से पड़े मिले। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली असंद्रा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले जांच में जुट गई है।

## चुनौतियां का सागर है थाना असंद्रा का चार्ज खरे उतरना चुनौती

अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक असंद्रा बनाएं नवागत निरीक्षक अनिल सिंह के लिए असंद्रा क्षेत्र काफी चुनौती भरा है, क्षेत्र में अवैध खनन, कटान, खुले में बिकते मांस, आदि पर रोक लगा पाना मुख्यतः चुनौती है, अवैध खनन पर रोक- असंद्रा थाने का अधिकतर हिस्सा तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र में आता है जहां पर पूर्व में नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी द्वारा अवैध खनन कर्ताओं पर कार्यवाही की जा चुकी है इसके अलावा क्षेत्र में माईन मित्रा ऐप का दुरूपयोग कर धरती का सीना चीर कर मिट्टी निकाली जा रही है। उन खनन कर्ताओं के मोबाइल नंबर से पुलिस कर्मियों के मोबाइल नंबर की जांच से दोनों के गठबंधन की पोल खुल सकती है। अवैध कटान व अवैध लकड़ी अड्डी व नियम विपरीत चलती आरामशीन
थाना असंद्रा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान जोरो पर है जिसकी बानगी जगह जगह खुली लकड़ी की अड्डियो पर देखी जा सकती है, थाना अंतर्गत दो आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ी की चिरान हमेशा होती रहती है, लकड़ी कटान करने वाले असंद्रा क्षेत्र के कई स्थानो पर जमावड़ा लगाए रहते हैं जहां पर थाना असंद्रा के सिपाही दीवान अक्सर देखे जाते हैं,
खुले में बिकता मांस – थाना क्षेत्र में देवीगंज चौराहा सुबेहा मार्ग सहित अन्य दर्जनों जगहों पर सड़क किनारे खुलेआम मांस बिकता नजर आता है। उपरोक्त समस्याएं तो महज उदाहरण है असंद्रा थाना क्षेत्र दो लोकसभा दो प्रमुख चार विधानसभा से घिरा हुआ है जहां पर चुनौतियां भी भरपूर है।

## त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची से पचासों नाम गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत सूपामऊ में त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची से पचासों मतदाताओं के नाम गायब होने का मामला सामने आया है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। प्रभावित मतदाताओं का आरोप है कि उनके नाम अनंतिम मतदाता सूची में शामिल थे, लेकिन अंतिम सूची जारी होने पर नाम हटा दिए गए। ग्रामीणों के अनुसार पूजा, विमल कुमार, परीदीन, मालती, दिनेश, पुष्पा, राजकुमार, सुनीता, मिथलेश कुमारी, धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों लोग पूर्व में मतदान कर चुके हैं तथा ग्राम पंचायत के स्थायी निवासी हैं। इसके बावजूद उनके नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया गया तो अनेक पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी पात्र मतदाताओं के नाम पुनः सूची में शामिल किए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीण शीघ्र ही जिलाधिकारी बाराबंकी को सामूहिक शिकायत पत्र सौंपकर जांच एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले बीएलओ एवं संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा पर्याप्त सत्यापन नहीं किया गया, जिसके कारण बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो गए हैं। ग्रामीणों ने मतदाता सूची तैयार करने की पूरी प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है।
बोले बीएलओ त्रि–स्तरीय पंचायत मतदाता सूची के तत्कालीन बीएलओ संदीप कुमार ने बताया कि उनके द्वारा नाम जोड़ने एवं हटाने का कार्य निर्धारित प्रपत्रों के आधार पर किया गया था। बड़ी संख्या में नाम अंतिम सूची से कैसे बाहर हुए, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। दावेदार का दावा, समर्थकों के नाम हुए बाहर ग्राम पंचायत सूपामऊ से प्रधान पद की दावेदारी कर रहीं शची सिंह ने आरोप लगाया कि अंतिम मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनमें चार दर्जन से अधिक उनके समर्थकों के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम पुनः सूची में शामिल कराने के लिए वह प्रशासनिक स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगी तथा मामले की जांच की मांग करेंगी।

## सांप के काटने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बाराबंकी सिद्धौर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह जहरीले सांप के काटने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अमर सिंह रावत की इकलौती पुत्री अनामिका रावत (14) शनिवार सुबह घर के कामकाज में लगी थी। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटते ही अनामिका शोर मचाते हुए भागी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो सांप वहीं मौजूद था। घबराए परिजन तत्काल अनामिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख–पुकार मच गई। अनामिका अपने माता–पिता की इकलौती संतान थी। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

## नहर में मिला अज्ञात महिला का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के बड़ेला नारायणपुर गांव के पास नहर में शनिवार सुबह एक अज्ञात महिला का सड़ा–गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत होता है। महिला के हाथों में चूड़ियां और कलावा बंधा मिला है, जिससे उसके हिंदू परिवार से होने की संभावना जताई जा रही है।
शव की स्थिति अत्यधिक खराब होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है तथा मामले की जांच जारी है।

## सड़क किनारे मिला युवक का क्षत–विक्षत शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम रहटा निवासी 35 वर्षीय पवन पुत्र सोमवारी का शव शनिवार सुबह सूरतगंज–महादेवा मार्ग पर अमराई गांव के पास सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार पवन शुक्रवार को किसी निजी कार्य से घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव पड़ा देखा और उसकी पहचान पवन के रूप में की। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रजनीश कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, हत्या का आरोप

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में थाना नहटौर क्षेत्र में शनिवार को एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धामपुर क्षेत्र के ग्राम भटियाना खुशाहलपुर निवासी हरीराज सिंह ने अपनी पुत्री मोनिका की शादी करीब साढ़े तीन साल पहले नहटौर क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा उर्फ कादीपुरा निवासी अनिल कुमार के साथ की थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे परिजनों ने मोनिका का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता हरीराज सिंह ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही बेटी मोनिका को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। उन्होंने बताया कि बेटी मोनिका पिछले कुछ समय से अपने मायके में ही रह रही थी। शुक्रवार को उसका पति अनिल कुमार समझा–बुझाकर वापस ससुराल ले आया था। आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद बेटे के साथ फिर से मारपीट की गई और उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। बेटी की मौत के बाद उसके दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। वह अपने पीछे एक दो वर्षीय पुत्र (भूरे) और महज सात महीने की दुधमुंही बच्ची (घागरी) को छोड़ गई है। घटना की सूचना पर सीओ धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच कर साक्ष्य जुटाए। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति अनिल कुमार तथा ससुर करणपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार विधिक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# अधिक मास का अंतिम सोमवार 15 जून को, लोधेश्वर महादेवा में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड, व्यवस्थाओं पर भी उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। पुरुषोत्तम (अधिक) मास का समापन 15 जून, सोमवार को होने जा रहा है। पिछले एक माह से प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेवा में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अधिक मास के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके चलते मेला क्षेत्र में विशेष चहल-पहल देखी जा रही है।

मान्यता है कि अधिक मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है और यह लगभग तीन वर्ष बाद आता है। पूरे माह दूर-दराज से आए शिवभक्तों ने जलाभिषेक, पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक तथा दंडवत परिक्रमा कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। अंतिम सोमवार होने के कारण शनिवार से ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। माना जा रहा है कि जो भक्त अब तक लोधेश्वर महादेवा नहीं पहुंच सके, वे अंतिम सोमवार को दर्शन-पूजन के लिए अवश्य आएंगे।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां कीं तथा विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई। हालांकि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी कुछ व्यवस्थाओं को लेकर सवाल भी उठे। विशेष रूप से लोधेश्वर महादेवा से लबापुरवा आने -जाने वाले मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार सामने आती रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं हो सकी।

सबसे अधिक परेशानी उन श्रद्धालुओं को हुई जो दंडवत परिक्रमा कर रहे थे। जिस मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरते रहे, वहां पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं थी। अंधेरे और कई स्थानों पर फैली गंदगी के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा तथा उन्हें उसी मार्ग से होकर पूजा-अर्चना के लिए जाना पड़ा।

इसके बावजूद पूरे पुरुषोत्तम मास के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। यह जिला प्रशासन का सौभाग्य और भगवान भोलेनाथ की कृपा ही रही कि पूरे मेले के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ तथा लाखों श्रद्धालुओं ने निर्विघ्न रूप से पूजा-अर्चना और दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न किया।

''एक और गंभीर सवाल''

व्यवस्थाओं को लेकर एक और गंभीर सवाल पूरे मेले के दौरान उठता रहा। श्रद्धालुओं का आरोप है कि मठ-मंदिर प्रशासन द्वारा सामान्य शिवभक्तों की अपेक्षा कथित वीआईपी और अपने चहेतों को अधिक प्राथमिकता दी गई। कई अवसरों पर विशेष व्यक्तियों की पूजा-अर्चना के दौरान आम श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर से बाहर कर दिया गया या कतारों में रोक दिया गया। तेज धूप और गर्म फर्श पर लंबे समय तक खड़े रहने को मजबूर श्रद्धालुओं में इस व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखी गई। श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान शिव के दरबार में सभी भक्त समान हैं, इसलिए दर्शन और पूजा-अर्चना की व्यवस्था भी बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए थी।

## कटका और भैसुरिया गांव में रास्ते के विवाद का समाधान, अवैध कब्जा हटवाया गया

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के काटका और भैसुरिया गांव में लंबे समय से चले आ रहे रास्ते के विवाद का शनिवार को प्रशासन ने समाधान कराया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा तथा कोतवाल अरुण प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने काटका गांव में रास्ते से अवैध कब्जा हटवाकर ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई। भैसुरिया गांव में जलभराव और कीचड़ की समस्या को देखते हुए ग्राम प्रधान को नाली निर्माण तथा रास्ते को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों और चकमार्गों पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## लैब टेक्नीशियन की मौत पर परिजनों का हंगामा, सीओ ने भीड़ को कराया शांत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में मण्डावर थाना में शुक्रवार को गंगा नदी में डूबकर एक लैब टेक्नीशियन की मौत होंगे थी। शनिवार को मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर जमकर हंगामा किया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मण्डावर थाना क्षेत्र के गांव मोहड़िया निवासी आशुतोष (23) जिला अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि एक दिन पूर्व शुक्रवार को वह गंगा नदी में नहाने के लिए दोस्तों के साथ गया था, जहां गहरे पानी में जाने से डूब गया। दोस्तों ने उसे डूबता देख मदद के लिए शोर मचाया। आसपास काम कर रहे मजदूरों ने चीख–पुकार सुनकर तुरंत गंगा में छलांग लगाकर काफी मशक्कत के बाद आशुतोष को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। शनिवार को मृतक के परिजनों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि आशुतोष की हत्या की गई है और पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर सीओ सिटी अभय पांडे और मण्डावर थानाध्यक्ष संजय तोमर भारी पुलिस बल के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। सीओ सिटी ने समझा–बुझाकर सभी को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। सीओ सिटी ने बताया कि मृतक की मां ने बेटे के साथ गए काम करने वाले चार लड़कों पर नशीली चीज खिलाकर हत्या की आशंका जताई है। मामले में जांच की जा रही है।

# प्रबुद्धजन संवाद अभियान : भाजपा की नीतियों को घर–घर पहुंचाने पहुंची सांसद गीता शाक्य

एजेंसी

औरैया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं प्रबुद्धजन संपर्क अभियान के तहत शनिवार को राज्यसभा सांसद गीता शाक्य उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कस्बे में पहुंची।

उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर प्रबुद्धजनों से मुलाकात की तथा उनके सुझाव और विचार प्राप्त किए।

अभियान के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल पर आधारित पुस्तक ''राष्ट्र प्रथम ही मंत्र है'' प्रबुद्धजनों को भेंट की और विकसित, सशक्त, समृद्ध एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर स्थित बाबू सिंह तोमर के आवास पर पहुंचकर उन्होंने बाबू सिंह तोमर, छोटे गौर, रवि राजावत सहित अन्य प्रबुद्धजनों को पुस्तक भेंट कर उनके विचार सुने और संवाद किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। आधारभूत संरचना, रेलवे, हवाई सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं, डिजिटल क्रांति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना है, ताकि आमजन इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# पूरनपुर में अंडरपास निर्माण की मांग डीआरएम वाराणसी ने किया स्थलीय निरीक्षण

एजेंसी

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में चंदवक थाना अंतर्गत औड़िहार-जौनपुर रेल प्रखंड के पूरनपुर गांव के सामने बंद किए गए रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वाराणसी ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाप-जोख भी की।पूर्वांचल किसान संगठन के नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीआरएम से स्थल का निरीक्षण करने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि पूरनपुर, कैथौली, लोकपट्टी, बगेरवा समेत दर्जनों गांवों की हजारों की आबादी वर्षों से इस मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए करती रही है। करीब पांच माह पूर्व रेलवे विभाग द्वारा लोहे का गार्डर लगाकर



रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसान नेता अजीत ने बताया कि इस मार्ग को जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा पक्की सड़क का भी निर्माण कराया गया है। रास्ता बंद होने के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है और पूर्व में किसानों ने प्रदर्शन भी किया था। मामले का संज्ञान लेते हुए तीन माह पहले सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) औड़िहार संजीत कुमार ने भी स्थल का निरीक्षण कर नाप-जोख की थी।डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे मंत्रालय और दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि अंडरपास निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पड़ती है तो आपसी सहमति बनाकर उसका समाधान निकालें, ताकि परियोजना में कोई बाधा न आए।डीआरएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों में अंडरपास निर्माण को लेकर उम्मीद जगी है।

## पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के साथ महिला टी20 विश्व कप में आगाज करना चाहेगी भारतीय टीम

एजेंसी

बर्मिंघम। हर विभाग में संतुलित भारतीय टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी।

पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने वाली हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत की नजरें लगातार दूसरे आईसीसी खिताब पर लगी हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है। भारत ने टी20 प्रारूप में पाकिस्तान के खिलाफ 13 मैच जीते जबकि तीन में पराजय का सामना किया है। पिछली बार 2024 में दुबई में टी20 विश्व कप में दोनों टीमों का सामना हुआ था जिसमें भारत छह विकेट से जीता था। उसके बाद से सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता देखी गई है। भारत ने पहली बार वनडे पिश्व कप जीता और अब लगभग वही टीम टी20




खिताब के लिये जोर आजमाइश करेगी। टूर्नामेंट से पहले भारत ने आस्ट्रेलिया को 2-1 से और इंग्लैंड को 3-2 से हराया जबकि श्रीलंका पर 5-0 से जीत दर्ज की। उसे हालांकि दक्षिण अफ्रीका (4 -1) और इंग्लैंड (2-1) ने उनकी धरती पर हुई श्रृंखलाओं में हराया। भारत के प्रदर्शन की कुंजी सलामी बल्लेबाजों मंधाना और शेफाली से मिलने वाली शुरूआत है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में 82 रन बनाने के बाद मंधाना ने अगले छह मैचों में 13, 12, 37, 0, 32 और आठ रन बनाये हैं। शेफाली ने जोहानिसबर्ग में 64 रन बनाने के बाद अगले पांच मैचों में 9, 4, 2, 22 और 11 रन बनाये। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम के खिलाफ उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। सना जबर्दस्त फॉर्म में है और पिछले साल बल्ले से उनका औसत 50 से अधिक और गेंदबाजी में 25 से कम रहा है।

उन्होंने हाल ही में कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंद में टी20 अर्धशतक बनाया था। भारतीय गेंदबाजों को उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये काफी मेहनत करनी होगी खासकर जब अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण बाहर हैं। हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की जो मध्यक्रम के लिये अच्छा संकेत है। जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष और भारती फुलमाली पर भी रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। पाकिस्तान के पास बायें हाथ की स्पिनर नशरा संधू के रूप में उम्दा गेंदबाज है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाये थे लेकिन उन्हें मौजूदा स्ट्राइक रेट 99 को बेहतर करना होगा। हरफनमौला दीप्ति शर्मा को बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देना होगा हालांकि पिचें उनकी आफ स्पिन गेंदबाजी के अनुकूल नहीं होंगी।

## शिर्से ने 110 मीटर बाधा दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया




एजेंसी

लुधियाना। तेजस शिर्से ने इंडियन एथलेटिक्स सीरीज नौ में शनिवार को यहां पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे 24 वर्षीय शिर्से ने 13.27 सेकंड का समय लेकर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने अपना पिछला रिकॉर्ड 2024 में 13.41 सेकंड के समय के साथ बनाया था। शिर्से ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए निर्धारित किए गए क्वालीफाइंग मार्क 13.39 सेकंड से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले महीने रांची में फ़ेडरेशन कप में 13.50 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था। शिर्से का 13.27 सेकंड का समय एशिया में इस सत्र का छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## शरणार्थी शिविरों में जन्मे खिलाड़ी भी हैं आस्ट्रेलियाई विश्व कप टीम में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दुनिया के कई देशों में प्रवासी विरोधी माहौल के बीच आस्ट्रेलिया ने अपनी विश्व कप फुटबॉल टीम में कई प्रवासियों को शामिल करके संदेश दिया है कि यह खेल सभी के लिये है। आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के कई देशों में इस समय प्रवासी विरोधी माहौल देखा जा रहा है जिनमें सह मेजबान अमेरिका भी शामिल है। प्रोफ़ेशनल फुटबॉलर्स आस्ट्रेलिया द्वारा जारी वीडियो में आस्ट्रेलियाई विश्व कप खिलाड़ी अवेर माबिल भी है जो कीनिया में एक शरणार्थी शिविर में पैदा हुआ था और जिसके माता पिता दक्षिणी सूडान से हैं।

माबिल ने कहा ,'' इस जर्सी के पीछे बहुत बड़ी 'जर्नी' (सफर) है। आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम में होने के कई



मायने हैं लेकिन लक्ष्य एक ही है , देश का नाम रोशन करना। माबिल आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों में से हैं जिनका जन्म शरणार्थी शिविर में हुआ। फॉरवर्ड मोहम्मद ताउरे का जन्म गिनिया के ऐसे ही शिविर में हुआ और उसके माता पिता लाइबेरिया से हैं। स्ट्राइकर नेस्टोरी इरांकुंडा तंजानिया के शरणार्थी शिविर में पैदा हुआ जब उनके माता पिता बुरूंडी से भाग निकले थे। अब परिवार एडीलेड में रहता है। ताउरे और इरांकुंडा पहली बार विश्व कप खेलेंगे जबकि माबिल दूसरी बार फुटबॉल के इस महासमर में उतरेंगे। आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम (सॉकरूज) का यह संदेश दुनिया भर के प्रवासियों के लिए एक मुश्किल समय में आया है। इस महीने की शुरुआत में उत्तरी आयरलैंड में चाकू से हुए एक हमले के बाद दो रातों तक काफी दंगे हुए, जिन्हें प्रवासियों के खिलाफ भड़काऊ बयानों ने और हवा दी।

## अमेरिका पर भी चढ़ने लगा है फुटबॉल का खुमार

एजेंसी

इंगलवुड। खचाखच भरे स्टेडियम में अमेरिकी टीम की जर्सी पहने और चेहरे पर देश के झंडे के लाल सफ़ेद और नीले रंग पुते दर्शक अमेरिका के किसी भी स्टेडियम में दिख जायेंगे लेकिन इस बार पहली बार ये दर्शक फुटबॉल के लिये उमड़े थे।

विश्व कप के सह मेजबान अमेरिका के पहले मैच में लॉस एंजिलिस के पास स्टेडियम में 70492 दर्शक आये जिन्होंने अपनी टीम को पराग्वे पर 4 . 1 से जीत दर्ज करते देखा। हजारों डॉलर खर्च करके अमेरिका को ऐसे खेल के महासमर में अपनी सरजमीं पर खेलते देखने ये दर्शक आये थे जो खेल देश में लोकप्रियता खोता जा रहा था। अधिकांश प्रशंसकों का कहना है कि बचपन में मनोरंजन क्लबों के लिये फुटबॉल खेलते हुए वे बड़े हुए हैं। लॉस एंजिलिस में रहने वाली 37 वर्ष की नकिशा गुतिरेज और उनकी बहन दोनों




फुटबॉल खेलती हैं। उनके पिता अर्जेंटीना से है लिहाजा यह प्रेम लाजमी है। गुतिरेज ने कहा ,'' यह हमारे खून में है। अमेरिका में फुटबॉल कल्चर पैदा हो रहा है। हर चार साल में होने वाले विश्व कप फुटबॉल में टीम के जीतने पर देश में आतिशबाजी, जश्न और छुट्टी का माहौल हो जाता है लेकिन अमेरिका में उतना जुनून देखने को नहीं मिलता है। यहां फुटबॉल से ज्यादा लोकप्रिय बेसबॉल और बास्केटबॉल है। लेकिन 1994 में अमेरिका में पहली बार विश्व कप होने के बाद से यहां फुटबॉल लोकप्रिय होने लगा। दो साल बाद मेजर लीग सॉकर शुरू हुआ और युवाओं में खेल की मांग बढी।गुतिरेज की तरह ही प्रवासियों ने भी खेल को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभाई। स्टेच्यू आफ लिबर्टी की तरह तैयार होकर आई 14 वर्ष की एवा कुपिट के परदादा स्पेन से थे और वह फ्रेंकलिन कस्बे में फुटबॉल की दीवानगी लेकर आये।

उन्होंने वहां स्टेडियम भी बनवाये। एवा की मां रशेल कुपिट ने कहा ,'' उनकी वजह से हम सभी फुटबॉल के दीवाने हैं। धीरे धीरे पूरा परिवार फुटबॉल प्रशंसक बनता चला गया। अमेरिका के पहले मैच को देखने भारी संख्या में दर्शक जुटे और मैदान पर उनके शोर से आसमान गूंज उठा। वे अपनी टीम का समर्थन करने ही नहीं आये थे बल्कि दुनिया को यह भी दिखाने आये थे कि बाकी देशों के प्रशंसकों की तरह वह भी इस खूबसूरत खेल को लेकर जुनून रखते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में हारीं सिंधु, यामागुची ने रोका खिताबी अभियान

**सिडनी।** भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। शनिवार को खेले गए महिला एकल मुकाबले में उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची ने 22-20, 21-12 से हराया। मुकाबले की शुरुआत सिंधु ने दमदार अंदाज में की और पहले गेम के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी। हालांकि यामागुची ने लगातार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्यूस तक पहुंचाया और अंततः पहला गेम अपने नाम कर लिया। पहले गेम की जीत से मिली लय को जापानी खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी बरकरार रखा। सिंधु ने शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद यामागुची ने लगातार अंक जुटाते हुए 18-9 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। अंत में सिंधु का शॉट नेट में जाने के साथ मुकाबला समाप्त हुआ। सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू-यू को मात्र 27 मिनट में 21-6, 21-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज सिंधु की यह 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सत्र में दूसरी सेमीफाइनल उपस्थिति रही। इससे पहले वह जनवरी में मलेशिया ओपन के अंतिम चार तक पहुंची थीं। सिंधु इस टूर्नामेंट के जरिए सैयद मोदी इंटरनेशनल 2024 के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि खिताबी दौड़ यहीं समाप्त हो गई, लेकिन उनका सेमीफाइनल तक पहुंचना इस सत्र में उनकी बेहतर होती लय का संकेत माना जा रहा है।

### पीएनबी, उज्जीवन ने एफसीएनआर जमा दरें बढ़ाईं

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा प्रवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) अमेरिकी डॉलर जमा पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इस कदम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों को विदेशी मुद्रा में अपनी आय बढ़ाने का अवसर देना तथा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना है। बैंक के अनुसार विशेष एफसीएनआर (बी) जमा योजना के तहत तीन से चार वर्ष की अवधि के लिए छह प्रतिशत, जबकि चार से पांच वर्ष की अवधि के लिए 6.05 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। पांच वर्ष की सावधि जमा पर पीएनबी 6.1 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी एफसीएनआर (बी) जमा दरों में वृद्धि की है। बैंक ने तीन से पांच वर्ष की अवधि के लिए अधिकतम 7.13 प्रतिशत तक ब्याज दर की घोषणा की है।

### सोयाबीन डीओसी की आपूर्ति में कमी से पशुपालन और मुर्गीपालन क्षेत्र पर दबावः सीएलएफएमए

**मुंबई।** पशु आहार और पशुधन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएलएफएमए) ने शुक्रवार को पशु आहार में प्रोटीन का मुख्य स्रोत माने जाने वाले सोयाबीन तेल रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की कमी पर चिंता जताई। संघ का कहना है कि आपूर्ति में कमी के कारण चारे की लागत बढ़ रही है और मुर्गीपालन (पोल्ट्री), जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) और पशुपालन क्षेत्र पर दबाव पड़ रहा है। सीएलएफएमए ने एक बयान में कहा कि हाल के हफ्तों में सोयाबीन डीओसी की कीमतें 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर लगभग 65-66 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। इससे चारे के उत्पादन की लागत बढ़ गई है और 'एनिमल प्रोटीन' मूल्य श्रृंखला से जुड़े किसानों पर असर पड़ रहा है। संघ की चेयरपर्सन, दिव्या कुमार गुलाटी ने कहा, ''भारत के पोल्ट्री, एक्वाकल्चर और पशुपालन क्षेत्र खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आजीविका और निर्यात में अहम योगदान देते हैं। सोयाबीन तेल-रहित खल की लगातार कमी और चारे की बढ़ती लागत से पूरी मूल्य श्रृंखला में खेती की उत्पादकता और मुनाफ़े पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत वैश्विक समुद्री खाद्यसामग्री निर्यात का 'पावरहाउस' बनने की ओर बढ़ रहा है, इसलिए अच्छी गुणवत्ता और किफायती चारे की सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। गुलाटी ने कहा, ''हम सभी अंशधारकों से अपील करते हैं कि वे एक संतुलित और टिकाऊ समाधान के लिए मिलकर काम करें, जिससे किसानों के हितों की रक्षा हो और देश का चारा और पशु कृषि परिवेश मजबूत हो।

## दृष्टिबाधित क्रिकेटर और समूह ने कैथे एयरलाइन पर भेदभाव का आरोप लगाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। बेंगलुरु हवाई अड्डे पर दृष्टिबाधित यात्रियों के एक समूह और कैथे पैसीफिक एयरवेज के बीच हुए विवाद में भेदभाव के आरोप लगे हैं, लेकिन एयरलाइन का कहना है कि यात्रियों द्वारा समय पर अतिरिक्त सामान का शुल्क नहीं चुकाने के कारण उन्हें विमान में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। यह समूह बृहस्पतिवार की रात केआईएएल पहुंचा जिसमें दृष्टबाधित विश्व कप विजेता क्रिकेटर लोकेश, संगीतकार अशोक, नाम चांग बुइंग, प्रणय और दादासाब थे। वे दिव्यांगों के लिये समर्थनम ट्रस्ट की ओर से तीन महीने के सांस्कृतिक कन्सर्ट टूर पर अमेरिका जा रहे थे। दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप 2017 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे लोकेश ने कहा ,'' उनके बात करने के तरीके और अचानक बदले हुए आक्रामक रवैये से पता चलता था कि उनका मानना था कि दृष्टिबाधित लोग खुद कहीं आ जा नहीं सकते या अपने हक के लिए खड़े नहीं हो सकते। यह पूरी तरह से भेदभाव है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन के स्टाफ ने उनका मोबाइल छीनने की कोशिश की जब वे घटना रिकॉर्ड करने का प्रयास कर रहे थे। वहीं कैथे पैसीफिक ने कहा कि समूह को विमान में चढने की अनुमति इसलिये नहीं दी गई कि उन्होंने पूरा भुगतान नहीं किया था और इसका उनकी दिव्यांगता से कोई लेना देना नहीं है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा ,'' हमें इस मामले की जानकारी है और यह निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं करने से जुड़ा है , यात्रियों से नहीं। उनके पास सामान अधिक था और निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्होंने इसका शुल्क नहीं भरा। इसका यात्रियों की दिव्यांगता से कोई लेना देना नहीं है। समर्थनम ट्रस्ट के अध्यक्ष जी महंतेश ने कहा कि एयरलाइन ने भुगतान के लिये जीपे का लिंक दिया था जो एक लाख रूपये तक ही स्वीकार कर रहा था जबकि अतिरिक्त शुल्क एक लाख 12 हजार रूपये था। उन्होंने कहा ,'' हमारे मूल दस्तावेज ठीक थे लेकिन अचानक एयरलाइन के स्टाफ ने कहा कि हमारे उपकरण निर्धारित सीमा से बड़े हैं और हमें 60000 रूपये अतिरिक्त देने होंगे जो बाद में बढाकर एक लाख 12 हजार रूपये कर दिये थे।


उन्होंने कहा ,'' हमें एक लाख 12 हजार रूपये भरने थे लेकिन जीपे लिंक काम नहीं कर रहा था। हमने क्रेडिट कार्ड से भुगतान का प्रस्ताव रखा जो उन्होंने स्वीकार नहीं किया। यह समूह रात में तीन घंटे से अधिक हवाई अड्डे के बाहर खड़ा रहा। बाद में ब्रिटिश एयरवेज ने मदद की लेकिन हमें नये टिकट के लिये छह सात लाख रूपये खर्च करने पड़े।

## आरबीआई ने मोगावीरा सहकारी बैंक पर छह महीने के लिए पाबंदी लगाई

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मोगावीरा सहकारी बैंक, मुंबई की वित्तीय स्थिति में गिरावट को देखते हुए इसपर कई पाबंदियां लगा दी हैं। इसके तहत खाताधारकों के लिए पैसे निकालने की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बयान में कहा कि ये पाबंदियां शुक्रवार को कारोबार बंद होने के बाद से लागू हुईं, जो छह महीने की अवधि के लिए प्रभावी होंगी। हालांकि, इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

बयान के अनुसार, सहकारी बैंक अब कोई भी ऋण और उधार को मंजूर नहीं दे सकेगा और न ही मौजूदा ऋणों का नवीनीकरण कर पाएगा। इसके अलावा, बैंक किसी प्रकार का निवेश नहीं कर सकेगा, कोई नयी देनदारी नहीं ले सकेगा तथा उधार लेने और नए जमा स्वीकार करने पर भी रोक रहेगी। बयान में कहा गया,




''बैंक की वर्तमान नकदी स्थिति को देखते हुए उसे निर्देश दिया गया है कि वह किसी भी जमाकर्ता को उसके बचत, चालू अथवा अन्य किसी खाते से अधिकतम एक लाख रुपये तक की निकासी की अनुमति दे। आरबीआई ने कहा कि बैंक के कामकाज में सुधार के लिए वह लगातार उसके निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन के साथ संपर्क में था।

बयान में कहा, ''हालांकि, बैंक ने निगरानी संबंधी चिंताओं को दूर करने और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया। इसी कारण ये निर्देश जारी करना आवश्यक हो गया।

## मैगी में संक्रमण के आरोप गलत, जांच में सही पाए गए सभी उत्पादः नेस्ले इंडिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया ने मैगी नूडल्स में कीड़ों की मौजूदगी (इंफ़ेस्टेशन) को लेकर सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोप खारिज करते हुए कहा है कि प्रयोगशाला परीक्षणों में सभी उत्पाद गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे पाए गए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को दिए गए स्पष्टीकरण में कहा है कि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक असत्यापित खाते द्वारा उठाई गई चिंता के बाद उसे यह शिकायत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के माध्यम से मिली। नेस्ले इंडिया ने 12 जून को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा, ल्लहम सोशल मीडिया पर एक असत्यापित खाते के आधार पर मैगी नूडल्स में कीड़े की मौजूदगी संबंधी आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि शिकायतकर्ता की ओर से अब तक उत्पाद का कोई नमूना जांच के लिए नहीं दिया गया है। संपर्क करने की कोशिश के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला और संबंधित सोशल मीडिया खाते से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। नेस्ले इंडिया के अनुसार, मैगी नूडल्स के संबंधित बैच के संदर्भ नमूने को एफएसएसएआई की मान्यताप्राप्त एक स्वतंत्र प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया था, जहां जांच में नमूने में किसी भी प्रकार की कीड़ों की मौजूदगी नहीं पाई गई। कंपनी ने बताया कि उसने इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज, बैच रिकॉर्ड, बाजार से लिए गए नमूने और परीक्षण रिपोर्ट पहले ही संबंधित प्राधिकरणों को सौंप दिए हैं। नेस्ले इंडिया ने कहा कि वह अपने सभी विनिर्माण कार्यों में सख्त गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करती है और नियामकीय संस्थाओं के साथ पूरी पारदर्शिता बनाए रखती है।

## भारत-जर्मनी विकास सहयोग को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में हुई अहम बैठक

एजेंसी

नई दिल्ली। नीति आयोग और जर्मनी के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच नई दिल्ली में भारत-जर्मनी विकास सहयोग को मजबूत करने के लिए अहम बैठक हुई। नीति आयोग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के अर्थशास्त्र और वित्त कार्यक्रम निदेशक संजीत सिंह ने की और जर्मन पक्ष का नेतृत्व संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) की एशिया और दक्षिण एशिया नीति मामलों की डिवीजन प्रमुख बारबरा शेफर ने किया। इससे पहले नीति आयोग ने भारत-जर्मनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक खास द्विपक्षीय चर्चा के लिए जर्मनी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत




किया। बैठक में स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास, कृषि सुधार, जल प्रबंधन और हरित अर्थव्यवस्था में छोटे और मध्यम उद्योगों की भागीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और सतत विकास के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। आयोग के अनुसार चर्चा में सहयोग के मुख्य क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिनमें भारत का नेट जीरो ट्रांज़िशन, नवीकरणीय ऊर्जा, सर्कुलर इकोनॉमी, पीपीपी के जरिए टिकाऊ बुनियादी ढांचा, कृषि में बदलाव, जल संसाधन प्रबंधन, ग्रीन इकोनॉमी में एसएमई की भागीदारी और जीएसडीपी प्रतिबद्धताओं के साथ द्विपक्षीय वित्तपोषण का तालमेल शामिल था। दोनों पक्षों ने जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और विकास वित्त क्षमताओं तथा भारत की नीतिगत महत्वाकांक्षा और संस्थागत पैमाने के बीच आपसी पूरकता पर जोर दिया। इन चर्चाओं में बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में सहयोग को मज़बूत करने और भारत के जलवायु और नियामक ढांचे में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ाने पर विचार किया गया। इस बैठक का समापन निरंतर बातचीत और सहयोग के माध्यम से भारत-जर्मनी विकास साझेदारी को और गहरा करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# फ्रांस, स्लोवाकिया यात्राओं से यूरोप तथा जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे।


श्री मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं। श्री मोदी ने कहा, ''फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा, ''भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाया था। जब मैं नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलूंगा, तो हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और अपने सहयोग के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे। मैं आपसी हित के अहम वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री मोदी ने कहा कि वह फ्रांसीसी शहर नीस में 14 जून को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ 'भारत इनोवेट्स' प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' के तहत आयोजित होने वाला यह अहम कार्यक्रम भारत के सबसे होनहार स्टार्टअप को वैश्विक निवेश से जोड़ेगा और भारत के उच्च शिक्षा इकोसिस्टम से निकलने वाले नवाचारों के लिए एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह 14-15 जून को राजकीय यात्रा के लिए स्लोवाकिया जाएंगे। वर्ष 1993 में स्लोवाकिया की आज़ादी के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। यह ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों



में बनी मज़बूत गति को और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, ''मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे स्लोवाकिया के प्रमुख व्यापारियों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से संबंधों में आयी गति को आगे बढ़ाते हुए, यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्लोवाकिया से वापस फ्रांस के शहर एवियन लौटेंगे और 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, ''जी-7 में भारत की मौजूदगी हमारे सहयोगियों के हम पर भरोसे और हमारी बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है। यह लगातार आठवां जी-7 शिखर सम्मेलन है, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया है। जी-7 में भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) की आकांक्षाओं को भी आवाज़ देगा। मैं 18 जून को पेरिस में अपनी फ्रांस यात्रा का समापन करूंगा, जहां मैं राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवा टेक 2026 में शामिल होउंगा।'' विवा टेक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में यूरोप का सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार इसमें भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पवेलियन होगा, जो भारतीय और यूरोपीय नवाचार इकोसिस्टम के बीच साझेदारी की अपार संभावनाओं का एक बेहतरीन प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा, ''मैं पेरिस में जीवंत भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं, जो हमारे दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की उनकी यात्राएं यूरोप और जी-7 के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव को और मजबूत करेंगी। साथ ही, ये यात्राएं इस महाद्वीप और उससे आगे भी अपनी साझेदारियों का दायरा बढ़ाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करेंगी।

# डीआरडीओ ने उन्नत मिसाइल रक्षा, जहाज-रोधी क्षमताओं का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया

एजेंसी



हैदराबाद, 13 जून (वार्ता) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उन्नत मिसाइल रक्षा एवं जहाज रोधी क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

श्री सिंह ने शनिवार को डीआरडीओ द्वारा कई अहम रक्षा तकनीकों के सफल प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे उभरते खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा क्षमताओं को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि डीआरडीओ ने लगातार तीन सफल उड़ान परीक्षण किये। इनमें लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ बहु-स्तरीय रक्षा प्रणाली और मध्यम दूरी की एंटी-शिप क्षमता का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि बहु-स्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (बीएमडी) क्षमता का सफल प्रदर्शन किया गया, जिसमें इंटरसेप्टर ने अपने लक्ष्यों को सटीक रूप से निशाना बनाया। नवीनतम तकनीकों से विकसित यह प्रणाली मिसाइल से जुड़े उभरते खतरों का मुकाबला करने के लिए तैयार की गयी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इन सफल परीक्षणों ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा क्षमताएं हैं और जो अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) सहित बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। उन्होंने नौसेना की एंटी-शिप मिसाइल - मध्यम दूरी की प्रणाली के पहले सफल उड़ान परीक्षण का भी ज़िक्र किया, जिसने मध्यम दूरी पर भारत की एंटी-शिप रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया। श्री सिंह ने डीआरडीओ और वैज्ञानिक समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि इन तकनीकों का सफल प्रदर्शन देश की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक प्रतिरोध क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम उपलब्धि है।

# भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज पर हमले के दावे फर्जी : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने ओमान तट के निकट भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज लियाकी फ्रीडम पर अमेरिकी नौसेना के हमले के बारे में सोशल मीडिया पर किये जा रहे दावों को गलत बताते हुए इन्हें बेबुनियाद करार दिया है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक हैंडल से एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नाविकों वाले जहाज लियाकी फ्रीडम पर हमले का सोशल मीडिया पर किया जा रहा दावा फर्जी है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इस जहाज के मास्टर से बात की गयी है और जहाज पर सवार सभी नाविक सुरक्षित हैं। मंत्रालय ने लोगों से कहा है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे तथा बेबुनियाद दावों और पोस्ट से सावधान रहें। इससे पहले सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में कहा गया कि ओमान के पास भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज लियाकी फ्रीडम पर अमेरिकी नौसेना ने हमला किया है और इसमें चार नाविक मारे गये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले सप्ताह भारतीय नाविकों वाले तीन जहाजों पर ओमान के निकट हमले हुए हैं और इनमें तीन भारतीय नाविक मारे गये हैं।

भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए यहां स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत को बुलाकर कड़ा विरोध जताया है। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी शुक्रवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर भारतीय नाविकों वाले जहाज पर हमले को लेकर आपत्ति जतायी है।

श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई। मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के हमलों, जिनमें तीन भारतीय नाविक मारे गये थे, पर भारत की कड़ी आपत्ति दोहराई। वाणिज्यिक नौ-परिवहन के खिलाफ़ इस तरह की जानलेवा कार्रवाई उचित नहीं है।''

## ड्रोन के जरिए दूरस्थ गांव पहुंचेगी डाक : सिंधिया

नयी दिल्ली। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि ड्रोन आधारित डाक और पार्सल वितरण सेवा के जरिए देश के दूरदराज के गांवों तक तेजी से डाक पहुंचाई जाएगी और इससे डाक सेवाओं को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

श्री सिंधिया ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हिमाचल प्रदेश में मंडी-रेहड़धार मार्ग पर इंडिया पोस्ट की ड्रोन आधारित डाक एवं पार्सल वितरण सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में पहले जिस यात्रा में कई घंटे लगते थे, वह अब वास्तविक समय की निगरानी (रियल टाइम ट्रैकिंग) की सुविधा के साथ मात्र सात मिनट में पूरी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण अनुकूल पहल ग्रामीण डाक सेवकों और डाक सहायकों के साथ विभिन्न संवादों के दौरान मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर शुरू की गई है। इसके तहत डाक एवं पार्सल वितरण को अधिक तेज, कुशल और सुलभ बनाया जाएगा, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# मदन मित्रा से जुड़े परिसरों पर ईडी की तलाशी, अभिषेक के आवास पर छापा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कई टीमों ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री मदन मित्रा से जुड़े सात परिसरों की तलाशी ली।

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर तड़के हुई पुलिस कार्रवाई ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। कमरहाटी के विधायक से जुड़े ठिकानों पर यह तलाशी इन आरोपों के सिलसिले में ली गयी है कि कई नगर निकायों में पैसे और सोने के बदले नियुक्तियां दी गयी थीं। ईडी अधिकारियों के अनुसार, जांच में ऐसे सबूत मिले हैं, जो संकेत देते हैं कि भर्ती प्रक्रिया के हिस्से के रूप में बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से नकदी और सोना भेजा गया था और यह कथित तौर पर श्री मित्रा तक पहुंचा था। जांचकर्ता कथित धन के लेन-देन का पता लगाने के लिए वित्तीय लेन-देन, संचार रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। एजेंसी को संदेह है कि कमरहाटी नगरपालिका सहित कई नगर निकायों में अवैध भुगतान के बदले भर्तियां की गयी थीं। ईडी सूत्रों ने बताया कि श्री मित्रा से जुड़ी 125 से अधिक नियुक्तियां वर्तमान में जांच के दायरे में हैं। ताजा तलाशी नगरपालिका भर्ती घोटाले की तेज होती जांच के बीच हुई है। इस कारण पूर्व राज्य मंत्री सुजीत बोस की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। एजेंसी एक ऐसे नेटवर्क में राजनीतिक नेताओं, नगरपालिका अधिकारियों और बिचौलियों की कथित भूमिका की जांच कर रही है, जो रिश्वत के बदले नौकरियां दिलाने का काम करता था। ये घटनाक्रम उस दिन सामने आये, जब केंद्रीय सशस्त्र बलों के साथ राज्य पुलिस के जवानों की बड़ी टुकड़ी ने कालीघाट में श्री बनर्जी के आवास पर तलाशी अभियान चलाया। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी में दर्ज मामले से जुड़ा यह अभियान तड़के तीन बजे के तुरंत बाद शुरू हुआ और करीब पांच घंटे तक चला। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि अंदर मौजूद लोगों से संपर्क करने के बार-बार के प्रयासों के बावजूद कोई जवाब न मिलने पर पुलिस ने आवास का ताला तोड़ दिया। मौके पर पहुंचने के बाद आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ‌ पुलिस ने ताला तोड़ा और पूरे घर की तलाशी ली। यह अभूतपूर्व है। अदालत के निर्देशों के बावजूद वे अंदर घुसे और छापेमारी की। हम इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के परिसर में दाखिल होने और व्यापक तलाशी लेने से पहले घर के बाहर पुलिस की कई गाड़ियां खड़ी थीं।

## शहरी विकास में हरित अवसंरचना और टिकाऊ प्रणालियों को प्राथमिकता देनी होगी : मिश्रा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ पी के मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के बीच भविष्य के शहरी विकास में सक्रिय योजना, हरित अवसंरचना और टिकाऊ प्रणालियों को प्राथमिकता देनी होगी। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत देश के प्रमुख शहरी थिंक टैंक नेशनल इंस्टिट्यूटऑफ़ अर्बन अफ़ेयर्स (एनआईयूए) ने भारत में समेकित एवं सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने के अपने 50 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को यहां स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। 'रेज़िलिएंट अर्बन इंडिया अ2047' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश के 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने एनआईयूए की पांच दशक की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के बीच भविष्य के शहरी विकास में सक्रिय योजना, प्रकृति-आधारित समाधान, हरित अवसंरचना और टिकाऊ प्रणालियों को प्राथमिकता देनी होगी।

# पेज एक का शेष

### बेटी के खिलाफ...

बंधक बना दिया, फिर उनके साथ जो व्यवहार किया, वह सबके सामने है। सीएम ने चेताया कि हम वह गलती बार-बार करते थे, जिसका परिमार्जन महाराज सुहेलदेव ने 1000 वर्ष पहले किया था, लेकिन बाद की पीढ़ी उनसे प्रेरणा नहीं ले पाई। बहराइच में आक्रांता सालार मसूद गाजी मियां के नाम पर आयोजन होता था, लेकिन हमने कहा कि किसी विदेशी आक्रांता को सम्मान नहीं मिलना चाहिए। आयोजन महाराजा सुहेलदेव के नाम पर होना चाहिए। नया भारत गुलामी के किसी भी प्रतीक को स्वीकार नहीं करेगा। अब बहराइच में महाराजा का भव्य स्मारक बन गया है। जब आजमगढ़ में विश्वविद्यालय की बात आई तो मैंने कहा कि यह जरूर बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय बने तो अति उत्तम होगा। मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय में महाराज सुहेलदेव की भव्य अश्वारोही प्रतिमा भी लगेगी। सीएम योगी ने कहा कि आजमगढ़ में आज एयरपोर्ट, पूर्वांचल एक्सप्रेस है। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज कहीं भी जाना हो फोरलेन की कनेक्टिविटी है। आज आजमगढ़ से एक घंटे में गोरखपुर, डेढ़ से दो घंटे में वाराणसी और ढाई घंटे में लखनऊ पहुंचते हैं। प्रगति का आधार गति होती है, जितनी तेज गति, उतनी तेज प्रगति। आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी व वाराणसी की साड़ी को एक जनपद-एक उत्पाद के माध्यम से मंच मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिहरपुर का संगीत घराना शास्त्रीय संगीत की परंपरा को फिर से मंच प्रदान कर रहा है। निरहुआ जैसे कलाकार भोजपुरी की मिठास को दुनिया में पहुंचा रहे हैं। इस धरा पर वीर कुंवर सिंह ने 1857 में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए थे। यह साहित्यकार अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की धरती है। सीएम ने पूछा कि हर आतंकी घटना में क्यों संजरपुर का नाम आता था। हर गलत काम के लिए आजमगढ़ को क्यों बदनाम किया जाता था, क्योंकि तब सरकार नकारात्मक सोच रखती थी, स्वार्थ के लिए युवाओं का दुरुपयोग करती थी। गरीब के लिए स्वास्थ्य, आवास, शौचालय, राशन की सुविधा नहीं थी। युवाओं की नौकरी को लेकर सौदेबाजी होती थी। बेटी की सुरक्षा, पढ़ाई, शादी के लिए सरकार की कोई स्कीम नहीं थी। निराश्रित महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को महज 300 रुपये पेंशन मिलती थी। वह भी छह महीने में एक बार आती थी और उसमें आधा पैसा कमीशनखोरी में चला जाता था। आज सरकार ने बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई के लिए व्यवस्था की है। सीएम ने कहा कि श्रम विभाग गरीब बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय भी बना रहा है और उनके उन्नयन के लिए नई स्कीम लाकर कार्य भी कर रहा है। हर विभाग नया कार्य करके खुद को विकास से जोड़ रहा है। पहले इच्छाशक्ति न होने के कारण एक्सप्रेसवे, विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, नौजवानों को नौकरी, अच्छी कनेक्टिविटी नहीं थीं। आज हम हर बेटी-व्यापारी को सुरक्षा, शासन की योजना का लाभ देंगे। यदि किसी ने गरीब की जमीन को हड़पा, बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाई और व्यापारी से जबर्दस्ती की तो हम ऐसा करने वाले की सलामती की गारंटी नहीं ले पाएंगे। सीएम ने अपील की कि नए भारत के साथ नए उत्तर प्रदेश को भी आगे बढ़ना होगा। दुनिया त्रस्त है, लेकिन नए भारत ने वैश्विक संकट में भी ऊर्जा संकट से देश को बचाया है। भारत के लोगों को मोदी जी पर गौरव की अनुभूति होती है। एनडीए ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और पीएम मोदी के निर्वाचित पीएम के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल पर दिल्ली में बड़ा कार्यक्रम रखा था। इसमें देश भर से लोग आए थे। सभी ने अपने यहां की नई कहानी भी सुनाई। नया भारत सिर उठाकर चलता है और मांद में घुसकर दुश्मन को ठिकाने लगाता है। सीएम ने कहा कि महाराज सुहेलदेव होते तो अयोध्या मे राम मंदिर कभी नहीं टूटता। वह नहीं थे और हम विभाजित थे तो मंदिर टूटा। हम संघर्ष करते रहे, पीढ़ी दर पीढ़ी, वर्ष दर वर्ष, लेकिन मोदी जी के आने के बाद डबल इंजन सरकार ने 500 वर्ष की समस्या का समाधान किया और राम मंदिर का निर्माण हुआ। आजाद भारत में तत्काल राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए था, लेकिन यह काम कांग्रेस नहीं कर पाई। सपा भी यह काम नहीं कर पाती। सीएम ने आजमगढ़वासियों से कहा कि यदि ये लोग आस्था, पूर्वजों, देवी-देवताओं का सम्मान नहीं कर सकते, गरीब कल्याण, विकास, युवाओं को नौकरी नहीं दे सकते तो आप इस बोझ को क्यों ढोते हैं। सीएम ने कहा कि वर्तमान को सुधारने के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए डबल इंजन सरकार के साथ आइए। यहां 10 विधानसभा व 2 लोकसभा क्षेत्र हैं, भाजपा से यहां कोई नहीं जीता। फिर भी हमने आजमगढ़ का विकास किया, इस उम्मीद के साथ अगली बार निरहुआ जीतेंगे। वह यहां फिल्मों की शूटिंग कर और हरिहरपुर के साथ जुड़कर नवोदित कलाकारों को भी आगे बढ़ाएं। सीएम ने कहा कि हरिहरपुर, ब्लैक पॉटरी, साड़ी उद्योग, किसानों, नौजवानों को मंच मिलना चाहिए। आज केवल दो विधानसभा क्षेत्रों में विकास योजनाओं के लिए आया हूं। आजमगढ़ को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए बार-बार आऊंगा। विपरीत मौसम में भी उमड़ी भीड़ के प्रति सीएम ने आभार जताया। सीएम ने मजाकिया अंदाज में कहा कि जब तक मैं हूं, टेंट नहीं उड़ेगा। यदि सेना अडिग है तो सेनापति भी मजबूती से लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, अनिल राजभर, दारा सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, रामसूरत राजभर, विक्रांत सिंह 'ऋशु', पूर्व सांसद व भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', पूर्व मंत्री यशवंत सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, आजमगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, लालगंज के जिलाध्यक्ष विनोद राजभर, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या आदि उपस्थित रहे।

### पांच वायुसेना...

लोगों को ले जा रहा एक ए एन-32 विमान असम के जोरहाट से अरुणाचल प्रदेश के मेचुका के लिए उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। एक हफ़्ते से ज़्यादा दिन चले खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके में मिला। विमान में सवार सभी 13 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले जुलाई 2016 में 29 लोगों को ले जा रहा एक अन्य ए एन -32 विमान चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन से पोर्ट ब्लेयर जाते समय बंगाल की खाड़ी के उपर लापता हो गया था। वायु सेना द्वारा चलाए गए सबसे बड़े खोज और बचाव अभियानों में से एक के बावजूद यह विमान कई वर्षों तक लापता रहा। आखिरकार 2024 में समुद्र की तलहटी में विमान का मलबा मिला जिससे सभी 29 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। ए एन- 32 विमान 1980 के दशक से ही वायु सेना के मालवाहक बेड़े की रीढ़ रहा है। इस विमान ने सैनिकों के आवागमन, लॉजिस्टिक्स सप्लाई मिशन, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विमान ने विशेष रूप से दुग्रम इलाकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। समय के साथ, इस विमान में एवियोनिक्स, नेविगेशन सिस्टम और ऑपरेशनल उन्नयन किया गया है।

### लेफ्टिनेंट जनरल...

जिम्मेदारियों की देखरेख की। श्री सेठ को परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक मिल चुका है। सेना कमांडर के पद पर पदोन्नत होने पर लेफ्टिनेंट जनरल ने दक्षिण पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान का नेतृत्व किया, जिससे उन्हें दो परिचालन सेना कमानों का नेतृत्व करने और ढाई वर्ष से अधिक की अवधि तक महत्वपूर्ण थियेटरों में रणनीतिक देखरेख प्रदान करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने कई प्रमुख स्टाफ और रणनीतिक नियुक्तियों पर कार्य किया है, जिन्होंने परिचालन योजना, बल प्रबंधन और क्षमता विकास को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। बल के आधुनिकीकरण में अपने योगदान के लिए व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले, उन्होंने सेना मुख्यालय के रणनीतिक योजना और क्षमता विकास वर्टिकल्स में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इससे इसके आधुनिकीकरण के पथ, क्षमता रोडमैप और दीर्घकालिक बल संरचना पहलों को आकार मिला है। उनका योगदान उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य की युद्धक्षेत्र आवश्यकताओं के साथ परिचालन संबंधी जरूरतों को जोड़ने में सहायक रहा है। एक कुशल सैन्य पेशेवर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने व्यावसायिक सैन्य शिक्षा में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और कोर्सेज ऑफ इंस्ट्रक्शन में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह हायर कमांड कोर्स और नेशनल डिफेंस कॉलेज के स्नातक हैं और उन्होंने पेरिस में प्रतिष्ठित कमांड एंड स्टाफ कोर्स में भी भाग लिया है, जो उनके व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण और समकालीन सैन्य मामलों की समझ को दर्शाता है।

### युद्ध खत्म होने के...

के दूसरे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया है। ईरान का रुख है कि उच्च संवर्धित परमाणु सामग्री का कोई भी प्रबंधन देश के भीतर ही होना चाहिए। व्यापक प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा भी अगले चरण में उठाया जाएगा। श्री अराघची ने क्षेत्रीय मुद्दों पर कहा कि लेबनान ईरान की रणनीतिक प्राथमिकताओं में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने हालिया घटनाक्रमों के प्रति ईरान की प्रतिक्रिया को व्यापक 'रणनीतिक उपलब्धि' का हिस्सा बताया। उनके अनुसार प्रस्तावित व्यापक ढांचे में लेबनान सहित विभिन्न मोर्चों पर युद्धविराम व्यवस्था, बल प्रयोग नहीं करने की पारस्परिक प्रतिबद्धता तथा संप्रभुता के सम्मान से जुड़े प्रावधान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यदि दूसरे चरण की वार्ताओं में पर्याप्त प्रगति नहीं होती है तो पूरी प्रक्रिया को वापस भी लिया जा सकता है। यह चरण लगभग 60 दिनों तक चलने की संभावना है, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया भी जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले किए जाने के बाद संघर्ष शुरू हुआ था। इसके जवाब में ईरान ने इज़राइल और अमेरिका समर्थित खाड़ी देशों को निशाना बनाया, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात प्रभावित हुआ था। अप्रैल में युद्धविराम होने के बावजूद छिटपुट सैन्य झड़पें जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि उन्होंने ईरान के खिलाफ निर्धारित हमलों को रद्द कर दिया क्योंकि वार्ताकारों ने एक 'बेहतरीन समझौता' तैयार किया है, जिस पर जल्द हस्ताक्षर हो सकते हैं। ईरानी मीडिया में शुक्रवार को कथित 14 सूत्रीय समझौते का विवरण प्रकाशित होने के बाद श्री ट्रंप ने इन रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा कि उनका सहमत शर्तों से कोई संबंध नहीं है और वे वास्तविकता से मेल नहीं खातीं।

### नेपाल के साथ संबंध...

कभी भी 'बिग ब्रदर' की भूमिका निभाने के बारे में सोचना नहीं चाहिए, अगर जरूरत हो, तो 'बड़े भाई' (अभिभावक या मार्गदर्शक) की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा, ' नेपाल एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है, हमारा हिमालयी पड़ोसी, यह हमारे और चीन के बीच एक तरह का 'बफ़र स्टेट' है. इसलिए हम उस देश को बहुत अहमियत देते हैं. लेकिन मैं कहूंगा कि उसे एक आज़ाद और बराबरी वाले देश के तौर पर देखें।'' उन्होंने कहा कि नेपाल जैसे देश के साथ सांस्कृतिक और सभ्यतागत मूल्यों की वजह से हमारे रिश्तों सहज बनते हैं पर उनके साथ संबंध एक संप्रभु देश के रूप में समानता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि देश छोटा है या बड़ा, या वह किसी पर निर्भर है या स्वतंत्र, संप्रभु समानता के सिद्धांत के साथ हम अपने पड़ोस के देशों के साथ जुड़ते हैं, जिसमें नेपाल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आज नेपाल में एक नया नेतृत्व आया है, युवाओं पर आधारित नेतृत्व. नया नेतृत्व, जो एक नया नेपाल बनाने के लिए सचमुच बहुत महत्वाकांक्षी है, भारत को खुशी-खुशी इसका स्वागत करना चाहिए। वहां के नेतृत्व का फ़ैसला उस देश की जनता का है, इसलिए हमें उस फ़ैसले का सम्मान करना चाहिए। श्री राम माधव ने कहा कि नेपाल में जब 'जेन ज़ी' के आंदोलन हो रहे थे, तो भारत में अनुमान लगाये जा रहे थे कि क्या उसके पीछे सीआईए या किसी और की साज़िश है? श्री माधव ने कहा, ' मैं हमेशा कहता था कि कृपया लोगों का सम्मान करें. अगर किसी देश में लोगों को अपनी सरकार से कोई शिकायत है और वे उसके ख़िलाफ लड़ रहे हैं, तो आप दिल्ली में बैठकर यह नहीं कह सकते कि यह सीआईए की साज़िश है, आईएसआई की साज़िश है, या कुछ और. सबसे पहले, वहां के लोगों की भावनाओं का सम्मान करें।

### राम मंदिर के चढ़ावा...

कराने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट का मानना है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच से पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी तथा लोगों के मन में उठ रहे संदेह दूर होंगे। विवाद की शुरुआत मंदिर परिसर में तैनात कुछ कर्मचारियों पर दान राशि में गड़बड़ी करने के आरोप लगने से हुई। बताया गया कि मंदिर की दान पेटियों से निकाली गई रकम के मिलान के दौरान कथित रूप से कुछ राशि कम पाई गई। इसके बाद मंदिर प्रशासन ने आंतरिक स्तर पर मामले की जांच शुरू की। कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और पूछताछ की खबरें भी सामने आईं। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया, जब संत समाज और विभिन्न संगठनों ने पारदर्शी जांच की मांग उठाई। उनका कहना था कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मंदिर में चढ़ावे को लेकर किसी भी तरह की अनियमितता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी मामले की पूरी सच्चाई सामने लाने की बात कही।

### आधुनिक युद्ध की...

भूमिका निभाएंगे। वास्तव में यह 217वीं संयुक्त दीक्षांत परेड कई दृष्टियों से ऐतिहासिक रही। यह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में प्रशिक्षित महिला कैडेटों के पहले बैच की भारतीय वायु सेना में कमीशनिंग का भी महत्वपूर्ण अवसर बना। महिला कैडेटों ने एनडीए से स्नातक होने के बाद वायु सेना अकादमी में शाखा-विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब वे भारतीय वायु सेना की अधिकारी के रूप में सेवा देंगी। इसे भारतीय सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। समारोह का आकर्षण भारतीय वायु सेना की हवाई प्रदर्शन टीमों का शानदार प्रदर्शन भी रहा। सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों ने अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया, जबकि सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने आकाश में रोमांचक करतब दिखाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, प्रशिक्षक, कैडेटों के परिजन और बड़ी संख्या में आमंत्रित अतिथि मौजूद रहे। पूरा समारोह भारतीय वायु सेना की पेशेवर दक्षता, अत्याधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था और देश की बढ़ती रक्षा क्षमताओं की प्रभावशाली झलक प्रस्तुत करता नजर आया।

# बिहार की समृद्धि से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : सम्राट चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राजधानी पटना के बापू सभागार में आयोजित 'भरोसे के च्वाइस पटना एडिशन' के 11वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए राज्य के विकास, निवेश, उद्योग, पर्यटन और सुशासन को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब बिहार आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक रूप से समृद्ध बनेगा।

■ 'भरोसे के च्वाइस पटना एडिशन' में मुख्यमंत्री ने रखा विकास का विजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बिहार के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग दो हजार वर्ष पहले बिहार ज्ञान, संस्कृति, शासन और सभ्यता का प्रमुख केंद्र था। इस धरती ने देश को स्वर्णिम युग प्रदान किया और लंबे समय तक राष्ट्र को दिशा देने का कार्य किया। एक बार फिर से बिहार की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक गौरव से प्रेरणा लेकर राज्य को विकास के शिखर तक पहुंचाने का समय आ गया है। सम्राट चौधरी ने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य के विकास की मजबूत नींव रखी थी। हालांकि, वर्ष 1962 से 1990 के बीच राजनीतिक अस्थिरता के कारण विकास की गति प्रभावित हुई, लेकिन अब राज्य सरकार दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से बिहार को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पेशेवर वर्ग, विशेषकर चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, स्टॉक मार्केट विशेषज्ञ और वित्तीय सलाहकारों से बिहार के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने




कहा कि यदि इन विशेषज्ञों का अनुभव और ज्ञान राज्य के विकास में लगे, तो बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार की लगभग 85 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किया गया है। उन्होंने दावा किया कि आज बिहार देश के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण सड़क नेटवर्क वाले राज्यों में शामिल है। सम्राट चौधरी ने एक महत्वाकांक्षी योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य सरकार 12 नई आधुनिक टाउनशिप विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। लगभग 6 लाख 25 हजार एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इन परियोजनाओं में करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। इन टाउनशिप में औद्योगिक कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल पार्क, आधुनिक आवासीय क्षेत्र, स्वास्थ्य सुविधाएं, शैक्षणिक संस्थान और अन्य बुनियादी ढांचे विकसित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण की स्थिति में प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

अब उद्योग स्थापित करने के लिए नगर निकायों और अग्निशमन विभाग से आवश्यक अनुमतियां 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि निर्धारित समयसीमा में आवेदन का निष्पादन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और राज्य में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलेगी।

# केंद्रीय मंत्री निषाद ने आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियां गिनाईं

सुपौल। केंद्रीय मंत्री राज भूषण निषाद ने सुपौल स्थित अतिथि गृह में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार और भारत की वैश्विक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनविश्वास के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लक्ष्य पर लगातार काम किया है। प्रेस वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी पहल के माध्यम से करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है। डिजिटल गवर्नेंस और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए पारदर्शिता बढ़ी है तथा फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगाकर सरकारी धन की बचत की गई है। उन्होंने ने कहा कि ग्रामीण विकास, सिंचाई, सड़क, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भारतनेट, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों और रेलवे के विद्युतीकरण जैसी परियोजनाओं को देश की प्रगति का आधार बताया गया।प्रेस वार्ता में महिलाओं, किसानों, युवाओं और जनजातीय समाज के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया गया। लखपति दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा और मुद्रा योजना जैसी पहलों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी जिक्र किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, नए संसद भवन, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, पंचतीर्थ, जनजातीय गौरव दिवस और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ समिति का पुनर्गठन, डॉ. पी. एल. गौतम बने अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने कृषि जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग से जुड़े मामलों में विशेषज्ञ सलाह देने के लिए कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ समिति का एक वर्ष के लिए पुनर्गठन किया है। पर्यावरण मंत्रालय ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि समिति के अध्यक्ष के रूप में पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ पी एल गौतम को नियुक्त किया गया है। डॉ. गौतम पूर्व में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण और पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (पीपीवीएफआरए) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पीपीवीएफआरए के वर्तमान अध्यक्ष समिति के सह-अध्यक्ष होंगे। एनबीए के अनुसार, वर्ष 2005 से कार्यरत यह समिति कृषि आनुवंशिक संसाधनों, बीजों के निर्यात, लाभ-साझाकरण (एबीएस), पारंपरिक पौध प्रजनन और जैविक संसाधनों से जुड़े अनुसंधान सहयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव देती रही है। समिति की सिफारिशों ने जैव विविधता संरक्षण और कृषि अनुसंधान के बीच संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। पुनर्गठित समिति में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, नेशनल इनोवेशन फ़ाउंडेशन और नलसार विधि विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं।

### चंडीगढ़ में ड्यूटी के दौरान सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**चंडीगढ़।** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-1 स्थित एक क्लब में ड्यूटी के दौरान एक सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय राधेश्याम के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और वर्तमान में चंडीगढ़ के दड़वा गांव में किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में उसकी हृदयाघात से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### चंडीगढ़ पंजाब में बारिश से बदला मौसम, तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरावट

**चंडीगढ़।** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पंजाब में शनिवार को कई जिलों में बादल छाने और बारिश होने से मौसम का मिजाज बदल गया। जालंधर में तेज बारिश दर्ज की गयी, जबकि पठानकोट में सुबह से घने बादल छाये रहने के कारण अंधेरे जैसी स्थिति रही। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतम तापमान में 5.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे तापमान सामान्य से 6.2 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

### एजीटीएफ ने बठिंडा में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार दो देसी पिस्तौल, कारतूस बरामद

**बठिंडा।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बठिंडा में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देसी .32 बोर पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी फिरोजपुर क्षेत्र में सक्रिय एक जेल में बंद गैंगस्टर द्वारा संचालित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वे हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम से संबंधित कई मामलों में शामिल रहे हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने दिवंगत निशानेबाज जसपाल राणा को अर्पित की श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पद्मश्री एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज जसपाल राणा के देहरादून आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्व. जसपाल राणा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की।

### देहरादून का युवा बना तीसरी पीढ़ी का एयर वॉरियर

**देहरादून।** देहरादून के एक युवा ने आज भारतीय वायु सेना में 'प्रेसिडेंट कमीशन' और अपने खास 'विंग्स' हासिल करके तीसरी पीढ़ी के फौजी के तौर पर अपनी पहचान बनाई। बहुत से बच्चों की तरह, आर्यन पुंडीर भी कभी आसमान को हैरानी से देखा करते थे। लेकिन ज़्यादातर बच्चों से अलग, उन्होंने सिर्फ़ उड़ने का ही नहीं, बल्कि फाइटर जेट उड़ाने का सपना देखा था। भारतीय वायु सेना के अधिकारी के बेटे के तौर पर उनकी परवरिश में ही एविएशन (हवाई उड़ान) के प्रति लगाव बस गया था। मिलिट्री सर्विस और एविएशन के माहौल में पले-बढ़े आर्यन ने कम उम्र में ही अपने भविष्य का साफ़ लक्ष्य तय कर लिया था। वर्दी पहनकर देश की सेवा करने के पक्के इरादे के साथ, उन्होंने भविष्य के मिलिट्री लीडर्स को ट्रेनिंग देने वाले सबसे बड़े संस्थान, नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में जाने का लक्ष्य बनाया। ज़बरदस्त लगन और तैयारी दिखाते हुए, उन्होंने बहुत मुश्किल माने जाने वाले 'सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड' (एसएसबी) एग्जाम को पहली ही बार में पास किया और एनडीए के 147वें कोर्स में एयर फ़ोर्स कैडेट के तौर पर शामिल हुए। एनडीए में अपने तीन साल के दौरान, आर्यन ने कड़ी मिलिट्री, एकेडमिक और फिजिकल ट्रेनिंग पूरी की। कैंप, ड्रिल और ज़बरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग के मुश्किल शेड्यूल ने उनके लीडरशिप गुणों को निखारा, उनके चरित्र को मज़बूत किया और उनकी प्रोफ़ेशनल काबिलियत को बढ़ाया। ड्रिल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रतिष्ठित 'सर्टिफिकेट ऑफ़ प्रोफिशिएंसी' मिला; यह सम्मान उन कैडेट्स को दिया जाता है जो मिलिट्री तौर-तरीकों और ड्रिल में शानदार स्टैंडर्ड दिखाते हैं। सफल ट्रेनिंग के बाद, आर्यन डुंडीगल स्थित एयर फ़ोर्स एकेडमी गए, जहाँ उन्होंने मिलिट्री एविएटर बनने की अपनी यात्रा जारी रखी। 'प्रेसिडेंट कमीशन' और 'विंग्स' मिलने के साथ, उन्होंने मिलिट्री एविएशन में करियर बनाने की दिशा में एक अहम मुकाम हासिल किया है। आर्यन की यह कामयाबी देश के प्रति सेवा और समर्पण की गौरवशाली विरासत को दिखाती है। तीसरी पीढ़ी के फौजी के तौर पर, वह कमिटमेंट, हिम्मत और देशभक्ति की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और कई युवा उम्मीदवारों को अपने सपनों को पूरा करने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# केंद्र की सहायता से बिहार में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार : संजय सरावगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और बिहार में डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से राज्य विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। आज बिहार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और हर क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच बिहार को केंद्र सरकार से लगभग 9.23 लाख करोड़ रुपये की सहायता एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है, जो पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासनकाल की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। यह राशि बिहार के आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य हुए हैं। ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क 1.2 लाख किलोमीटर तक पहुंच चुका है। राज्य में पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर, आमस-दरभंगा, गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया तथा वाराणसी-गया-कोलकाता सहित छह बड़े एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर काम हो रहा है, जिससे बिहार की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। रेल क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार को रेल अवसंरचना विकास के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं। राज्य के 198 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्रीय विकास



को बल मिलेगा। शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि शिक्षा बजट बढ़कर 77,690 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। राज्य में लगभग 94 हजार विद्यालय संचालित हैं और छह लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति एवं सेवाएं शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना रही हैं। हर पंचायत में उच्च विद्यालय की स्थापना की दिशा में कार्य हुआ है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 2 से बढ़कर 38, पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या 13 से बढ़कर 46 तथा आईटीआई संस्थानों की संख्या 23 से बढ़कर 152 हो गई है। कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 76 लाख किसानों को लाभ मिला है। नौ लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। मखाना को जीआई टैग मिलने, राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन तथा कोसी-मेची सिंचाई लिंक परियोजना जैसी पहलों से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। संजय सरावगी ने स्पष्ट कहा कि बिहार आज निवेशकों की पसंदीदा भूमि बन रहा है। बिहार इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए हैं।

### स्ट्रीट फूड वेंडर्स को मिलेगा एफओएसटीएसी प्रशिक्षण

हरिद्वार। जनपद में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एफओएसटीएसी कार्यक्रम के तहत लगभग 750 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सहायक आयुक्त खाद्य संरक्षण एवं औषधि महिमानन्द जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 से 11 जून को हरिद्वार क्षेत्र में कई प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में फूड वेंडर्स ने भाग लिया। वहीं 13 से 15 जून तक शेष विक्रेताओं को विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक प्रशिक्षण बैच में करीब 50-50 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को शामिल किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें खाद्य स्वच्छता, सुरक्षित भोजन निर्माण, व्यक्तिगत हाइजीन, साफ-सफाई, ग्राहक सुरक्षा, स्वच्छ जल के उपयोग, कचरा प्रबंधन और स्वच्छ बर्तनों के प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है।

# गणना प्रपत्रों का 17 जून तक शत-प्रतिशत वितरण करें : एडीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। जनपद में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को निर्धारित समयसीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एफ.आर. चौहान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी), तहसीलदारों (सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) तथा अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप 17 जून, 2026 तक गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विधानसभा क्षेत्रों एवं मतदान केंद्रों पर प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्ययोजना तैयार कर अभियान में तेजी लाएं। साथ ही कम प्रगति वाले बूथों की दैनिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कार्मिकों एवं संसाधनों का उपयोग कर लक्ष्य प्राप्त किया जाए। बैठक में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे डिजिटाइजेशन कार्य की भी समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन बूथों पर डिजिटाइजेशन कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां इसे तत्काल शुरू किया जाए तथा गणना प्रपत्रों के वितरण के साथ-साथ डिजिटाइजेशन कार्य में भी अपेक्षित गति लाई जाए, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित समय में पूर्ण हो सके। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से संचालित यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# भागलपुर में नाले की उंचाई ने बढ़ाई मुश्किलें, घरों में घुसेगा पानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। भागलपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में जलजमाव से राहत दिलाने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से नालों का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण के दौरान अपनाई जा रही डिजाइन और तकनीकी मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई जगह नालों पर लंबे स्लैब ढाल दिए गए हैं, जबकि पानी की निकासी के लिए पर्याप्त सुराख नहीं छोड़े गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है, इससे बारिश के दौरान पानी के नाले तक पहुंचने में बाधा आ सकती है और सड़कों पर जलजमाव की समस्या बढ़ सकती है। सबसे खराब स्थिति वार्ड संख्या 34 अंतर्गत भीखनपुर के आनंदबाग मोहल्ले के है। जहां नाला निर्माण को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क के बीचों-बीच बनाए गए नाले ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि यह निर्माण राहत देने के बजाय उनके लिए नई मुसीबत बन गया है। लोगों का आरोप है कि नाले का निर्माण सड़क से करीब तीन फीट ऊंचा बनाया गया है। इससे घरों के सामने दीवार जैसी स्थिति बन गई है। लोगों का कहना है कि अब घरों से निकलना और वाहनों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं नाले की उंचाई अधिक होने के कारण घरों का पानी भी निकलना मुश्किल होगा। उल्टा नाले का पानी घरों में प्रवेश करेगा। सबसे अधिक दिक्कत बारिश के दिनों में होगी। यह मोहल्ला टापू बनकर रह जाएगा। बारिश का पानी हर घर में प्रवेश करेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान ही उन्होंने इसका विरोध किया था, लेकिन उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों में बदली देश की तस्वीर और तकदीर : आनंद मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे ''12 साल बेमिसाल'' अभियान के तहत शनिवार को सीवान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं बक्सर विधायक आनंद मिश्रा ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई विकास यात्रा ने देश की तस्वीर ही नहीं, बल्कि तकदीर भी बदल दी है। जनता के अटूट विश्वास के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की सेवा कर रहे हैं. केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। आनंद मिश्रा ने जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत,




प्रधानमंत्री आवास योजना, जन औषधि केंद्र, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाओं को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बन चुका है तथा 5जी नेटवर्क देश के अधिकांश हिस्सों तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों, मेट्रो रेल, एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्गों और उड़ान योजना ने देश की कनेक्टिविटी को नई गति दी है। वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान, पीएलआई योजना और सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे प्रयासों से भारत विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत मोबाइल निर्माण और तकनीकी उत्पादन का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई ने देश की सुरक्षा को मजबूत किया है। रक्षा उत्पादन और ब्रह्मोस मिसाइल जैसे उत्पादों के निर्यात से भारत वैश्विक स्तर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प शीघ्र ही साकार होगा और भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपनी भूमिका और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे.बिहार विधान परिषद सदस्य सच्चिदानंद राय ने भी केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में हुए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नन्दप्रसाद चौहान, लालबाबू कुशवाहा, अनुराधा गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, कुन्दन सिंह, देवेंद्र गुप्ता, भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक अजित कुमार लालबाबू तिवारी सौमिल उपाध्याय सहीत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### मानसून से पूर्व सभी तैयारियां हो पूरी : कौशिक

पौड़ी गढ़वाल। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री मदन कौशिक ने शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जनपद में संचालित आपदा प्रबंधन कार्यों, आगामी मानसून की तैयारियों तथा नीलकंठ यात्रा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। जनपद मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। बैठक में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जनपद में आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अहेतुक सहायता वितरण, आपदा न्यूनीकरण योजनाओं तथा विभागीय स्तर पर की जाने वाली आवश्यक तैयारियों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जनपद के संवेदनशील गांवों एवं संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जा चुका है व राहत एवं पुनर्वास केंद्रों के लिए भवन भी निर्धारित कर दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर लैंडस्लाइड जोन चिन्हित किए गए हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063